CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम : 07°C

मुरादाबाद, रविवार 28 दिसम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 134 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | पौष शुक्ल पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 | 7 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



'धुरंधर' सबसे अधिक कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बनी — बॉलीवुड



इंग्लैंड की बॉक्सिंग डे टेस्ट में ऐतिहासिक जीत ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराया — खेल टाइम्स

# हवा गंभीर श्रेणी की दहलीज पर पहुंची

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में हवा की गति सुस्त और दिशा बदलने के कारण शनिवार को हवा गंभीर श्रेणी की दहलीज पर पहुंच गई। ऐसे में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 385 दर्ज किया गया। यह हवा की बेहद खराब श्रेणी है। इसमें शुक्रवार की तुलना में 53 सूचकांक की वृद्धि दर्ज की गई।

दूसरी ओर, एनसीआर में नोएडा की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां एक्यूआई 409 दर्ज किया गया, यह हवा की गंभीर श्रेणी है। वहीं, गाजियाबाद में 404, ग्रेटर नोएडा में 395 और गुरुग्राम में 299 एक्यूआई दर्ज किया गया। इसके अलावा, फरीदाबाद की हवा सबसे साफ रही। यहां सूचकांक 249 दर्ज किया गया। यह हवा की खराब श्रेणी है।



■ **नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद ने दिल्ली को प्रदूषण में छोड़ा पीछे, फरीदाबाद सबसे साफ**

## यूपी के 68 जिलों में घना कोहरा

**नई दिल्ली।** हिमालय में लगातार हो रही बर्फबारी से मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ गई है। यूपी के 68 जिलों में घना कोहरा छाया है। इसके चलते 10 मीटर तक देखना भी मुश्किल हो रहा है। वहीं, मध्य प्रदेश के 31 शहरों में पारा 5 डिग्री से 8 डिग्री के बीच रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने शनिवार को यूपी के 68 जिलों में शीतलहर अलर्ट जारी किया है। इस दौरान कोहरा इतना घना होगा कि विजिबिलिटी शून्य तक पहुंच सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक श्रीनगर में शुक्रवार रात को न्यूनतम तापमान माइनस 2.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज और सोनमर्ग में न्यूनतम तापमान माइनस 5.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, बिहार के कई शहरों में तापमान 10 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया।




## संक्षिप्त समाचार

### सहारनपुर में पेड़ से टकराई तेज रफ्तार कार, चार लोगों की मौके पर मौत

**सहारनपुर-ब्यूरो।** बेहट में शाकंभरी रोड पर धर्म सिंह जगदीश सिंह महाविद्यालय के सामने मोड़ पर पेड़ से कार टकरा गई। इसमें दो सगे भाइयों समेत चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इनमें से तीन की पहचान की जा चुकी है, जबकि एक की पहचान करने में पुलिस लगी है। शनिवार को चिलकाना के गांव तिडफवा निवासी विजय अपने भाई डा. मनीष व दो अन्य साथियों के साथ बेहट की तरफ जा रहे थे। शाकंभरी रोड पर धर्म जगदीश सिंह महाविद्यालय के सामने घूम पर पहले कार अनियंत्रित होकर लोहे के एंगल से टकराई। उसके बाद सड़क किनारे पेड़ में जा लगी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में विजय, डा. मनीष निवासी तिडफवा थाना चिलकाना, जितेंद्र निवासी महमूदपुर तिवाई थाना गागलहेड़ी की मौत हो गई। चौथे मृत व्यक्ति की जेब से रामू हलवाई लिखी पर्ची मिली है। पुलिस उसकी पहचान करने में जुटी हुई है। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई थी। जिसने भी यह हादसा देखा, वह सिहर उठा।

### राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन ने 45 करोड़ रुपये की राशि वापस दिलवाई

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन ने देशभर में उपभोक्ताओं की शिकायतों के प्रभावी, समयबद्ध और मुकदमेबाजी से पहले निवारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए आठ महीनों में 31 क्षेत्रों में 45 करोड़ रुपये की राशि उपभोक्ताओं को वापस दिलवाई है। ई-कॉमर्स क्षेत्र में सबसे अधिक 32 करोड़ रुपये और यात्रा तथा पर्यटन क्षेत्र में साढ़े तीन करोड़ रुपये की राशि वापस दिलवाई गई है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने शनिवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि हेल्पलाइन ने इस वर्ष 25 अप्रैल से 26 दिसम्बर तक आठ महीने की अवधि के दौरान 31 क्षेत्रों में राशि वापस दिलवाने के दावों से संबंधित 67,265 उपभोक्ता शिकायतों का समाधान करते हुए 45 करोड़ रुपये की राशि के वापस दिलवाई है। ई -कॉमर्स क्षेत्र में शिकायतों और वापस दिलवाई गई राशि सबसे अधिक दर्ज की गई जिसमें 39,965 शिकायतों के परिणामस्वरूप 32 करोड़ रुपये की राशि वापस दिलवाई गई।

# देशव्यापी मनरेगा बचाओ अभियान चलाएगी कांग्रेस

## खड़गे व राहुल गांधी ने सीडब्ल्यूसी की बैठक के बाद किया ऐलान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को खत्म करने के खिलाफ देशभर में अभियान चलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पांच जनवरी से पूरे देश में मनरेगा बचाओ अभियान शुरू करेगी। वहीं, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी खड़गे की तरह ही अपील की है।

कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक के बाद खड़गे ने बताया कि इस बैठक में कांग्रेस नेताओं ने मनरेगा को बचाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि पार्टी इस मुद्दे पर जनता के बीच जाएगी और सरकार के फैसले का विरोध करेगी। खड़गे ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं है, बल्कि यह संविधान की ओर से दिया गया काम करने का अधिकार है। इसे कमजोर या खत्म करना गरीबों और मजदूरों के अधिकारों पर सीधा हमला है। उन्होंने यह भी कहा कि मनरेगा को खत्म करने के फैसले से लोग नाराज हैं और सरकार को इसके नतीजे भुगतने पड़ेंगे। खड़गे के अनुसार, कांग्रेस इस मुद्दे पर चुप नहीं बैठेगी और लोकतांत्रिक तरीके से विरोध जारी रखेगी। खड़गे ने कहा कि मनरेगा को खत्म किए जाने के खिलाफ देशव्यापी अभियान चलाने की जरूरत है।



### फैसला गरीबों और राज्यों के अधिकारों को कमजोर करता है: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि मनरेगा को खत्म करना अधिकार पर आधारिक प्रणाली और देश के संघीय ढांचे पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि यह फैसला गरीबों और राज्यों के अधिकारों को कमजोर करता है। राहुल गांधी ने कहा कि मनरेगा केवल एक रोजगार योजना नहीं थी, बल्कि यह एक विकास का ढांचा था, जिसकी सराहना पूरी दुनिया में की गई थी। इस योजना ने ग्रामीण भारत को मजबूती दी और लोगों को सम्मान के साथ काम करने का अधिकार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने बिना अपने मंत्रिमंडल से सलाह लिए और बिना किसी अध्ययन के मनरेगा को एकतरफा तरीके से खत्म कर दिया।

## इंडिगो संकट: जांच पैनल ने 22 दिन में रिपोर्ट सौंपी

**नई दिल्ली।** इंडिगो में बड़े पैमाने पर फ्लाइट कैंसिलेशन की जांच करने वाले पैनल ने अपनी रिपोर्ट एविएशन रेगुलेटर डीजीसीए को सौंप दी है।

इस कमेटी को 22 दिन पहले 5 दिसम्बर को बनाया गया था। हालांकि रिपोर्ट्स में क्या लिखा है, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है।

■ **सरकार ने गोपनीय रखी**

एक रिपोर्ट के मुताबिक डीजीसीए के एक अलग सिस्टमैटिक रिव्यू यानी एक तरह की जांच में कहा गया है कि इंडिगो ने नवम्बर में अपने 307 एयरबस- विमानों के बेड़े को चलाने के लिए 4,575 पायलटों को नियुक्त किया था।

## दिल्ली में ऑपरेशन आघात 3.0 के तहत 285 लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की साउथ ईस्ट डिस्ट्रिक्ट टीम ने 'ऑपरेशन आघात 3.0' के तहत शुक्रवार रात को 285 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। डीसीपी हेमंत तिवारी के मुताबिक इस अभियान में एक्साइज एक्ट, एनडीपीएस एक्ट और जुआ अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई। इसके अलावा 504 लोगों को एहतियाती कार्रवाई के तहत पकड़ा गया और 116 बदमाश की धरपकड़ की गई है। अभियान में 10 प्रॉपर्टी ऑफेंडर और 5 ऑटो लिफ्टर भी गिरफ्तार किए गए। पुलिस ने 21 सीएमपी, 20 जिंदा कारतूस और 27 चाकू बरामद किए।

# सेना के फायरिंग अभ्यास में बम विस्फोट, चार जवान घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**सडोली कदीम/बेहट (सहारनपुर)।** सेना के फायरिंग अभ्यास के दौरान बम विस्फोट हो गया। हादसे में सेना के 4 जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से बटालियन में हड़कंप मच गया।

सेना के आला अफसर घायलों को आनन-फानन में बेहट सीएचसी ले गए, जहां उनकी हालत को गंभीर मानते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

■ **घटना से बटालियन में हड़कंप मचा**

घटना थाना मिर्जापुर इलाके की शिवालिक वन प्रभाग की बड़कला रेंज की है। यहां सेना के जवानों की एक बटालियन अभ्यास के लिए आई हुई है। बताया जाता है कि शनिवार की देर शाम सैन्य अभ्यास के दौरान एक बम में विस्फोट हो गया, जिसकी चपेट में आने से सेना के जवान दीपक, सुरेश, परवीन और पवित्र घायल हो गए।

# टाली शादी की तारीख, तो लगा दिया दुष्कर्म का आरोप, अब सजा हुई रद्द

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दुष्कर्म के एक मामले में बड़ा और अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने 10 साल की सजा काट रहे एक व्यक्ति की दोषसिद्धि और सजा दोनों को रद्द कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि यह मामला सहमति से बने रिश्ते का था, जिसे गलतफहमी के कारण आपराधिक रंग दे दिया गया। यह फैसला उस अपील पर आया, जिसमें आरोपी ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के अप्रैल 2024 के आदेश को चुनौती दी थी। ट्रायल कोर्ट ने आरोपी को दोषी मानते हुए 10 साल की सश्रम कारावास और 55 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई थी। हाईकोर्ट ने सजा निलंबन की अर्जी खारिज कर दी थी। इसके बाद आरोपी सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, जहां पूरे मामले की नए सिरे से समीक्षा हुई। पीठ ने कहा कि जब मामला सुप्रीम कोर्ट के सामने आया, तो तथ्यों को देखते हुए अदालत को यह छठी इंद्रिय से महसूस हुआ कि दोनों पक्षों को फिर से साथ लाया जा सकता है। अदालत ने आरोपी और महिला से उनके माता-पिता की मौजूदगी में बातचीत की। इसके बाद दोनों ने शादी का फैसला लिया और जुलाई 2025 में विवाह कर लिया।

■ **सुप्रीम कोर्ट ने दुष्कर्म मामले में बड़ा और अहम फैसला सुनाया**

# दिग्विजय ने की मोदी व आडवाणी की तस्वीर की तारीफ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह शनिवार को कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्यूसी) की बैठक शुरू होने से ठीक पहले अचानक चर्चा में आ गए।

कारण है उनका सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किया गया पोस्ट, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी की एक पुरानी तस्वीर साझा की। इस तस्वीर में पीएम मोदी लालकृष्ण आडवाणी के पैरों के पास बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं। तस्वीर साझा करते हुए कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने लिखा कि आरएसएस का एक जमीनी स्वयंसेवक और भाजपा का जमीनी कार्यकर्ता किस प्रकार नीचे बैठकर मुख्यमंत्री और फिर प्रधानमंत्री बना। उन्होंने इस तस्वीर को प्रभावशाली बताते हुए इसे संगठन की ताकत बताया। हालांकि दूसरी ओर कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक के बाद पार्टी सांसद दिग्विजय सिंह से जब पूछा गया कि क्या उन्होंने संगठन को फिर से सक्रिय करने की बात की, तो उन्होंने इस पर अपनी सफाई दी। उन्होंने कहा कि दरअसल, मैंने पार्टी संगठन की तारीफ की थी। लोगों ने मेरी बात को गलत समझा। मैं भाजपा और आरएसएस का कट्टर विरोधी हूं। बता दें कि दिग्विजय सिंह के इस पोस्ट को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चा शुरू हो गई है।

■ **कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने सफाई में कहा: मैं भाजपा और आरएसएस का घोर विरोधी**
■ **बोले- लोगों ने मेरी बातों को गलत समझा**



मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

मिरगी के लक्षण
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-आँ-आँ की आवाज आना

अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी, राहुल, प्रियंका ने प्रकाश पर्व पर दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को प्रकाश पर्व पर सिखों के दसवें एवं अंतिम गुरु गोविद सिंह को श्रद्धांजलि दी। मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- श्री गुरु गोविद सिंह जी के पावन प्रकाश उत्सव के अवसर पर हम श्रद्धापूर्वक उन्हें नमन करते हैं। वे साहस, करुणा और बलिदान के प्रतीक हैं। दसवें सिख गुरु, श्री गुरु गोविद सिंह जी भारतीय इतिहास में उनके योगदान के लिए अत्यंत पूजनीय हैं। उनकी शिक्षाएं सत्य और न्याय के लिए खड़े होने तथा मानव गरिमा की रक्षा करने पर बल देती हैं। उन्होंने कहा कि श्री गुरु गोबिद सिंह जी ने हमेशा सेवा और निस्वार्थ कर्तव्य की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि हम उनके सामने श्रद्धा के साथ झुकते हैं। उनका जीवन हमें मानव सम्मान की रक्षा करने और धर्म के लिए खड़े होने की सीख देता है।

### आतंकवादियों के तीन मददगार पीएसए के तहत हिरासत में

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शनिवार को प्रदेश के शोपियां जिले में आतंकवादियों के तीन मददगारों को जन सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत हिरासत में लिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। पीएसए के लिए हिरासत में लिए गए लोगों को इस अधिनियम के तहत बिना सुनवाई के दो साल तक हिरासत में रखा जा सकता है। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए तीनों लोगों की पहचान ओवैस अहमद लोन, माशूक अहमद शाह और सबजार अहमद गनी के तौर पर की है, जो सभी शोपियां के रहने वाले हैं। पुलिस ने कहा कि हिरासत में लिए गए लोग बार-बार राज्य की सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने वाली गति. विधियों में शामिल पाए गए।

# बड़ी संख्या में वोटर कटने से भाजपा में मची कलह

## चुनाव में दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाएगी बीजेपी: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को दावा किया कि उत्तर प्रदेश भाजपा में उभरा आपसी टकराव किसी कथित 'विद्रो. ही बैठक' का परिणाम नहीं, बल्कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान बड़ी संख्या में वोटरों के नाम कटने की सूचना से उपजा है।

यादव ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि एसआईआर में लगभग 2.89 करोड़ मतदाताओं के नाम हटाए जाने की सूचना पहले ही भाजपा विधायकों के बीच प्रसारित हो चुकी है। उन्होंने दावा किया कि इनमें से 85.90 प्रतिशत मतदाता मुख्यमंत्री के अपने समर्थक बताए जा रहे हैं। सपा अध्यक्ष ने कहा कि यदि 2.89 करोड़ का 85 प्रतिशत भी माना जाए तो यह संख्या करीब 2.45 करोड़ बैठती है, जिसका प्रभाव प्रदेश की 403 विधानसभा सीटों पर औसतन लगभग 61 हजार मत प्रति सीट के रूप में पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस स्थिति में भाजपा हर सीट पर आनुपातिक रूप से भारी नुकसान में रहेगी और चुनाव में दहाई का आंकड़ा भी पार करना मुश्किल होगा। यही कारण है कि भाजपा के भीतर आरोप- प्रत्यारोप, खुले नोटिस और सार्वजनिक बयानबाजी जैसी स्थितियां सामने आ रही हैं। यादव ने कहा कि भाजपा विधायक अलग-अलग बैठकें कर यह संदेश दे रहे हैं कि सरकार, संगठन और सहयोगी दल उनकी बात नहीं सुन रहे, जिससे उनके क्षेत्रीय काम प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव से पहले होने वाले कामकाज आधारित मूल्यांकन सर्वे में ऐसे विधायक असफल साबित होंगे। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा में कुछ गिने-चुने लोगों के कथित भ्रष्टाचार का खामियाजा असंतोष से विद्रोह के स्तर तक पहुंचे नेताओं को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर की प्रक्रिया ने भाजपा को उसी संकट में धकेल दिया है, जिसे उसने खुद पैदा किया है।

# यूपी में 1.75 करोड़ रुपये से जलेंगे अलाव

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ ठंड से बचाव के लिए सरकार का बड़ा प्लान, बनाए गए 1247 रैन बसेरे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पड़ रही भीषण शीतलहर और घने कोहरे को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आमजन को राहत पहुंचाने के लिए व्यापक और सुनियोजित व्यवस्थाएं की हैं। सभी जनपदों में रैन बसेरा, अलाव और कंबल वितरण की व्यवस्था को पूरी तरह सक्रिय कर दिया गया है, ताकि ठंड से किसी भी नागरिक को असुविधा न हो।

प्रदेश सरकार ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि शीतलहर के दौरान कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति ठंड से पीड़ित न रहे। जिला प्रशासन, नगर निकाय और संबंधित विभागों को पूरी संवेदनशीलता के साथ राहत कार्यों को संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने प्रेस नोट के माध्यम से बताया कि प्रदेशभर में अब तक 1247 रैन बसेरे स्थापित किए जा चुके हैं। इन रैन बसेरों में 9949 जरूरतमंद लोग अब तक आश्रय ले चुके हैं। जिला प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि रैन बसेरों में साफ-सफाई, गर्म पानी, प्रकाश और सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। प्रदेश सरकार की ओर से कंबल वितरण को प्राथमिकता दी गई है। पिछले 03 वर्ष में औसतन 10,65,889 कंबलों की खरीद की गई है। इस पर लगभग 44.38 करोड़ रुपये की औसत धनराशि व्यय हुई है।

चालू व्यवस्था के अंतर्गत सभी जनपदों को 17.55 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की जा चुकी है। 75 जनपदों द्वारा कंबल खरीद के लिए क्रयादेश जारी किए जा चुके हैं। इनमें से 75 जनपदों में 3,78,884 कंबलों की आपूर्ति पूर्ण हो चुकी है। अब तक सभी जनपदों द्वारा 1,40,364 कंबलों का वितरण जरूरतमंदों को किया जा चुका है, शेष कंबलों का वितरण किया जा रहा है। ठंड से बचाव के लिए सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने की भी व्यापक व्यवस्था की गई है। सभी जनपदों को अलाव जलाने के लिए 1.75 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की गई है। जनपदों में प्रतिदिन जलाए जा रहे अलावों की स्थिति की नियमित फीडिंग राहत पोर्टल पर की जा रही है, जिससे शासन स्तर पर सतत निगरानी बनी रहे। कोहरे के कारण होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव के लिए सरकार की ओर से तकनीक का भी व्यापक उपयोग किया जा रहा है। राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा सचेत एप एवं वेब पोर्टल के माध्यम से अब तक 33.27 करोड़ अलर्ट एसएमएस जारी किए जा चुके हैं। ये संदेश प्रभावित जनपदों के अधिकारियों के साथ-साथ आम जनमानस को भी भेजे गए हैं। इसके अतिरिक्त संबंधित विभागों जैसे यूपीडा, एनएचएआई और पीडब्ल्यूडी द्वारा जिलाधिकारियों एवं जिला पुलिस को ई-मेल के माध्यम से कोहरे से संबंधित अलर्ट लगातार जारी किए जा रहे हैं।

## वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के सम्मेलन में बोले सीएम योगी

# कानून-व्यवस्था पर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाएं

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सुशासन की बुनियाद मजबूत कानून-व्यवस्था पर टिकी, जनता की सुरक्षा अधिक मजबूत की जाए

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा भविष्य की चुनौतियों से निपटने की रणनीति तय करने के उद्देश्य से लखनऊ में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का दो दिवसीय सम्मेलन शनिवार से शुरू हो गया। पहले दिन सम्मेलन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिरकत की और प्रदेश की कानून-व्यवस्था की उच्चस्तरीय समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने बीते 7-8 वर्षों में उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा किए गए सुधारों, नवाचारों और सख्त कार्रवाई की समीक्षा की। बैठक में सुरक्षा, सुशासन और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर व्यापक मंथन किया गया। सम्मेलन में प्रदेश में पुलिसिग को लेकर बदली हुई धारणा, कानून- व्यवस्था में आए ठोस सुधार और अपराध नियंत्रण के लिए अपनाई गई रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा हुई। वरिष्ठ अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष बीते वर्षों में लागू किए गए तकनीकी और प्रशासनिक नवाचारों की प्रस्तुति दी। बैठक का एक प्रमुख एजेंडा भविष्य की पुलिसिग के लिए स्पष्ट रोडमैप तैयार करना रहा। इसमें संगठित अपराध, साइबर क्राइम, महिला सुरक्षा, साम्प्रदायिक सौहार्द, त्वरित न्यायिक प्रक्रिया और आधुनिक तकनीक के उपयोग जैसे विषयों पर विशेष फोकस किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति को और सख्ती से लागू किया जाए तथा जनता में सुरक्षा की भावना और अधिक मजबूत की जाए। उन्होंने कहा कि सुशासन की बुनियाद मजबूत कानून-व्यवस्था पर टिकी होती है। सम्मेलन में यह भी चर्चा हुई कि वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश के सामने कानून-व्यवस्था को लेकर कौन-कौन सी चुनौतियां हैं और उनसे निपटने के लिए पुलिस को किस प्रकार खुद को और सक्षम बनाना होगा। सम्मेलन के अंत में प्रदेश में भविष्य की पुलिसिग को लेकर एक स्पष्ट और प्रभावी रोडमैप तैयार किए जाने पर सहमति बनी, जिससे उत्तर प्रदेश को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और अपराध मुक्त राज्य बनाने की दिशा में कदम और तेज किए जा सकें।

### गुरु गोबिन्द सिंह जी के प्रकाश पर्व पर मुख्यमंत्री योगी ने दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खालसा पंथ के संस्थापक, महान संत एवं धर्मयोद्धा गुरु श्री गोबिन्द सिंह जी महाराज के पावन प्रकाश पर्व पर उन्हें कोटि-कोटि नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु गोबिन्द सिंह जी साहस, त्याग और धर्मरक्षा की प्रतिमूर्ति थे। अन्याय और अधर्म के विरुद्ध उनका संघर्ष संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणाोत है। योगी ने कहा कि गुरु गोबिन्द सिंह जी का जीवन और संदेश सत्य, निष्ठा एवं निर्भीकता के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है। उनका योगदान भारतीय संस्कृति और सनातन मूल्यों की रक्षा में सदैव स्मरणीय रहेगा।

# पार्टी विधायकों की जातिगत बैठकों पर सख्त हुई भाजपा

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने संगठन के भीतर बढ़ती जातिगत गतिविधियों पर सख्ती दिखाते हुए अनुशासन मजबूत करने की पहल की है।

हाल के दिनों में पार्टी के भीतर अलग-अलग जातीय समूहों की बैठकों को लेकर नेतृत्व में असहजता देखी जा रही है। इसका ताजा कारण शीतकालीन सत्र के दौरान गोमतीनगर स्थित एक भाजपा विधायक के आवास पर पार्टी के 50 से अधिक ब्राह्मण विधायकों की बंद कमरे में हुई बैठक है, जिसे भोज के नाम पर आयोजित किया गया था। इस बैठक को लेकर नवनियुक्त प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कड़ा रुख अपनाया है। दरअसल अगस्त में मानसून सत्र के दौरान भाजपा के करीब 50 ठाकुर विधायकों की भी इसी तरह की बैठक हुई थी। लगातार हो रही ऐसी बैठकों को लेकर पार्टी नेतृत्व को आशंका है कि यदि इन्हें रोका नहीं गया, तो ये संगठित दबाव समूह का रूप ले सकती हैं और पार्टी की समावेशी राजनीति की छवि को नुकसान पहुंचा सकती हैं। पंकज चौधरी ने बिना किसी बैठक का नाम लिए स्पष्ट चेतावनी दी कि भविष्य में किसी भी प्रकार की जाति-आधारित बैठक को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भाजपा 'परिवार या जाति आधारित राजनी. ति' में विश्वास नहीं रखती। पंकज चौधरी ने कहा कि जो भी गतिविधि पार्टी की समावेशी विचारधारा को कमजोर करती है, उसे पार्टी संविधान के तहत अनुशासनहीनता माना जाएगा।



सेंसेक्स 85408.70
निफ्टी 26142.10



सोना रु. 138320
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 234000
प्रति किलो



# सुधारों से 2025 में आगे बढ़ी देश की अर्थव्यवस्था

नई दिल्ली, वार्ता



समाप्ति की ओर अग्रसर वर्ष 2025 भारतीय अर्थव्यवस्था में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर प्रणाली में अभूतपूर्व सुधारों का साक्षी बना और तमाम वैश्विक चुनौतियों तथा पश्चिमी सीमा पर पड़ोसी देश के साथ सैन्य टकराव के बीच लंबे समय बाद एक दुर्लभ स्थिति बनी है जहां अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण संकेतक पूरी तरह अनुकूल हैं।

इस समय दुनिया के सबसे बड़े बाजार अमेरिका में सर्वोच्च 50 प्रतिशत के आयात शुल्क का सामना कर रही भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर पिछली दो तिमा. हियों में औसतन आठ प्रतिशत के स्तर पर है। इसके साथ ही मुद्रास्फीति एक दशक के निचले स्तर पर है और रिजर्व बैंक की नीतिगत दरें भी इस साल लगातार नीचे आ रही हैं। डॉलर की तुलना में रुपये की विनिमय दर में गिरावट के बावजूद चालू खाते का घाटा सीमित है और विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब डॉलर के करीब मजबूत बना हुआ है। वैश्विक एजेंसियों और विश्लेषकों ने भारतीय अर्थव्यवस्था की इस वर्तमान स्थिति का श्रेय देश में आर्थिक सुधारों में निरंतरता और राजक. ोषीय तथा मौद्रिक नीति में तालमेल को दिया है। यही कारण है कि चालू वित्त वर्ष में प्रमुख वैश्विक रेटिंग एजेंसियों ने विदेशी ऋणों के लिए भारत की साख में सुधार किए हैं। भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। आर्थिक गतिविधियों में तेजी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के खरीद प्रबंधक सूचकांक 50 से ऊपर बने हुए हैं। दिसम्बर के पहले सप्ताह में जारी आंकड़ों के अनुसार नवम्बर में विनिर्माण क्षेत्र का पीएमआई 55.7 और सेवा क्षेत्र का 59.1 था। अगस्त में देश के सबसे बड़े निर्यात बाजार अमेरिका में भारतीय उत्पादों पर दो बार में कुल 50 प्रतिशत का दंडात्मक आयात शुल्क लगाने के बाद पूंजी और वित्त बाजार में गहरी चिता व्याप्त हो गई थी। इसके अलावा रूस-यूक्रेन युद्ध और पश्चिम एशिया के संकट के प्रभाव बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने जुलाई. सितम्बर तिमाही में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की जो जनवरी-मार्च 2024 के बाद सबसे अच्छा प्रदर्शन रहा है। घरेलू अर्थव्यवस्था में गतिविधियां पिछली चार तिमाहियों से निरंतर बढ़ रही हैं। इस साल जनवरी-मार्च में जीडीपी वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत और अप्रैल-जून में 7.8 प्रतिशत रही थी। भारत पिछले कई वर्षों से दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है। सरकार ने वैश्विक चुनौतियों के बीच घरेलू मांग को प्रोत्साहित करने वाले एक बड़े कदम के तहत 22 सितम्बर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में बड़ी कटौती का निर्णय लागू किया। जीएसटी परिषद ने तीन सितम्बर की बैठक में इस अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था में बुनियादी सुधार करते हुए इसे चार स्लैब की जगह दो स्लैब में पुनर्गठित करने का ऐतिहासिक फैसला किया।

### रिलायंस को उम्मीद, नए साल में सुलझेगा 24.7 करोड़ डॉलर का विवाद

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज ने नए साल में केजी बेसिन पर सरकार के साथ 24.7 करोड़ डॉलर का विवाद सुलझने की उम्मीद जताई है। कंपनी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इस विवाद अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता अंतिम चरण में है और साल 2026 में इस पर फैसला आ सकता है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के पास साल 2002 से केजी-डी6 ब्लॉक का परिचालन है। कंपनी ने तर्क दिया है कि उत्पादन साझेदारी अनुबंध के तहत गठित प्रबंधन समिति, जिसमें सरकार के दो प्रतिनिधि शामिल हैं, हर फैसले पर वीटो का अधिकार रखती है। कमेटी की पूर्व स्वीकृति के बिना न तो कोई खर्च किया जा सकता है और न ही कोई निर्णय लागू होता है। रिलायंस के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम ने इन सभी प्रक्रियाओं का पूरी तरह पालन किया है और अब तक सरकार ने कंपनी पर किसी अनियमितता का आरोप भी नहीं लगाया है।

# चावल व चीनी नरम, दालों और खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव घट गए जबकि गेहूं में कमोबेश टिकाव की स्थिति रही।

चीनी में भी नरमी देखी गई। वहीं दालों और खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 13 रुपये टूटकर 3,829 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 2,857 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटा आठ रुपये महंगा हुआ। दाल-दलहनों में चना दाल औसतन 55 रुपये और मसूर दाल 45 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। तुअर दाल भी 35 रुपये टूट गई। मूंग दाल और उड़द दाल के दाम 10.10 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 98 रुपये और वनस्पति 76 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। पाम ऑयल की कीमत 28 रुपये और सोया तेल की दो रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। मूंगफली तेल 114 रुपये और सूरजमुखी तेल दो रुपये प्रति क्विंटल फिसल गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 22 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। वहीं चीनी में पांच रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7766.52 रुपये, मसूर काली 8127.93 रुपये, मूंग दाल 10106.60 रुपये, उड़द दाल 10369.04 रुपये, तुअर दाल 10540.84 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2857.44 रुपये और चावल 3828.79 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3311.30 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4318.70 रुपये और गुड़ 5030.04 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17769.40 रुपये, मूंगफली तेल 17734.93 रुपये, सूरजमुखी तेल 15864.06 रुपये, सोया तेल 13811.80 रुपये, पाम ऑयल 12524.07 रुपये और वनस्पति 14596.38 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या नवम्बर में पहली बार डेढ़ करोड़ के पार

**नई दिल्ली।** घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या इस साल नवम्बर में सालाना आधार पर 6.92 प्रतिशत बढ़कर एक करोड़ 52 लाख 38 हजार पर पहुंच गई। यह पहली बार है, जब किसी एक महीने में डेढ़ करोड़ से अधिक लोगों ने हवाई यात्रा की है। इससे पहले अधिकतम आंकड़ा दिसम्बर 2024 में दर्ज किया गया था जब एक करोड़ 49 लाख 28 हजार लोगों ने हवाई यात्रा की थी।

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, इस साल जनवरी से नवम्बर तक 11 महीने में कुल 15 करोड़ 26 लाख 35 हजार लोगों ने हवाई यात्रा की है। यह पिछले साल की समान अवधि से 4.26 प्रतिशत अधिक है। खास बात यह है कि नवम्बर में यह रिकॉर्ड तब बना है जब इस साल दीपावली और छठ के पर्व अक्टूबर में ही समाप्त हो चुके थे, जब अमूमन मांग काफी अधिक होती है। आंकड़ों के अनुसार भरी सीटों का अनुपात (पीएलएफ) के मामले अकासा एयर 93.8 प्रतिशत के साथ पहले स्थान पर रही। इंडिगो 88.7 प्रतिशत के साथ दूसरे और स्पाइसजेट 87.7 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रही। एयर इंडिया समूह का पीएलएफ 87.5 प्रतिशत और इंडियावन एयर का 82.7 प्रतिशत रहा। यात्री संख्या के मामले में नवम्बर में इंडिगो और अकासा की बाजार हिस्सेदारी घट गई, जबकि एयर इंडिया समूह (एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस) और स्पाइसजेट की बाजार हिस्सेदारी में वृद्धि हुई। इंडिगो की बाजार हिस्सेदारी अक्टूबर के 65.6 प्रतिशत के कम होकर 63.6 प्रतिशत रह गई। एयर इंडिया समूह की हिस्सेदारी 26.7 प्रतिशत, अकासा की 4.7 प्रतिशत और स्पाइसजेट की 3.7 प्रतिशत रही।

देश के छह मेट्रो शहरों दिल्ली, बेंगलुरु, हैदराबाद, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में समय पर उड़ान भरने के मामले में अकासा एयर 72.2 प्रतिशत के साथ पहले स्थान पर रही। एयर इंडिया समूह की 69.1 प्रतिशत उड़ानें, इंडिगो की 69 प्रतिशत, अलायंस एयर की 59 प्रतिशत और स्पाइसजेट की 48.4 प्रतिशत समय पर रवाना हुईं। समय पर उड़ानों को रवाना करने के मामले में 86.4 प्रतिशत के साथ चेन्नई एयरपोर्ट पहले स्थान पर रहा। इसके बाद क्रमश: बेंगलुरु एयरपोर्ट से 78.6 प्रतिशत, हैदराबाद से 75.5 प्रतिशत, कोलकाता से 74.4 प्रतिशत, दिल्ली से 62.2 प्रतिशत और मुंबई से 50.1 प्रतिशत उड़ानें समय पर रवाना हुईं।

# एसडीएम का आदेश रद्द, 20 लाख का जुर्माना

## इलाहाबाद हाई कोर्ट बोला- जमीन के रिकॉर्ड में बदलाव अवैध

लखनऊ, वार्ता



इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने जमीन के मालिक का नाम हटाने और निर्माण ढहाने के एक मामले में सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने मालिक को सुनवाई का अवसर दिए बिना अभिलेखों से उसका नाम हटाने और जमीन पर बने ढांचे को ध्वस्त करने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए भूमि प्राधिकरण को फटकार लगाई है। कोर्ट ने एसडीएम द्वारा पारित आदेश रद्द कर दिया है, साथ ही जमीन का कब्जा याचिकाकर्ता को देने का आदेश दिया है। इसके अलावा कोर्ट ने सरकार पर 20 लाख रुपए का हर्जाना भी लगाया।

कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि मुआवजे की यह राशि याचिकाकर्ता को दो महीने के अंदर दी जाए। यही नहीं कोर्ट ने राजस्व अधिकारियों की भूमिका की जांच करने का भी आदेश दिया है।

कोर्ट ने कहा है कि यह जांच अपर मुख्य सचिव स्तर के अधिकारी द्वारा की जानी चाहिए। यह आदेश जस्टिस आलोक माथुर की सिंगल बेंच द्वारा सावित्री सोनकर की तरफ से दायर याचिका की सुनवाई करते हुए 19 दिसंबर को पारित किया गया। याचिकाकर्ता ने कहा था कि रायबरेली जिले के देवनंदनपुर गांव में खाता संख्या 431 बी की जमीन का स्वामित्व उसके नाम था और राजस्व रिकॉर्ड में भी उसके नाम दर्ज था। याचिकाकर्ता का कहना है कि इसके बावजूद संबंधित उपजिलाधिकारी (एसडीएम) ने बिना सुनवाई के राजस्व संहिता की धारा 38 के तहत 10 फरवरी को कार्रवाई की और रिकॉर्ड से उसका नाम हटा दिया गया। इसके साथ ही जमीन को ग्राम सभा की जमीन घोषित कर दिया गया। इस आदेश के आधार पर 24 मार्च को याचिकाकर्ता का निर्माण ढहा दिया गया और जमीन वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) विभाग को सौंप दी गइ। कोर्ट ने इस मामले पर सख्त रुख अपनाते हुए अपने आदेश में कहा कि रिकॉर्ड में बदलाव अवैध और मनमाने तरीके से किया गया। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता को कोई नोटिस नहीं दिया गया और न ही उसका पक्ष सुना गया। जिसके बाद कोर्ट ने एसडीएम द्वारा पारित आदेश रद्द करते हुए इस मामले में राजस्व अधिकारियों की भूमिका की जांच करने का आदेश दिया है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ प्रदर्शन

■ लखनऊ में भाजपा कार्यकर्ता सड़क पर उतरे

**लखनऊ।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिदू समुदाय, पर कथित अत्याचार के विरोध में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चे के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने लखनऊ स्थित प्रदेश मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश के अंतरिम प्रधानमंत्री यूनुस खान और कट्टरपंथी तत्वों का पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान नारेबाजी करते हुए उन्होंने बांग्लादेश में हिदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे कथित उत्पीड़न पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। प्रदर्शन में शामिल नेताओं और कार्यकर्ताओं का कहना था कि बांग्लादेश में हिदू समुदाय के खिलाफ लगातार हिसा और भेदभाव की खबरें सामने आ रही हैं, जो गंभीर चिता का विषय हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से इस मामले में कूटनीतिक स्तर पर हस्तक्षेप करने और बांग्लादेश सरकार पर उचित कार्रवाई का दबाव बनाने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि मानवाधिकारों की रक्षा सभी देशों की जिम्मेदारी है और भारत को पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित कराने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए। प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा और पुलिस-प्रशासन की मौजूदगी में संपन्न हुआ। कार्यकर्ता इशरार बेग ने कहा कि यह प्रदर्शन बांग्लादेश में हिदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ़ है। वहां के प्रधानमंत्री यूनुस खान का पुतला फूंका जा रहा है। वहां की सरकार को जल्द ही आरोपियों के खिलाफ़ सख्त कदम उठाए।

# दिनदहाड़े फायरिंग के आरोपी गिरफ्तार

## देवलोक कॉलोनी में दहशत फैलाने के मामले में पुलिस की कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** देवलोक कॉलोनी में 22 दिसंबर को हुई फायरिंग और दहशत फैलाने के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारियां दोनों पक्षों से की गई हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से अवैध तमंचे, कारतूस और घटना में इस्तेमाल की गई बाइकें बरामद की हैं। सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।



प्राप्त समाचार के अनुसार बाइस दिसंबर को पुलिस को सूचना मिली थी कि देवलोक कॉलोनी में दो गुटों के लगभग 40-50 लोग आपस में भिड़ गए थे।

आरोप है कि दोनों पक्षों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से मारपीट व तोड़फोड़ की और एक-दूसरे पर जान से मारने की नीयत से कई राउंड फायरिंग भी की।

इस घटना से इलाके में अफरा-तफरी और दहशत फैल गई थी। पुलिस के पहुंचने पर आरोपी गन्ने के खेतों में घुसकर फरार हो गए थे। उपनिरीक्षक संजीव कुमार की तहरीर पर इस मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। शहर कोतवाल धर्मेंद्र सोलंकी ने बताया कि फायरिंग कर दहशत फैलाने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अन्य नामजद और अज्ञात आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दे रही है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। पुलिस जांच में सामने आया कि यह विवाद दो युवकों के बीच पुराने झगड़े को लेकर शुरू हुआ था। देखते ही देखते यह कहासुनी बड़े फसाद में बदल गई। दोनों गुट इलाके में अपना वर्चस्व स्थापित करना चाहते थे, जिसके कारण वह आमने-सामने आ गए।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में एक पक्ष से दीपक उर्फ पठान और पंकज शामिल हैं। दूसरे पक्ष से ऋषभ, जैद उर्फ कलुवा और अभय को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इनके पास से दो बाइकें बरामद की हैं। इनकी निशानदेही पर जैन बाग मैदान से तीन अवैध तमंचे और कारतूस भी बरामद किए गए हैं।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

## पुलिस ने शव पीएम को भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नहटौर रोड पर हुए सड़क हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवा दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कंट्रोल रूम के माध्यम से धामपुर पुलिस को नहटौर रोड पर दुर्घटना होने की सूचना मिली। पुलिस द्वारा मौके पर की गई जांच में सामने आया कि ग्राम ढक्का कर्मचंद के पास नरगिस (38 वर्ष) पत्नी कासिम, निवासी आदर्श कॉलोनी शंकरपुर, थाना रामनगर, जनपद नैनीताल (उत्तराखंड) अपने पति के साथ रामनगर से नहटौर की ओर बाइक से जा रही थीं।

इसी दौरान धामपुर की ओर से आ रहे एक ट्रैक्टर के चालक ने बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में नरगिस की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि उनके पति को हल्की चोटें है। ट्रैक्टर चालक घटना के बाद वाहन सहित मौके से फरार हो गया।

पुलिस ने पंचायतनामा की कार्रवाई पूर्ण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया। अज्ञात ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और शीघ्र ही आरोपी चालक की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में निष्ठा ने जीता रजत पदक

## फाइनल में महाराष्ट्र की खिलाड़ी से होगा मुकाबला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में चल रही 45वीं जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में निष्ठा गुप्ता ने रजत पदक जीत कर प्रदेश तथा जनपद का मान बढ़ाया। निष्ठा गुप्ता की उपलब्धि से गांव में हर्ष का माहौल है।



रायपुर में आयोजित जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में कंपाउंड वर्ग में खेलते हुए निष्ठा ने स्कोरिंग राउंड में 345 तथा 348 का स्कोर किया। निष्ठा ने कुल 693 अंक बनाए। इसके बाद हुई व्यक्तिगत स्पर्धा में निष्ठा ने सभी मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में निष्ठा का मुकाबला महाराष्ट्र की खिलाड़ी तेजल से हुआ। कड़े मुकाबले में निष्ठा को 144-143 से पराजय का सामना करना पड़ा। निष्ठा ने रजत पदक जीता। निष्ठा को छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने रजत पदक प्रदान किया। निष्ठा ने अपनी जीत का श्रेय अपने कोच योगेंद्र सिंह राणा को दिया। निष्ठा की जीत से गांव में हर्ष का माहौल है।

# धामपुर में चोरी का खुलासा

## जेवरात व नकदी बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** 5 महीने पहले हुई चोरी के मामले में पुलिस ने चोरी के आभूषण व नगदी सहित एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से चोरी किए गए जेवरात और नकद रुपये बरामद किए हैं।



पुलिस के अनुसार 25 जुलाई 2025 को थाना धामपुर पर एक लिखित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ था, जिसमें अज्ञात चोर द्वारा घर में रखे जेवरात व नकदी चोरी किए जाने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया था। मामले की विवेचना के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई, जिसके आधार पर 27 दिसंबर 2025 को कार्रवाई करते हुए अभियुक्त इकरार पुत्र इस्लामुद्दीन निवासी मोहल्ला रहमतुल्ला कॉलोनी, थाना कोतवाली देहात, जनपद बिजनौर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशानदेही पर एक जोड़ी पाजेब सफेद धातु, बच्चों के कानों के सफेद धातु के कुंडल, 12,500 रुपये नकद, 17 नोट 500 रुपये के तथा 40 नोट 100 रुपये के बरामद किए गए। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर अभियोग में अन्य धाराओं की भी वृद्धि की है।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार अभियुक्त इकरार के विरुद्ध पूर्व में भी विभिन्न थानों में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार, उपनिरीक्षक मनोज कुमार सहित थाना धामपुर पुलिस के अन्य कर्मी शामिल रहे।

## एक नजर

### रोडवेज बस स्टैंड पर जेबकतरे की पिटाई



**बिजनौर।** रोडवेज बस स्टैंड परिसर में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब यात्रियों ने एक युवक को जेब काटने के आरोप में पकड़ लिया। आरोप है कि युवक भीड़ का फायदा उठाकर यात्रियों की जेबें काट रहा था। पकड़े जाने के बाद यात्रियों और आसपास मौजूद लोगों ने उसकी पिटाई कर दी। जिससे परिसर में कुछ देर के लिए हंगामा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रोडवेज परिसर में बसों का इंतजार कर रहे यात्रियों को अचानक अपनी जेब से रुपये गायब होने का शक हुआ। इसी दौरान लोगों ने नशे की हालत में एक युवक को पकड़ लिया और उससे पूछताछ करने लगे। तभी नशे की हालत में एक अन्य युवक जेबकतरा को छुड़ाने की कोशिश करने लगा। इस पर लोगों ने उसे भी जेबकतरे का साथी मानकर पीट दिया। इस घटना को लेकर मौके पर भीड़ जमा हो गई और स्थिति हंगामेदार हो गई। हालांकि, कुछ लोगों ने बीच-बचाव कर दोनों पक्षों को अलग किया और मामला शांत कराया।

### बाइक चोरी का वीडियो वायरल



**बिजनौर।** शहर कोतवाली क्षेत्र के नुमाइश ग्राउंड के पास एक बाइक चोरी का मामला सामने आया है। अज्ञात चोर ने कुछ ही सैकंड में इस वारदात को अंजाम दिया। चोरी की यह पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि चोर ने कुछ ही सैकंड में बाइक का लॉक खोला और उसे लेकर फरार हो गया। पीड़ित ने इस संबंध में पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। 33 सैकंड के सीसीटीवी वीडियो में एक युवक बैग टांगे खड़ा दिखाई दे रहा है। वह कुछ देर तक आसपास देखता है। इसके बाद एक हाथ से कान पर फोन लगाकर दूसरे हाथ से नकली चाबी का इस्तेमाल कर बाइक स्टार्ट करता है। बाइक स्टार्ट होते ही वह उस पर बैठकर आराम से फरार हो जाता है।

### घने कोहरे में पलटी कार



**कोतवाली देहात।** घने कोहरे के चलते एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि गाड़ी चालक को चोट नहीं आई। थाना क्षेत्र के ग्राम हीरापुर माली निवासी शिवम पुत्र देशराज बीती रात्रि लगभग 9:30 बजे गाड़ी से जा रहा था। जैसे ही उसकी गाड़ी शादीपुर बस अड्डे से आगे पहुंची, वैसे ही घने कोहरे के कारण कार चालक को रास्ता दिखाई देना बंद हो गया। जिसके चलते गाड़ी सड़क से नीचे गहरे गड्ढे में जा गिरी। गाड़ी गिरने के बाद पलट गई। घटना की सूचना पर बरुकी पुलिस चौकी के इंचार्ज सुभाष राणा टीम के साथ पहुंचे और कार चालक को कार से निकाला। गनीमत रही कि गाड़ी चालक को चोट नहीं आई। पुलिस द्वारा घने कोहरे में वाहन धीरे चलाने तथा विशेष कार्य होने पर ही घर से निकलने की बात कही गई है।

### रात्रि में पहरा लगाने की अपील



**नहटौर।** थाना प्रांगण में आयोजित शांति समिति की बैठक में थानाध्यक्ष धीरज नागर ने कहा कि ठंड के मौसम में चोरी की वारदातें बढ़ जाती हैं। सर्दी में हम लोग अपने घरों में जल्दी सो जाते हैं, जबकि चोर रात्रि 12 बजे से प्रातः तीन-चार बजे तक चोरी की वारदातों को अंजाम देते हैं। इनसे बचने के लिए हम सबको सतर्क रहना होगा। उन्होंने बैठक में मौजूद ग्राम प्रधानों से ग्राम के बंद पड़े सभी सीसीटीवी कैमरों को चालू करने और सुरक्षा की दृष्टि से ग्राम में ग्रामीणों द्वारा पहरा लगाने की अपील की। कोई भी सूचना हो तो थाने में अवश्य दे। बैठक में ग्राम प्रधान योगेश कुमार, फरमान अहमद, ब्रह्मपाल सिंह, इकबाल अंसारी, शाहिद अहमद, खुशनूद अहमद, मौहम्मद दानिश, मुकेश कुमार, मनीराम सिंह, संजीव कुमार, सभासद शमशीर पोंटिंग, नवील अहमद, अनीस अहमद, इजलाल अहमद आदि ग्राम प्रधान व सभासद मौजूद रहे।

### शादी का झांसा देकर यौन शोषण

**स्योहारा।** क्षेत्र के ग्राम किवाड़ निवासी एक युवती ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने और बाद में विवाह से इंकार करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने इस मामले को लेकर थाने में लिखित तहरीर देकर पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता के अनुसार आरोपी युवक थाना नूरपुर क्षेत्र के ग्राम गांवड़ी पनयाला का निवासी है। युवक ने पहले उससे विवाह करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद उसने विश्वास में लेकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। आरोप है कि जब युवती ने शादी के लिए दबाव बनाया तो आरोपी ने साफ इंकार कर दिया और उससे दूरी बना ली। घटना से आहत युवती ने पुलिस का दरवाजा खटखटाते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने उसके भरोसे और भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया है। इस संबंध में थाना स्योहारा पुलिस का कहना है कि पीड़िता की तहरीर प्राप्त कर ली गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी गई है। जांच के उपरांत साक्ष्यों के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### दिव्यांग गौरव हादसे में गंभीर घायल



**नहटौर।** क्षेत्र के गांव सदरूद्दीनगर निवासी दिव्यांग गौरव कुमार पुत्र गजराज सिंह ट्राई साइकिल से सदरूद्दीन नगर अड्डे की ओर आया था। इसी दौरान एक कार सवार ने उसकी ट्राई साइकिल में टक्कर मार दी और फरार हो गया। जिसमें गौरव गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है। थाना अध्यक्ष धीरज नागर का कहना है की जांच पड़ताल की जा रही है।

# सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** बलराम कुंवर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम करके कार्यक्रम को आकर्षक बनाया तथा इस अवसर पर हुई प्रश्नोत्तरी में कई महिलाओं ने प्रश्नों के उत्तर देकर अपना लोहा मनवाया।

प्राप्त समाचार के अनुसार बलराम कुंवर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम में इशिका, राधिका, भूमिका, साक्षी, राजरानी और गार्गी ने वंदना प्रस्तुत की साथ ही मानवी, वंशिका, सोनी, दीया ने लोकगीत प्रस्तुत किया। स्नेहा, वर्णिका, परी, रहीमा और वंशिका ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके अलावा करीमा, डॉली, खुशी एवं चारु ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके कार्यक्रम को आकर्षक बनाया।

इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य वक्ता निर्मला गोकुल सिंह यादव, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नजीबाबाद की फूलमाला वर्मा ने कहा कि आज आवश्यकता है कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना पड़ेगा। साथ ही समय के परिवर्तन के तहत यदि अपने आप में परिवर्तन नहीं किया तो बड़ी-बड़ी समस्याओं से जूझना पड़ेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि देश एवं समाज को आगे बढ़ाने में महिलाओं की अहम भूमिका है। उन्होंने बताया कि भारत का इतिहास गवाह है कि भारत में देश की आजादी में महिलाओं की अहम भूमिका रही है तथा राजनीतिक क्षेत्र और देश के बलिदान में महारानी लक्ष्मी बाई, अहिल्याबाई, रानी दुर्गावती आदि महिलाओं ने अहम योगदान दिया है। साथ ही राजनीतिक क्षेत्र में भारत में इंदिरा गांधी देश की प्रथम प्रधानमंत्री महिला थी तथा वर्तमान में देश की महिलाएं अलग-अलग क्षेत्र में अपना प्रतिनिधित्व कर रही है। राजनीतिक क्षेत्र हो, चाहे वैज्ञानिक क्षेत्र हो व चाहे प्रशासनिक क्षेत्र हो सभी क्षेत्रों में अपना वर्चस्व कायम किए हुए हैं। इस अवसर पर मनु नागर ने कहा की हमारे देश में महिलाओं को सम्मान दिया जाता है। वर्तमान में आज मातृशक्ति अपने आप में सशक्त हैं। महिलाओं को अपने परिवार में दी गई जिम्मेदारियों को अपना कर्तव्य मानकर निष्ठा एवं लगन समर्पण भावना से अपनी जिम्मेदारी को पूरा करें। उन्होंने कहा आज के युग में महिलाओं को पुरुष के समान सम्मान दिया जा रहा है। जिसके तहत हर क्षेत्र में महिला की पूर्ण सहभागिता है। अपने बालक बालिकाओं को शिक्षा के साथ-साथ संस्कारवान बनाएं।

## शाह टाइम्स की खबर का असर

# कार्रवाई हुई पर इंसाफ अधूरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शाह टाइम्स में प्रकाशित सनसनीखेज शीर्षक 'सुविधा शुल्क का खेल या बिजली विभाग में खुली लूट' का असर भले ही विभागीय स्तर पर दिखाई दिया हो, लेकिन जमीनी हकीकत में पीड़ित उपभोक्ता को अब तक पूरा न्याय नहीं मिल सका है।

सूत्रों की माने तो समाचार प्रकाशित होते ही बिजली विभाग हरकत में आया और मामले में संलिप्त बताए जा रहे लाइनमैन के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करते हुए उसका स्थानांतरण बकली बिजलीघर कर दिया गया। विभाग इस कार्रवाई को अपनी तत्परता बता रहा है, लेकिन सवाल यह है कि क्या केवल स्थानांतरण से भ्रष्टाचार जैसे गंभीर आरोपों पर पर्दा डाला जा सकता है?

पीड़ित उपभोक्ता का कहना है कि आज भी उसकी मूल समस्या जस की तस बनी हुई है। न तो उससे कथित अवैध मांग के मामले की निष्पक्ष जांच हुई और न ही उसे समयबद्ध तरीके से बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया गया। ऐसे में विभाग की कार्रवाई को केवल औपचारिकता माना जा रहा है।

जब इस पूरे प्रकरण में उपखंड अधिकारी प्रथम से यह जानने का प्रयास किया गया कि संबंधित लाइनमैन आवास विकास बिजलीघर पर कितने समय से तैनात था, तो उन्होंने जानकारी देने से स्पष्ट रूप से बचते हुए कहा कि 'इस संबंध में जानकारी के लिए कार्यालय आना पड़ेगा।' अधिकारियों का यह रवैया पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े करता है। सूत्रों की माने तो उक्त लाइनमैन बीते कई वर्षों से एक ही स्थान पर तैनात था, जो स्वयं में नियमों की अनदेखी की ओर इशारा करता है।

सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि पूरे मामले में कोई भी जिम्मेदार अधिकारी खुलकर बोलने को तैयार नहीं है। न तो जांच की स्थिति स्पष्ट की जा रही है और न ही यह बताया जा रहा है कि आगे क्या ठोस कार्रवाई होगी। इससे आम जनता में यह संदेश जा रहा है कि विभागीय भ्रष्टाचार के मामलों में केवल दिखावटी कदम उठाए जाते हैं।

स्थानीय नागरिकों और उपभोक्ताओं का कहना है कि शाह टाइम्स ने एक बार फिर जनहित से जुड़े मुद्दे को मजबूती से उठाकर व्यवस्था की खामियों को उजागर किया है। लेकिन जब तक पीड़ित को वास्तविक राहत, दोषियों पर सख्त कार्रवाई और व्यवस्था में सुधार नहीं होता, तब तक इस कार्रवाई को अधूरा और नाकाफी ही माना जाएगा।

# प्रदर्शन कर बांग्लादेश का पूतला फूंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** विश्व हिन्दू राष्ट्र सेना युवा मोर्चा जिला बिजनौर के कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे कथित अत्याचारों के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत श्रीश्री 1008 महंत नरेंद्र गिरी महाराज के निर्देश पर रेलवे फाटक के निकट बांग्लादेश का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया गया।



प्रदर्शन के उपरांत कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित एक ज्ञापन थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित कराने, अत्याचारों को तत्काल रोकने तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी हस्तक्षेप की मांग की गई। इस अवसर पर मंडल प्रभारी मुरादाबाद विपिन कुमार प्रजापति ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन हैं, जिन्हें किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। क्षेत्रीय प्रचारक हरप्रसाद शर्मा ने केंद्र सरकार से कड़े कूटनीतिक कदम उठाने की अपील की।

कार्यक्रम में युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष बिजनौर डॉ. कावेंद्र राज सैनी, प्रदेश सह-प्रचारक अजेंद्र सिंह, जिला मंत्री नितिन सैनी, जिला उपाध्यक्ष महिपाल सिंह व विनय कुमार सहित विनीत सैनी, देवेंद्र गिरी, पारुल कुमार, बॉबी कुमार, सुमित कश्यप समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा और पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में संपन्न हुआ।

# ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**हल्दौर।** ग्राम सल्लाहपुर निवासी साहिद (22 वर्ष) पुत्र ताहिर पास ही स्थित एक भट्टे पर मजदूर था। ग्रामीणों के अनुसार युवक सुबह करीब नौ बजे लाइन पार स्थित एक दुकान से घरेलू सामान लेकर वापस लौट रहा था।

इसी दौरान गजरौला से नजीबा. बाद की ओर जा रही पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। युवक का कुछ दूरी पर मोबाइल पड़ा मिला। ऐसा प्रतीत होता है कि युवक फोन पर बात कर रहा था और एयरफोन लगी होने से ट्रेन के आने का पता नहीं चल सका। चालक ने नगर रेलवे स्टेशन पर मामले की सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने की कार्रवाई की और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# किसानों ने 1.34 लाख पोस्टकार्ड सौंपे

## जागरूकता रैली निकाली, ढोल-नगाड़े बजाते हुए पोस्ट ऑफिस पहुंचे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के बैनर तले किसानों द्वारा चलाए जा रहे पोस्टकार्ड अभियान का समापन हो गया। अभियान के अंतिम सप्ताह में 1 लाख 34 हजार पोस्टकार्ड बिजनौर पोस्ट ऑफिस में डाक अधीक्षक को सौंपे गए। यह अभियान अक्टूबर माह में शुरू हुआ था।






इस अवसर पर जिला अध्यक्ष नितिन कुमार सिरोही के नेतृत्व में किसानों और जनप्रतिनिधियों ने नगर में एक जागरूकता रैली निकाली। यह रैली शिवाजी पुरम स्थित कार्यालय से शुरू होकर मंडावर रोड, जजी चौक, शक्ति चौक होते हुए सिविल लाइन मार्ग से पोस्ट ऑफिस पहुंची। रैली में किसान अपने सिर पर टोकरियों में पोस्टकार्ड रखकर चल रहे थे, जबकि आगे-आगे बीन, सारंगी और ढोल बजाते कलाकार चल रहे थे। यह रैली शहर में आकर्षण का केंद्र रही।

यह पोस्टकार्ड अभियान गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण, कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना और नजीबाबाद शुगर मिल की क्षमता वृद्धि जैसी प्रमुख मांगों को लेकर अक्टूबर माह में शुरू किया गया था। अभियान की शुरुआत पर चौधरी दिगंबर सिंह ने जनपदवासियों से पोस्टकार्ड भेजने की अपील की थी, जिसे व्यापक जनसमर्थन मिला।

चौधरी दिगंबर सिंह ने बताया कि अब तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गंगा एक्सप्रेसवे की मांग को लेकर लगभग पांच लाख पोस्टकार्ड भेजे जा चुके हैं। उन्होंने घोषणा की कि गंगा एक्सप्रेसवे आंदोलन को अब सोशल मीडिया पर नई दिशा दी जाएगी। नए साल के पहले माह में इस मुद्दे को ट्विटर पर ट्रेंड कराया जाएगा, जिसमें बिजनौर के युवाओं का सहयोग लिया जाएगा। कार्यक्रम में बीन और सारंगी वादन दल का नेतृत्व राकेश प्रधान ने किया। रैली में नितेंद्र प्रधान, वीर सिंह डबास, उदयवीर सिंह, सैंपल सिंह, नदीम अहमद, डैनी चौधरी, अंकुल कुमार, शुभम सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान और नागरिक मौजूद रहे।

# क्रिसमस दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

## नन्हे-मुन्ने बच्चों के नृत्य की शानदार प्रस्तुति रही आकर्षण का केन्द्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** प्रभु ईसा मसीह के जन्म के पावन अवसर पर विद्यालय परिसर में क्रिसमस दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा प्रार्थना से हुई। जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि फादर जोसेफ चाको को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में फादर अनूप प्रबंधक, फादर नितिन व्यवस्थापक, फादर जीरान्ड, उप प्रधानाचार्या सिस्टर जिममी, सिस्टर फलेबी तथा सिस्टर अंजति उपस्थित रहे। इसके पश्चात एक नाटिका द्वारा ईसा मसीह के जन्म के महत्व, उनके प्रेम, त्याग और मानवता के संदेश पर प्रकाश डाला गया। साथ ही सेंटा नृत्य तथा एंजेल




नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। जिसने सभी बच्चों का मन मोह लिया। किंडर गार्डन के नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा भी नृत्य प्रस्तुत किया गया, जो आकर्षण का केंद्र रहा। विद्यार्थियों द्वारा एक समूह गान प्रस्तुत किया गया। जिसमें ईसा मसीह के जन्मदिन के महत्व के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के दौरान अध्यापक फैजान ने अपने प्रभावशाली स्वागत भाषण के माध्यम से सभी अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का हार्दिक स्वागत किया तथा प्रबंधक फादर अनूप ने भी भाषण देते हुए ईसा मसीह के जन्म पर प्रकाश डाला तथा बच्ची को इस दिन के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम के समापन पर छात्रा काव्या ने सुंदर शब्दों में भाषण प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। यह कार्यक्रम अनुशासन, श्रृद्धा और उत्साह के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# किसानों को योजना और रजिस्ट्री की जानकारी दी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मनोहरवाली ग्राम में कृषि विभाग ने एक विशेष कैंप का आयोजन किया। इस दौरान ब्लॉक धामपुर के कृषि अधिकारी दुष्यन्त कुमार ने किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना और किसान रजिस्ट्री के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

कैंप का मुख्य उद्देश्य किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए जागरूक करना था, ताकि जानकारी के अभाव में कोई भी किसान इन महत्वपूर्ण योजनाओं से वंचित न रहे। इस आयोजन में ग्राम के बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। कृषि अधिकारी दुष्यन्त कुमार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के बारे में विस्तार से बताया।

उन्होंने जानकारी दी कि इस योजना के तहत पात्र किसानों को प्रति वर्ष छह हजार रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। यह राशि दो हजार रुपये की तीन किस्तों में, हर चार महीने में सीधे किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित की जाती है।



योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए किसानों के पास आधार कार्ड होना अनिवार्य है।

इसके अतिरिक्त, बैंक खाता आधार से लिंक होना चाहिए। भूमि रिकॉर्ड सही और अद्यतन होने चाहिए, तथा ई-केवाईसी पूरा होना अत्यंत आवश्यक है। अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी किसान की किस्त रुकी हुई है, तो इसका मुख्य कारण अक्सर ई-केवाईसी का अधूरा होना, बैंक खाते में त्रुटि, या भूमि रिकॉर्ड में किसी प्रकार की समस्या हो सकती है।

कैंप में किसान रजिस्ट्री के महत्व पर भी विशेष जानकारी दी गई। दुष्यन्त कुमार ने बताया कि सरकार अब सभी किसानों का एक डिजिटल किसान रजिस्टर तैयार कर रही है, जिसे किसान रजिस्ट्री कहा जाता है। इस रजिस्ट्री से सरकारी रिकॉर्ड में किसान की पहचान सुनिश्चित होगी। भविष्य में आने वाली सभी सरकारी योजनाओं का लाभ किसानों को स्वत: मिल सकेगा, जिससे उन्हें बार-बार कागजात जमा करने की परेशानी से मुक्ति मिलेगी।

# काली माता मंदिर पर भंडारे में उमड़े श्रद्धालु



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** श्री काली माता मंदिर शनि देव मंदिर पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यह भंडारा प्रत्येक वर्ष के अंतिम शनिवार को मौहल्ला छतरी वाला मकबरा के निवासियों द्वारा आयोजित किया जाता है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

भंडारे से पहले, सुबह दस बजे पूरे विधि-विधान के साथ हवन-पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। हवन के बाद, मौहल्ला मकबरा छतरी वाला कुआं के निवासियों ने आपसी सहयोग से इस विशाल भंडारे का आयोजन किया। इस भंडारे में उड़द-चावल और हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में पहुंचकर श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंकित राजपूत, आशीष राजपूत एड., विनयक कुमार, पंकज कुमार एड., रुस्तम यादव, मोनिका यादव, आशीष पहलवान, प्रदीप कुमार, अरुण कुमार, विकास कुमार और विनीत कुमार सहित कई अन्य लोगों ने सहयोग दिया।

# भाजपा कार्यालय में 'वीर बाल दिवस' संगोष्ठी

## प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने साहिबजादों के बलिदान को याद किया







**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर 'वीर बाल दिवस' के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह आयोजन बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के धर्म की रक्षा के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान को याद करने के लिए किया गया था। इस मौके पर जिले के प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने अपने संबोधन में बताया कि हर साल 26 दिसंबर को मनाया जाने वाला 'वीर बाल दिवस' सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज के चार साहिबजादों, विशेष रूप से छोटे साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की अद्भुत वीरता और सर्वोच्च बलिदान को समर्पित है।

उन्होंने बताया कि कैसे मात्र नौ वर्ष और छह वर्ष की छोटी उम्र में बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह ने मुगल शासकों की क्रूरता का डटकर मुकाबला किया। मुगल सेना ने उन्हें और उनकी दादी माता गुजरी को पकड़ लिया था। उन्हें धर्म त्यागकर इस्लाम स्वीकार करने का लालच दिया गया और धमकाया गया, लेकिन इन वीरों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वह अपने धर्म पर कभी समझौता नहीं करेंगे।

आखिरकार, क्रूर मुगल शासक वाजिद खान ने उन्हें जीते जी दीवार में चिनवा दिया, लेकिन उनकी आस्था नहीं डिगी। उन्होंने मौत को गले लगा लिया पर सत्य और धर्म से मुंह नहीं मोड़ा।

इस संगोष्ठी में मुख्य रूप से क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि, जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह, पूर्व विधायक सुबोध पाराशर, कमलेश सैनी, पूर्व जिलाध्यक्ष सुमन त्यागी, महिला आयोग सदस्य संगीता अग्रवाल, डॉ. बीरबल सिंह, नगर पालिका चेयरमैन नूरपुर सरदार एम. पी. सिंह, चौ. तपराज सिंह देशवाल, राकेश चौधरी, रचना पाल, नरेश भाटी, पूनम गोयल, सुभाष चौहान, दिनेश सैनी, जिला मीडिया प्रभारी विक्रांत चौधरी, मोनिका यादव, सरदार मलकीत सिंह, रोबिन चौधरी और केशव चौधरी सहित भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ता, जिले के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष और मंडल के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# 'आपका स्वास्थ्य आपका द्वार' अभियान का शुभारंभ

## आर्थिक मजबूरी के कारण कोई भी मरीज उपचार से वंचित न रहे : डा. सत्यवीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** भारत सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत सिंह चौधरी का जन्मदिन सेवा, संवेदना और जनहित के भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दिल्ली रोड जोया स्थित ओनको केयर कैंसर हॉस्पिटल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां अस्पताल परिसर में केक काटकर कैबिनेट मंत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गईं।

कार्यक्रम में ओनको केयर कैंसर हॉस्पिटल के निदेशक डा. सत्यवीर चौहान अस्पताल के समस्त कर्मचारी, मेडिकल स्टाफ, मैनेजमेंट टीम सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर कैबिनेट मंत्री जयंत सिंह चौधरी के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं उज्ज्वल




राजनीतिक भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री के जन्मदिन को जनसेवा से जोड़ते हुए ओनको केयर कैंसर हॉस्पिटल द्वारा 'आपका स्वास्थ्य आपका द्वार' नामक विशेष स्वास्थ्य अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। डॉ. सत्यवीर चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान स्योहारा के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पूरे वर्ष चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत मेडिकल टीम घर-घर जाकर हेपेटाइटिस-सी, हेपेटाइटिस-डी, काला पीलिया, शुगर सहित अन्य गंभीर बीमारियों की जांच पूरी तरह नि:शुल्क करेगी। जांच के बाद जिन मरीजों में बीमारी की पुष्टि होगी, उनका इलाज भी नि:शुल्क किया जाएगा ताकि आर्थिक मजबूरी के कारण कोई भी मरीज उपचार से वंचित न रहे। डॉ. सत्यवीर चौहान ने बताया कि यह अभियान पहले कैबिनेट मंत्री के जन्मदिन से ही शुरू किया जाना प्रस्तावित था, लेकिन कुछ कारणों से उस समय यह संभव नहीं हो सका। अब इसे उनके जन्मदिन के अवसर पर ही शुरू किया गया है जिससे समाज के हर वर्ग को इसका सीधा लाभ मिल सके। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य अभियानों से गरीब, जरूरतमंद और असहाय लोगों को बड़ी राहत मिलती है। ओनको केयर कैंसर हॉस्पिटल की यह पहल स्योहारा सहित अन्य क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देगी।

### बाइक सवार तीन युवक घायल

**नहटौर।** बाइक द्वारा घर लौट रहे तीन युवक ट्रक की चपेट में आ गए। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उन्हें जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। ग्राम दबखेड़ी निवासी प्रिंस पुत्र ऋषिपाल सिंह, चमन पुत्र संतराम सिंह अपने रिश्तेदार विकास के साथ बाइक द्वारा नहटौर से अपने घर दबखेड़ी लौट रहे थे। जब वह ग्राम खंडसाल के निकट पहुंचे, तो उनकी बाइक ट्रक की चपेट में आ गई। जिससे तीनों घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से तीनों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रैफर कर दिया। थानाध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# मनरेगा मजदूरों को 125 दिन मिलेगा रोजगार

## डीसी मनरेगा ने योजना के नए नियमों पर की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** मंडावली क्षेत्र के ग्राम राजपुर नवादा में मनरेगा योजना में महत्वपूर्ण परिवर्तनों को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में रोजगार सेवकों और ग्राम सचिवों को मनरेगा योजना परिवर्तन वीबीजी रामजी अधिनियम 2025 के नए नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई।

ग्राम सचिव अर्जुन सिंह और रोजगार सेवक देव शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) के तहत मनरेगा योजना में बदलाव किया जा रहा है। इस बदलाव के तहत, ग्रामीण मजदूरों को अब 100 दिन के बजाय 125 दिन का रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। इससे ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि होगी।

उन्होंने यह भी बताया कि



परिवर्तित मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्रामीण आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

इसके साथ ही जल संरक्षण, प्राकृतिक आपदाओं की रोकथाम एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।

यह बैठक डीसी मनरेगा द्वारा आयोजित की गई थी, जिसका उद्देश्य सभी संबंधित कर्मचारियों को नई व्यवस्था को भली-भांति समझाना और इसे प्रभावी रूप से लागू करवाना था। इस अवसर पर ग्राम प्रधान वसीम अहमद, पंचायत सहायक प्रवेश कांत और समस्त ग्रामीण भी मौजूद रहे।

# स्योहारा में पागल कुत्तों के काटने से आतंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर में पागल कुत्तों का आतंक जारी है। शनिवार शाम जुमेरात के बाजार मौहल्ले में एक और युवक कुत्ते के हमले में घायल हो गया। नगर के कई मौहल्लों में कुत्तों के काटने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिससे लोगों में दहशत है।

शनिवार शाम की घटना में मौहल्ला जुमेरात के बाजार निवासी उबैद पुत्र नासिर अपने घर के बाहर आग ताप रहा था। तभी अचानक एक आवारा कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। कुत्ते के काटने से उबैद गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों और स्थानीय लोगों ने किसी तरह कुत्ते को भगाया और घायल युवक को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। स्थानीय चिकित्सक डॉ. जुनैद चौधरी ने बताया कि यह कुत्ता कई दिनों से इलाके में घूम रहा है और पहले भी लोगों पर हमला कर चुका है। इसके बावजूद नगर पालिका या पशु विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। नगर निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि नगर में घूम रहे पागल और आवारा कुत्तों को तत्काल पकड़ा जाए। उन्होंने इस समस्या के समाधान के लिए प्रभावी अभियान चलाने की अपील की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

वहीं, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) प्रभारी डॉ. बीके स्नेही ने जानकारी दी कि उनके केंद्र पर प्रतिदिन 10 से 15 एंटी-रेबीज के मामले आते हैं, जिनका सीएचसी में उपचार किया जाता है।

# एडीएम ने किया रैन बसेरे का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अपर जिलाधिकारी वि/रा वान्या सिंह द्वारा स्थानीय नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित रैन बसेरे का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

उन्होंने निरीक्षण के दौरान रैन बसेरे में उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए निर्देश दिए कि रैन बसेरे में प्रवास करने वाले व्यक्तियों के लिए सर्दी से बचाव के लिए सभी



आवश्यक चीजें मौजूद रही। रैन बसेरे में यदि कोई खिड़की, दरवाजे या शीशे टूटे हुए हो, तो तत्काल उन्हें दुरूस्त कराएं ताकि ठण्ड एवं हवा का प्रवेश न हो सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि रैन बसेरे में जरूरत के मुताबिक लकड़ियों की भी व्यवस्था रखें। अपर जिलाधिकारी द्वारा इस अवसर पर रैन बसेरे में प्रवास करने वाले जरुरतमंद व्यक्तियों को कंबल भी वितरित किए। इस अवसर पर आपदा विशेषज्ञ प्रशांत श्रीवास्तव मौजूद थे।

# बिजनौर में कड़ाके की ठंड, विजिबिलिटी शून्य

## तापमान गिरकर 5.5 डिग्री पहुंचा, दिन में भी ठंड का असर बरकरार







**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिले में पिछले दस दिनों से कड़ाके की ठंड पड़ रही है, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। सुबह घना कोहरा छाए रहने और न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट दर्ज होने के कारण सड़कों पर वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई है।

जिले का न्यूनतम तापमान 5.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। दिन और रात के तापमान में बढ़ते अंतर ने लोगों की दिनचर्या को प्रभावित किया है। दिन में कभी-कभी धूप निकलने के बावजूद, हल्की हवा के कारण ठंड का असर बना हुआ है।

शुक्रवार रात से ही जिले में घना कोहरा छाना शुरू हो गया था, जो शनिवार सुबह और भी सघन हो गया। कोहरे के कारण सड़कों पर दृश्यता (विजिबिलिटी) लगभग शून्य रही, जिससे वाहन चालकों को काफी परेशानी हुई। सड़कों पर वाहन धीमी गति से चलते दिखे और दिन में भी हेडलाइट व फॉग लाइट का उपयोग करना पड़ा।

सुबह के समय लोग घरों से बाहर निकलने से बचते रहे। अधिकांश बाजारों और प्रमुख चौराहों पर सन्नाटा पसरा रहा, जिससे आम दिनों की तुलना में सड़कों पर आवाजाही काफी कम दर्ज की गई।

ग्रामीण क्षेत्रों में ठंड का असर अधिक है। सुबह खेतों में जाने वाले किसानों ने बताया कि कोहरे और ओस के कारण फसलों पर नमी जमी हुई है। कुछ किसानों के अनुसार, अधिक नमी से आलू और सरसों की फसल को फायदा हो सकता है, लेकिन लंबे समय तक कोहरा रहने से फसलों में रोग लगने की आशंका भी बढ़ जाती है। मौसम विज्ञान विभाग के नगीना प्रेक्षक सतीश कुमार ने जानकारी दी कि आने वाले दिनों में भी ठंड और घने कोहरे का असर बना रह सकता है। उन्होंने लोगों को सुबह और रात के समय विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी है।

### गोदभराई और अन्नप्राशन कार्यक्रम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अफजलगढ़ ब्लॉक के महेंद्रनगर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में गोदभराई और अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में दो गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की गई, जबकि दो बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं को चना, गुड़, हरी पत्तेदार सब्जियां और मौसमी फल भेंट किए गए। वहीं, अन्नप्राशन संस्कार के तहत बच्चों को सूजी की खीर खिलाई गई। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान उचित खानपान के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से मोटे अनाज को अपने दैनिक आहार में शामिल करने की सलाह दी।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान सावित्री देवी, बीडीओ मनवीर सिंह और सीडीपीओ रीता देवी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इनके अतिरिक्त, रानी त्यागी, दीपा, मुन्नी, शशिप्रभा देवी और अन्य आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां भी कार्यक्रम में मौजूद थीं।

# लापता युवती की बरामदगी की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** ग्राम मिलक तखावली निवासी एक युवती के एक सप्ताह पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो जाने से परिजनों में भारी चिंता व्याप्त है। परिजनों ने युवती के लापता होने के बाद धामपुर कोतवाली में शिकायती पत्र देकर पुलिस से शीघ्र कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन अब तक युवती का कोई सुराग न लगने पर परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

शनिवार को बड़ी संख्या में परिजन और ग्रामीण धामपुर कोतवाली पहुंचे और कोतवाल मृदुल कुमार से मुलाकात कर युवती को सकुशल जल्द से जल्द बरामद करने की मांग की। इस दौरान ग्रामीणों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए लापरवाही के आरोप भी लगाए और जल्द कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।



परिजनों ने कोतवाली पहुंचकर जताया रोष

कोतवाली परिसर में कुछ समय के लिए तनाव का माहौल बन गया, जिसे देखते हुए पुलिस ने परिजनों को समझा-बुझाकर शांत किया। कोतवाल मृदुल कुमार ने परिजनों को आश्वासन दिया कि युवती की तलाश के लिए पुलिस गंभीरता से प्रयास कर रही है।

उन्होंने बताया कि इस मामले में तीन अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन किया गया है, जिन्हें विभिन्न संभावित दिशाओं में रवाना किया गया है।

कोतवाल ने भरोसा दिलाया कि युवती को जल्द ही सकुशल बरामद कर लिया जाएगा। पुलिस के आश्वा. सन के बाद परिजन और ग्रामीण शांत हुए, लेकिन क्षेत्र में अब भी युवती की सलामती को लेकर चिंता का माहौल बना हुआ है।

## मृतकों के परिवारों से मिले विधायक



**नजीबाबाद।** विधायक हाजी तसलीम अहमद ने सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले तीन लोगों के परिवारों से मुलाकात की। वह लखनऊ से लौटने के बाद अपने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम राहतपुर पहुंचे। कुछ दिन पूर्व एक भीषण सड़क हादसे में हाजी बाबू मकरानी, एहतेशाम मकरानी और कारी सलाउद्दीन की मृत्यु हो गई थी। विधायक ने उनके घर पहुंचकर परिजनों से घटना की जानकारी ली और दुख साझा किया। इन तीनों की अचानक हुई मृत्यु से पूरे ग्राम और आसपास के क्षेत्रों में शोक का माहौल है। विधायक ने शोक संतप्त परिवारों को सांत्वना दी। इस दौरान मृतकों की आत्मा की शांति और उन्हें जन्नत-उल-फिरदौस में उच्च स्थान मिलने की दुआ की गई।

## एक नजर

### छोटे साहिबजादों को दी श्रद्धांजलि



**धामपुर।** हंगामा लोक सामाजिक, साहित्य समिति द्वारा वीर बाल दिवस के अवसर पर छोटे साहिबजादों को पुष्पांजलि देकर व दीप प्रज्ज्वलित करके श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। कार्यक्रम में समिति संस्थापिका राखी कौशिक, उपासना कौशिक, समिति के संरक्षक डॉ. जितेन्द्र कौशिक, निर्मला कौशिक व सार्थक रस्तौगी, लक्ष्य सैनी, रुद्र गिरी, राज सैनी, पंखुरी मिश्रा, उदित मिश्रा आदि द्वारा छोटे साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह को पुष्पांजलि अर्पित की गयी।

### सड़कों पर लगा भीषण जाम



**नजीबाबाद।** जलालाबाद में सड़कों पर अवैध पार्किंग और जुमरात बाजार के विस्तार के कारण भीषण जाम की स्थिति बनी हुई है। इससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तहसील क्षेत्र के जलालाबाद में सड़क के दोनों किनारों पर बड़ी संख्या में वाहन खड़े देखे गए। बाजार और फ्लाईओवर ब्रिज के नीचे सहित विभिन्न मार्गों पर बाजार लगने से यातायात बाधित हो रहा है। गुरुवार को लगने वाला यह बाजार दिन-प्रतिदिन फैलता जा रहा है, और आने वाले समय में इसके और बढ़ने की आशंका है। बाजार में अवैध रूप से खड़े वाहनों के कारण नगर में आए दिन जाम लगता है। विशेष रूप से जलालाबाद के बाजार में अवैध पार्किंग बनाई गई है। जहां मनमाने ढंग से पैसे वसूले जा रहे हैं। वाहन मालिक खुलेआम अपनी गाड़ियां सड़क पर पार्क कर देते हैं। स्थानीय पुलिस प्रशासन इस संबंध में कोई कार्रवाई या चालान नहीं कर रहा है, जिससे यह समस्या लगातार बढ़ती जा रही है।

### तीसरी विशाल प्रभात फेरी निकाली



**धामपुर।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा से नकाली गई तीसरी विशाल प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में उमड़ी संगत ने गुरु वाणी कीर्तन के सामूहिक उच्चारण द्वारा दसों गुरुओं चारों साहिबजादो तथा माता गुजर कौर के प्रति श्रद्धा भावना प्रदर्शित की। विशाल प्रभात फेरी का समाजसेवी सुधीर कुमार अग्रवाल पत्नी वंदना अग्रवाल, मानस अग्रवाल, हिमानी अग्रवाल, अंकिता अग्रवाल, विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष अजय कुमार अग्रवाल पिंटू एवं नमिता अग्रवाल, आलोक बंसल एवं श्वेता बंसल, डॉ. तनिषका अग्रवाल, पियूष बंसल एवं शिल्पी बंसल, प्रांजल अग्रवाल एवं डॉ. परिधि अग्रवाल आदि ने परिजनों सहित सहभागिता की। इन सभी को गुरुद्वारा की प्रबंध समिति की ओर से सभी प्रमुख पदाधिकारियों ने बोले सो निहाल सत श्री काल तथा वाहेगुरु जी का खालसा वाहेगुरु जी की फतेह के सामूहिक जयकारों के बीच सम्मानित भी किया। प्रभात फेरी गुरुद्वारा में पहुंचकर संपन्न हुई, जहां समूची संगत में शामिल गुरमुख परिवारों ने गुरुद्वारा परिसर में स्थापित निशान साहिब की परिक्रमा करते हुए चौपाई साहिब जी के पाठ का सामूहिक उच्चारण किया।

### निर्माण कार्य की जांच की मांग



**चांदपुर।** मौहल्ला गोकुल नगर काजीजादगान निवासी आईटीआई एक्टिविस्ट एवं समाजसेवी कार्यकर्ता वीरेंद्र राजपूत ने रेल मंत्री भारत सरकार दिल्ली के नाम लिखे शिकायती पत्र में कहा है कि चांदपुर रेलवे स्टेशन पर बनवाई जा रही बाउंड्री वॉल (दीवार) में बरती जा रही अनियमितता को रो. कने एवं निर्माण सामग्री एवं कार्य की निष्पक्ष जांच कराये जाने की मांग है। इस निर्माण में रेलवे विभाग के निर्माण के निर्धारित मानक की अनदेखी कर पुराने दोयम स्वयं दर्ज वाली ईंटें तथा रेत से चिनाई बिना तराई किए प्लास्टर किया जा रहा है। शिकायती पत्र में कहा गया है कि भ्रष्टाचार की ईंटों, सीमेंट, रेत की दीवार कौन ठेकेदार बना रहा है तथा किस अधिशासी अभियंता की निगरानी में यह निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसकी उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की भी आवश्यकता बताते हुए रेलवे विभाग को बदनाम करने वाले ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट कर अधिशासी अभियंता पर विभागीय कार्रवाई की जाने की पुरजोर मांग की गई है। वीरेंद्र राजपूत ने लिखा है कि स्टेशन के दक्षिण में विभाग के आवास तथा जो सड़क का निर्माण हुआ था वह भी जर्जर हालत में पहुंच गई है। इस सड़क के निर्माण की गुणवत्ता की जांच कराई जाए तो एक बहुत बड़ा खेल नजर आएगा।

### सती माता मंदिर में चढ़ाया प्रसाद



**नांगल सोती।** ग्राम मौहम्मद अलीपुर द्वारका में प्राचीन सती माता के मंदिर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़ाकर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। पौष मास शुक्ल पक्ष की सप्तमी के मौके पर कामराजपुर-तिसोतरा संपर्क मार्ग पर स्थित प्राचीन सती माता के मंदिर पर आज बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं में पहुंचकर प्रसाद चढ़ाकर परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। मंदिर पर शादी- विवाह के कुंडारे भी लगे। मंदिर के पुजारी मनोज शर्मा ने बताया कि लोगों का मानना है कि मंदिर पर मांगी गई हर मुराद पूरी होती है। इसलिए तिसोतरा, कामराजपुर, चंदोक, सहित आसपास के गांव के बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। इस दौरान दो दिवसीय मेले का आयोजन भी किया गया। महिलाओं व बच्चों ने जमकर खरीदारी करते हुए मेले का लुत्फ उठाया।

## रमा जैन डिग्री कॉलेज में मिशन शक्ति कार्यक्रम



**नजीबाबाद।** रमा जैन डिग्री कॉलेज में 'मिशन शक्ति' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को साइबर क्राइम, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों और सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उप निरीक्षक सुभाष राणा, हेड कांस्टेबल निर्वशी, महिला कांस्टेबल सोनम और महिला कांस्टेबल प्रीति ने कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं और महिलाओं को जागरूक किया। उन्होंने साइबर अपराधों से बचाव के तरीके बताए और महिला सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। पुलिस टीम ने विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना जैसी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। इसके अतिरिक्त, नशा मुक्ति भारत अभियान पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में वूमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्पलाइन नंबर-181, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, स्वास्थ्य सेवा-102 और 108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर-1076, चाइल्ड लाइन-1098 और साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर-1930 सहित अन्य महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।

# गन्ना तौल बंद होने पर किसानों का धरना

## मिल प्रशासन से वार्ता के बाद समझौता, जल्द शुरू होगी तौल

शाह टाइम्स संवाददाता

**नजीबाबाद।** क्षेत्र में गन्ना तोल बंद होने से नाराज किसानों ने धरना प्रदर्शन किया। भारतीय किसान यूनियन प्रधान के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन के बाद मिल प्रशासन और किसानों के बीच समझौता हो गया।

कमलापुर खाईखेड़ी स्थित गन्ना सेंटर पर बुधवार से तोल बंद कर दी गई थी। तोल इंचार्ज धीर सिंह द्वारा अचानक तोल रोके जाने के विरोध में किसानों ने बृहस्पतिवार सुबह से ही सेंटर पर मोर्चा खोल दिया। भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) के जिला अध्यक्ष हेमेंद्र धनखड़, मंडल अध्यक्ष भूपेश चौधरी और दयाराम सिंह मौके पर पहुंचे। उनकी उपस्थिति में किसानों और मिल प्रशासन के बीच वार्ता शुरू हुई। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) के व्यापार जिला अध्यक्ष रामोद कुमार की अध्यक्षता में तथा तहसील अध्यक्ष नीरज चौधरी व ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू के संरक्षण में किसानों ने जोरदार



धरना दिया। किसानों ने बूंदकी मिल के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मिल प्रशासन पर उनकी समस्याओं की अनदेखी का आरोप लगाया। बाद में मिल के केन एससीएम नरेंद्र कुमार और सुशील कुमार मौके पर पहुंचे और किसानों से वार्ता की। इस वार्ता के बाद मिल प्रशासन और किसानों के बीच समझौता हो गया, जिसके उपरांत धरना समाप्त कर दिया गया। मिल प्रशासन ने आश्वासन दिया कि आज से गन्ने की तोल फिर से शुरू कर दी जाएगी। साथ ही, मारपीट के एक मामले में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार्रवाई करने का भी वादा किया गया।

धरने में विशाल चौधरी, मुकुल चौधरी, देवेंद्र प्रधान, राजकुमार, सुभाष, महेंद्र, पम्मी, अनमोल चौधरी, दयाराम सिंह, महिपाल सिंह सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# बिजली कर्मचारियों की लापरवाही से पूरी रात अंधेरे में रहे 10 गांव

## अधीक्षण अभियंता के आदेश का भी नहीं हुआ असर

शाह टाइम्स संवाददाता

**नांगल सोती।** सौफतपुर बिजली घर को जोड़ने वाली उच्च क्षमता की विद्युत लाइन के खंभे का क्रॉस फॉर्म टूटने से 10 गांव की बिजली आपूर्ति 16 घंटे ठप्प रही। अधिक्षण अभियंता को अवगत कराने के बाद भी विद्युत कर्मचारियों पर असर नहीं हुआ, जिससे ग्रामीणों में भारी रोष है।

बीती देर शाम बरकातपुर चीनी मिल के समीप गन्ने के वाहन ने सौफतपुर बिजली घर को जोड़ने वाली उच्च क्षमता की विद्युत लाइन के खंभे में टक्कर मार दी, जिससे खंभे पर लगा क्रॉस फॉर्म टूट गया। जिसके कारण सौफतपुर बिजली घर से जुड़े नांगल, शहजादपुर, जीतपुर खानपुर हरचंदपुर, मायापुरी, चमरोला, लालपुरमान, महमसापुर, सौफतपुर, गांव की बिजली आपूर्ति 20 घंटे ठप्प रही। किसान नेता कुलबीर सिंह, सुनील कुमार, राजवीर सिंह, विजेंद्र सिंह, आदि का कहना है कि विद्युत निगम के अधिक्षण अभियंता को अवगत कराने के बाद भी बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं हो सकी। बिजली के अभाव



में ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, जिससे ग्रामीणों में विद्युत निगम के खिलाफ भारी रोष है। उधर अधीक्षण अभियंता का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में आ गया था। क्षतिग्रस्त क्रॉस फार्म सही कराकर बिजली आपूर्ति सुचारू कराने के लिए अधिशासी अभियंता को निर्देशित कर दिया गया था।

## कार की टक्कर से दो बाइक सवार घायल

**धामपुर।** शेरकोट मार्ग पर राजपूताना के पास तेज गति से आ रही एक कार ने आगे चल रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल युवकों की पहचान सलीम पुत्र खलील निवासी शेरकोट तथा शाहनवाज पुत्र इरफान के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार चालक तेज रफ्तार में वाहन चला रहा था, जिससे संतुलन बिगड़ने पर बाइक को पीछे से टक्कर लग गई। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार किया गया। बताया गया कि बाद में कार चालक और बाइक सवारों के बीच आपसी समझौता हो गया, जिस कारण पुलिस द्वारा कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई।

## विधानसभा क्षेत्र चांदपुर रालोद की मजबूत जमीन: अशोक चौधरी



शाह टाइम्स संवाददाता

**चांदपुर।** ग्राम पावटी स्थित फेरी बैंक्वेट हॉल में राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह का जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महेश शर्मा ने की तथा संचालन जिला महासचिव डॉ. विपिन तोमर ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश महासचिव अशोक चौधरी उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत केक काटकर की गई, जिसमें उपस्थित जनसमूह ने चौधरी जयंत सिंह के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं यशस्वी नेतृत्व की कामना की। मुख्य अतिथि अशोक चौधरी ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र चांदपुर राष्ट्रीय लोक दल की मजबूत जमीन है और यहां से उमड़ा जनसैलाब आने वाले समय में पार्टी की बढ़ती ताकत का संकेत है। कार्यक्रम के दौरान श्री गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई और उनके त्याग व बलिदान को स्मरण किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से 2027 के लिए जनसमर्थन और संगठनात्मक मजबूती का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया।

## नांगल-हरिद्वार मार्ग पर नई रोडवेज बस सेवा शुरू



शाह टाइम्स संवाददाता

**नजीबाबाद।** डिपो द्वारा एक नई रोडवेज बस सेवा शुरू की गई है। यह 42 सीटर बस नांगल से बिजनौर होते हुए हरिद्वार तक जाएगी, जिससे क्षेत्र के यात्रियों को बड़ी राहत मिली है।

उल्लेखनीय है कि पहले हरिद्वार, ऋषिकेश और देहरादून जाने वाली रोडवेज बसों को बिजनौर डिपो द्वारा इस मार्ग से हटाकर वाया किरतपुर-नजीबाबाद कर दिया गया था। इसके कारण क्षेत्रीय यात्रियों को हरिद्वार और अन्य स्थानों तक पहुंचने के लिए डग्गामार वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा था।

इस समस्या को देखते हुए समाजसेवी उमाकांत शुक्ला ने शासन स्तर पर शिकायत कर बसों की सुविधा बहाल करने की मांग की थी। उनकी पहल पर नजीबाबाद डिपो ने मार्ग पर यूपी 78 एलटी 0186 नंबर की 42 सीटर नई बस चलाकर यात्रियों को हरिद्वार जाने की सुविधा प्रदान की है। इस बस पर स्थानीय चालक मोहित जोशी और परिचालक जालपुर निवासी विकुल तैनात रहेंगे।

बस का समय इस प्रकार है। यह सुबह 7:20 बजे नांगल से प्रस्थान कर 8:00 बजे बिजनौर पहुंचेगी। सुबह 8:20 बजे बिजनौर से चलकर 9:05 बजे नांगल और 10:40 बजे हरिद्वार पहुंचेगी। हरिद्वार से 11:05 बजे चलकर दोपहर 12:35 बजे नांगल और 1:30 बजे बिजनौर पहुंचेगी। दोपहर 2:00 बजे बिजनौर से प्रस्थान कर 3:00 बजे नांगल और 3:50 बजे नजीबाबाद पहुंचेगी। वहां से 4:30 बजे चलकर शाम 5:30 बजे नांगल में रात्रि विश्राम करेगी।

आज नांगल स्टैंड पर बस के पहुंचने पर समाजसेवी उमाकांत शुक्ला, अतुल अग्रवाल, पं. तुषार शर्मा, कुलदीप शर्मा, हर्ष जोशी, सुबोध वर्मा, जीतपुर प्रधान मोनू राजपूत सहित कई लोगों ने चालक और परिचालक का फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया। स्थानीय नागरिकों ने इस बस सेवा को शुरू करने के लिए नजीबाबाद डिपो के एआरएम रामप्यारे, डिपो इंचार्ज संजीव कुमार शर्मा और अरोज मेंहदी सहित अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया है।

समाजसेवी उमाकांत शुक्ला ने बताया कि बिजनौर डिपो के एआरएम ने जल्द ही भागूवाला से वाया नांगल-बिजनौर होते हुए दिल्ली तक के लिए भी बस सेवा शुरू करने का आश्वासन दिया है। इस नई बस सेवा से क्षेत्रीय व्यापारी वर्ग को भी सीधा लाभ मिलेगा।

## ट्रेन में चोरी के मामले में कोटा जीआरपी की आमद

**धामपुर।** राजस्थान के कोटा जनपद की जीआरपी पुलिस ने ट्रेन में चोरी हुए लैपटॉप व मोबाइल के मामले में शेरकोट क्षेत्र के गांव रफतपुर में दबिश दी, जिससे गांव में हड़कंप मच गया। बीते दिनों कोटा क्षेत्र में चलती ट्रेन में एक महिला यात्री का लैपटॉप व मोबाइल चोरी हो गया था। पीड़िता की शिकायत पर जीआरपी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। सर्विलांस के माध्यम से मोबाइल की लोकेशन धामपुर तहसील के रफतपुर क्षेत्र में मिलने पर जीआरपी के उप निरीक्षक यतेंद्र कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस द्वारा संदिग्ध स्थानों पर पूछताछ और तलाश की गई। हालांकि देर शाम तक किसी की गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं हो सकी। जीआरपी पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना रहा।

## आरोपी कार चालक गिरफ्तार

**धामपुर।** चार दिन पूर्व दुर्गा विहार कॉलोनी के पास हुए सड़क हादसे में महिला की मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी कार चालक को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान आदित्य पुत्र खेम सिंह निवासी मोहल्ला इमामपुर तिगरी थाना नगीना के रूप में हुई है। बताया गया कि आरोपी परीक्षा देकर शिवहर क्षेत्र से लौट रहा था। इसी दौरान ईदगाह व दुर्गा विहार कॉलोनी के पास पैदल जा रहे दंपति को पीछे से तेज रफ्तार कार से टक्कर मार दी थी। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थी, जिसे उपचार के लिए मुरादाबाद ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। आरोपी को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर न्यायालय में पेश किया गया है।

# चांदपुर में नेहरू चौक पर अतिक्रमण

## चौराहे की खूबसूरती हो रही खराब

शाह टाइम्स संवाददाता

**चांदपुर।** नगर का मुख्य नेहरू चौक आजकल अवैध अतिक्रमणकारियों का अड्डा बनता जा रहा है। इस चौराहे की चारों दिशाओं में कई लोग दुकान लगा कर बैठ जाते हैं, जिससे चौराहे की खूबसूरती को तो धब्बा लग ही रहा है। साथ ही उन्हें भी हर समय जान माल का खतरा बना रहता है।

मजेदार बात यह है कि इस चौराहे पर नागरिकों की सुरक्षा हेतु एवं यातायात नियंत्रित करने हेतु पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगी रहती है। बावजूद इसके भी इन लोगों का ध्यान शायद इस हर समय बनी रहने वाली दुर्घटना की सम्भावनाओं की ओर नहीं जा पाता। नेहरू चौक की चारों दिशाओं में कोई मिट्टी के बर्तन तो कोई चूहे मार दवाई, कोई नींबू तो कोई अन्य सामग्री बेचता हुआ दिखाई दे जाएगा। यह सिटी का ऐसा चौराहा है, जहां हर समय भीड़ भाड़ रहती है तथा स्कूटर, मोटरसाइकिल, कारे अथवा अन्य वाहन इधर-उधर गुजरते हैं जिनको दुकानें लगाने वालों से बामुश्किल बच बचाकर निकलना पड़ता है। चांदपुर में नेहरू चौक पर भीड़ लगी रहती है। कभी-कभी चौराहे पर जाम जैसी स्थिति भी हो जाती है, लेकिन इस बीच चौराहे की चारों दिशाओं में फड़ लगाकर बैठकर अपनी दुकानदारी करने वालों को किसी वाहन के ब्रेक फेल हो जाने का भी डर नहीं है। इस चौराहे पर नागरिकों की सुरक्षा की दृष्टि एवं यातायात नियमों का पाठ पढ़ाने वाले पुलिसकर्मी भी इस प्रतिमा के चारों ओर अपने फड़ व दुकाने लगाने वालों को नहीं समझा पाते। हालांकि कई बार नगर पालिका पइस बारे में एक्शन ले चुकी है, पर यह लोग कतई बाज नहीं आ पा रहे।



# परिषदीय विद्यालयों से आईआईटी बॉम्बे तक बच्चों ने रचा इतिहास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** प्रदेश सरकार की गुणवत्तापरक शिक्षा नीति, एसटीईएम आधारित नवाचार और समान अवसरों के विजन का प्रभाव सरकार के एसटीईएम विजन को राष्ट्रीय मंच पर देखने को मिल रहा है। जिस पर ग्रामीण प्रतिभाएं निखरीं।

जिले के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले परिषदीय पृष्ठभूमि के बच्चों ने वह उपलब्धि हासिल की है, जिसे अब तक बड़े और प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों तक सीमित माना जाता रहा है। इन विद्यार्थियों न आई आई टी बॉम्बे के टेकफेस्ट 2025 में भाग लेकर तकनीकी उत्कृष्टता का सशक्त उदाहरण पेश किया है। आईआईटी बॉम्बे तक सेवा न्याय उत्थान फाउंडेशन तथा जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया द्वारा परिषदीय पृष्ठभूमि के छात्रों को विशेष अवसर प्रदान किया है। फाउंडेशन, द्वारा प्रशिक्षित जिले के परिषदीय (सरकारी) विद्यालयों के विद्यार्थियों ने एशिया के सबसे विशाल और प्रतिष्ठित विज्ञान एवं तकनीकी महोत्सव टेकफेस्ट 2025 (आईआईटी बॉम्बे) में अपनी प्रतिभा सिद्ध की है। फाउंडेशन के मार्गदर्शन में इन विद्यार्थियों ने न केवल राष्ट्रीय रोबोटिक्स प्रतिस्पर्धा में भाग लिया, बल्कि तकनीकी उत्कृष्टता टैक्निकल ईयूलेंस के लिए औपचारिक रूप से सम्मानित होकर इतिहास रच दिया। टेकफेस्ट 2025 में सम्भल के सरकारी स्कूलों के इन विद्यार्थियों के समूह ने दो अत्यंत जटिल और उन्नत रोबोटिक्स प्रतिस्पर्धाओं में भाग लिया। यह उपलब्धि इसलिए भी ऐतिहासिक है क्योंकि कक्षा 4 से 9 के इन नन्हें छात्रें ने आईआईटी और देश के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग महाविद्यालयों के सैकड़ों स्नातक बीटेक छात्रों की टीमों के विरुद्ध सीधी प्रतिस्पर्धा की।



सम्भल। परिषदीय विद्यालय से आईआईटी तक इतिहास रचने वाले बच्चे।

# बीता साल: क्षेत्र की अधूरी रही आस

**बबराला( अनिरूद्ध शर्मा )।** गुन्नौर तहसील क्षेत्र में जन सुविधाओं का अभाव ही रहा। क्षेत्र में उद्योगों, तकनीकी शिक्षा ,रोजगार के अवसर, मेडिकल, इंजीनियरिंग ,पार्क व मनोरंजन केंद्र का भी अभाव ही रहा। अब आगामी वर्ष में इनके पूर्ण होने की आस है। गुन्नौर में रोडवेज स्टैंड नहीं है। बबराला में स्थित मंडी समिति में सब्जी व फल मंडी विकसित नहीं हो सकी है। केवल अनाज की खरीद होती है। फल व सब्जी मंडी न होने से लोग परेशान हैं। अस्पतालों में पूर्ण स्टाफ नहीं है। दवा भी उच्चतम स्तर की नहीं है। केवल काम चलाऊ हैं। दवाओं का अभाव बना रहता है। गंभीर मरीज को बाहर ही भेजना पड़ता है। मेडिकल व इंजीनियरिंग कालेज नहीं है। युवाओं को कोर्स करने के लिए क्षेत्र से पलायन करने

**0क्षेत्र में जन सुविधाओं का रहा अभाव, रोडवेज स्टैंड, फल मंडी नहीं**

को मजबूर होना पड़ता है। क्षेत्र में उद्योग का अभाव है। जिससे रोजगार के अवसर नहीं है। युवा रोजगार की तलाश में बाहरी जनपदों में जाने को मजबूर है। पानी की सप्लाई भीषण गर्मी में ठीक प्रकार से नहीं हो पा रही है। इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। तकनीकी शिक्षा के केंद्र के नाम पर आईटीआई बबराला में है। क्षेत्र में मनोरंजन करने के लिए मनोरंजन केंद्र की कोई व्यवस्था नहीं है। कई वर्ष पूर्व नरोरा पुल के समीप मनोरंजन केंद्र स्थापित हुआ था लेकिन उचित देखभाल न होने के चलते ठप हो गया। बच्चों के घूमने के लिए कोई पर्यटक स्थल नहीं बना है। जबकि कई स्थान क्षेत्र ऐसे हैं जो पर्यटन स्थल बन सकते हैं। जिसमे हरि बाबा धाम आश्रम व राजघाट गंगा घाट हैं। इस वर्ष यह आस अधूरी ही रही।

# धर्म की रक्षा करने वाले साहिबजादे आदर्श का प्रतिबिंब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** वीर वाल दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। भाजपा कार्यालय पर आयोजित संगोष्ठी का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिला प्रभारी हेमंत राजपूत ने भारत माता दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर किया। संगोष्ठी में सरदार रंजीत एवं धर्म सिंह को जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने पटका पहना कर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि वीर वाल दिवस के उपलक्ष्य में साहिबजादो के शहीदी दिवस पर अपनी श्रृद्धांजलि अर्पित करता हूं। उनका साहस हमें याद दिलाता है कि हमें किस प्रकार का देश बनाना है एसा देश जो भय के बजाए धर्म को, अत्याचार के बजाए सत्य को और स्वार्थ के बजाए बलिदान को चुनता है। निवर्तमान जिला अध्यक्ष ओमवीर सिंह खड़गवंशी ने कहा कि जब छोटे साहबजादे को दीवार में जिंदा चुनवाया गया हमारे इतिहास में सबसे पीड़ा दायक और पवित्र क्षणों में से एक है। उस दिन माता गुजरी ने उन्हें नीला बाना पहनाया असहाय पीड़ितों की तरह नहीं बल्कि बलिदान के लिए तैयार योद्धाओं की तरह, दीवार उठती गई, फिर भी उन्होंने समझौता की पुकार नहीं की। उन्होंने जीवन के बदले अपना धर्म नहीं बेचा।



जब हम वीर बाल दिवस मनाते हैं तो हम साहबजादों द्वारा आत्मसमर्पण के बजाय शहादत चुनने के उस सर्वोच्च निर्णय का सम्मान करते हैं। सरदार कुलजीत ने कहा कि भाजपा का कार्य सिख विरासत को राष्ट्रीय धरोहर के रूप में सुदृढ़ करता है जो सभी के लिए धर्म की रक्षा करने वाले साहिबजादो के आदर्श का प्रतिबिंब है। उन्होने कहा कि 2020 में श्री हरमंदिर साहिब ने एफसीआरए पंजीकरण दिया गया। जिससे वैश्विक सिख समुदाय बिना बाधाओं के सेवा में योगदान दे सके इसके अलावा गुरु नानक देव जी की 550 वी जयंती और गुरु तेग बहादुर के 400 में प्रकाश वर्ष को सिक्कों, डाक टिकटों फिल्मों और विश्व व्यापी कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। चंद्रपाल सिंह ने कहा कि गुरुद्वारा फतेहगढ़ साहिब इन बालवीरों के साहस की जीवन साक्षी के रूप में खड़ा है। यह याद दिलाते हुए की आध्यात्मिक स्वतंत्रता की रक्षा केवल अधिकार नहीं बल्कि एक पवित्र कर्तव्य है। जिला प्रभारी हेमंत राजपूत ने कहा कि सब साहिबजादो का बलिदान हमसे केवल स्मरण की नहीं, बल्कि कर्म की मांग करता है और यही भारतीय जनता पार्टी ने अडिग प्रतिबद्धता के साथ कदम बढ़ाया है। उन्होने कहा कि केंद्र सरकार के नेतृत्व में गुरु गोविंद सिंह जी के 355 वें प्रकाश पर्व पर 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस घोषित किया गया। जिससे हमारे इन शहीदों की राष्ट्रीय स्मृति को संस्थागत रूप मिला और उनकी कथा हर भारतीय बच्चों को प्रेरित करें। 70 वर्षो के स्वप्न को साकार करते हुए गुरुद्वारा दरबार साहिब तक वीजा मुक्त पहुंच प्रदान की गई। जिसमें 2 लाख से अधिक श्रृद्वालुओं को लाभ मिला।

# गंगा जी को निर्मल व स्वच्छ बनाने की सभी की जिम्मेदारी

**0तीन दिवसीय गंगा आरती, निर्मल गंगा स्वच्छ गंगा का प्रशिक्षण भाग लेकर लौटे**

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** उत्तराखंड के श्रृषिकेश में स्थित परमार्थ निकेतन आश्रम से तीन दिवसीय गंगा आरती,निर्मल गंगा स्वच्छ गंगा के प्रशिक्षण में भाग लेकर लौटे माँ गंगा जन कल्याण समिति बबराला के महामंत्री योगेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि नमामि गंगे भारत सरकार,अर्थ गंगा, परमार्थ निकेतन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित गंगा आरती और निर्मल गंगा, स्वच्छ गंगा प्रशिक्षण और कार्यशाला में माँ गंगा जन कल्याण समिति के सत्यम मिश्र ,एसके. भारद्वाज सहित चार राज्यों उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, विहार, छत्तीसगढ़ के 32 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिन्हें नमामि गंगे की प्रशिक्षक भारतीय सेना से सेवानिवृत्त वंदना शर्मा के द्वारा गंगा आरती का प्रशिक्षण, गंगा अवतरण से अब तक की कहानी और महिमा



सम्भल- निज कार्यालय पी पीडीए पाठशाला में बच्चों को पढ़ाते फिरोज खा।

बताकर प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती ने दीप प्रज्वलन कर तथा सभी प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त कर एवं सभी को रूद्राक्ष की माला पहनाकर किया। प्रशिक्षक वंदना शर्मा ने गंगा घाटों की साफ सफाई और विधिवत आरती का पूर्ण विस्तार से प्रशिक्षण दिया। जीवन शैली में समय से सभी कार्यों को करने एवं जीवन में ईमानदारी पूर्वक किया गया कार्य प्रभु की सेवा होता है।तीन दिवसीय कार्यशाला के प्रथम दिन गंगा उद्गगम से लेकर पूरा वृतांत समझाकर प्रारम्भ किया। रोजाना की गतिविधि में प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ योगा, ध्यान, हवन से होता था इतने मनोहर माहौल में शाम को गंगा आरती के उपरांत सत्संग के बाद कार्यशाला संपन्न होती थी। जिसे परमार्थ निकेतन के अधयक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती, सहित तमाम साधाक और साधवी संबोधित करते थे। कार्यशाला के समापन पर सभी को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र और रूद्राक्ष के वृक्ष भेंट किए गए। हमें वहां से प्राप्त प्रशिक्षण को यहाँ के लोगों को बताकर गंगा को स्वच्छ व निर्मल रखने में सहभागिता करनी है। इस दौरान दुर्गेश कुमार बंदना शर्मा, नवीन कुमार, उमा मौजूद रहे।

# देश धर्म व जाति की रक्षा को शहीद हुए साहिबजादों ने किया खत्म किया जुल्म राज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादे के शहिदी पर्व शोकमयी वातावरण में मनाया गया।

गुरुद्वारा श्रीगुरूनानक दरबार में आयोजित कार्यक्रम में प्रात: दीवान में सिक्ख धर्म के दशम गुरू गुरू गोविंद सिंह महाराज के चार साहिबज़ादे बाबा अजित सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा ज़ोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह का शाहिदी पर्व शोकमयी वातावरण में भक्ति भावना के साथ मनाया। छोटी अवस्था में ही साहिबज़ादो ने शहिदी जुल्म के खिलाफ संर्घष किया, लेकिन धर्म नहीं छोड़ा। किसी लोभ लालच, दबाव, में न आकर झुके नहीं। इस महीने का पूरा सप्ताह शहीदी सप्ताह मनाया जाता है,क्योंकि इतनी कड़ाके की सर्दी में गुरू जी का पूरा परिवार संर्घष करते हुए शहीद हो गया था। दो लाल चमकौर गढ़ी में युद्ध करते हुए व दो लाल सरहिद की दीवारों

**0शोकमयी वातावरण में मनाया चार साहिबजादों का शहीदी दिवस**

में जिन्दा शहीद हुए, मगर जुल्म राज को समाप्त किया। इस मौके पर हरदीप सिंह, धर्म सिंह, सन्नी, गुरजीत सिंह, सुरेन्द्र सिंह, गुरमीत सिंह, बलविन्दर सिंह, सरदार कुलवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# धीमी गति से चल रहा रोडवेज बस अड्डे का निर्माण कार्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** निर्माणाधीन रोडवेज बस अडड का निर्माण कार्य में तेजी नहीं आ रही है। मुरादाबाद रोड पर हालांकि निर्माण कार्य के लिए पिलर खड़े हो गए है। इससे आगे अभी कार्य नहीं बढ़ पाया हैं जिससे निर्माण कार्य समय से और जल्दी पूरे होने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं।

## एक नज़र इधर भी

# केरल में पहली बार भाजपा का मेयर बनने पर हर्ष

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** केरल में पहली बार भाजपा का मेयर चुने जाने पर कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया। भाजपा नेता विनय वार्ष्णेय ने कहा कि तिरुवनंतपुरम नगर निगम में हुए मेयर चुनाव में भाजपा के वीवी राजेश को 51 वोट मिले। तिरुवनंतपुरम नगर निगम के 101 वार्डों का रिजल्ट आया। 50 वार्डों पर भाजपा जीती। पिछले 45 साल से यहां वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) का कब्जा था। इस दौरान सभासद मीना गुप्ता, दिनेश कौशल, अनुपमा, मंजू आदि रहे।

# स्थापना दिवस पर ध्वजारोहण व गोष्ठी

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** अखिल भारतीय कांग्रेस की 140वीं स्थापना वर्ष स्थापना 140 वर्ष 28दिसम्बर आज ध्वजारोहण कर विचार गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा।

जिलाध्यक्ष आरिफ तुर्की ने जानकारी देते हुए बताया कि 28 दिसम्बर 1885 अखिल भारतीय कांग्रेस की स्थापना मुंबई मे हुई थी। जो कांग्रेसियों के लिए गौरव का दिन है। पूर्व मंत्री उ प्र सरकार, उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के निर्देशानुसार पाटी कार्यालय पर ध्वजारोहण और विचार गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी और जिले के सभी फ्रंटल विभागों के जिलाध्यक्ष व उनकी कमेटियों के पदाधिकार महिला कांग्रेस,अल्पसंख्यक कांग्रेस, एस सी विभाग, कांग्रेस किसान कांग्रेस, आउट ईच कांग्रेस, सेवादल, नगर अध्यक्ष और नगर कमेटी, ब्लाक अध्यक्ष और उनकी कमेटी, एवं मंडल अध्यक्षों वार्ड अध्यक्षों पूर्व सांसद विधायक प्रत्याशी एंव कांग्रेस के समस्त वरिष्ठ कांग्रेसियों का बुलाया गया है।



बबराला- गंगाघाट राजघाट पर बढ़ते जल स्तर पर उफान लेती गंगा नदी।

# देश दुनिया में अमन व तरक्की की दुआ को उठे हज़ारों हाथ

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** ख्वाजा गरीब नवाज के 814 वां उर्स अकीदत के साथ मनाया गया। कुल शरीफ की रस्म अदायगी में देश दुनिया में अमन और तरक्की की हज़ारों ने हाथ उठाकर दुआ मांगी।

नगर के मौहल्ला शेर खां सराय स्थित हजरत मियां मीरन शाह मियां की दरगाह परिसर में ख्वाजा गरीब नवाज के 814वें उर्स के मौके पर उर्स कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उर्स में परंपरागत लंगर के साथ कुल शरीफ की रस्म अकीदत और एहतराम के साथ अदा की गई। कुल रस्म अदायगी से पूर्व सुबह से ही मजार परिसर में अकीदतमंदों का आना-जाना शुरू हो गया था। जो देर शाम तक जारी रहा। दूर-दराज से आए अकीदतमंदों ने मजार पर चादरपोशी की और ख्वाजा गरीब नवाज की बारगाह में अमन, चैन व खुशहाली की दुआ मांगी। कुल रस्म में देश दुनिया में अमन व तरक्की की दुआ मांगी गई। इस दौरान मेहमानों और विशिष्ट अतिथियों का पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया, जिससे आयोजन की गरिमा और बढ़ गई। लंगर में सैकड़ों लोगों ने एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण कर आपसी भाईचारे और मानवता की डोर को ओर मजबूत किया।

# कोहरे के बीच निकली धूप से खिले चेहरे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सुबह से ही छाये घने कोहरे और सर्द हवाओं के हांड मांस कों कंपाती ठंड के बीच निकली धूप से चेहरों पर मुस्कान लौट आई। भीषण ठंड से कांप रहे और गर्म वस्त्रो में बैठने को मजबूर लोग घरों से बाहर निकले।

दो दिनों से भोर से ही दिन की शुरूआत कोहरे से हो रही है। शहर में बुधवार की सुबह भी आसमान में धुंध छायी रही, जबकि तज़ हवाओं के सर्द झोंको ने ठंडक का और अधिक बढ़ा दिया। लगभग दस बजे तक आसमान पूरी तरह कोहरे में लिपटा रहा। जिससे आज का दिन भी ठंडक से भरा ही रहने की पूरी सम्भावनाएं दिखायी दे रही थीं। मौसम खुंशगवार होगा इसकी आशंका भी नज़र नही आ रही थी। लकिन करीब 11 बजे अचानक आसमान में छायी धुंध हटी और उसके पीछे छिपे सूर्य की तेज़ चमक ने गर्मी का अहसास कराया,किन्तु चंद मिनट बाद ही सूरज फिर आसमान में छाये कोहरे के पीछे छिप गया। बादलों की लुका-छिपी के बीच सूरज का निकला और गायब हो जान का खेल काफी देर तक चला,मगर लगभग 12 बज आसमान सूरजी ती तपती किरणं के आगे झुक गया और पूरी तरह से साफ हो गया, लेकिर सांझ होते ही गलन भरी सर्दी ने लोगों को जल्दी ही अपने-अपने घरों को वापस होने को मजबूर कर दिया। जबकि बाज़ार में दुकानों के शटर भी जल्दी ही गिर गए। जिससे मुख्य बाज़ार की रौनक भी जल्दी ही खत्म हो गयी। चौराहों पर लोग अलाव से ठंड में गर्माहट का अहसास लेते रहे।

# गुरु गोबिंद सिंह को जयंती पर किया याद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** नगर में गुरु गोबिंद सिंह की जयंती पर उनको याद किया गया।उनके बारे में विस्तार से बताया। भाजपा जिला मंत्री कुमोद वार्ष्णेय ने कहा कि सिख धर्म में गुरु गोबिंद सिंह की जयंती विशेष महत्व रखती है। गुरु गोबिंद सिंह जी सिख धर्म के 10वें सिख गुरु थे, जिन्होंने खालसा पंथ की स्थापना की थी। साथ ही उन्होंने खालसा पंथ की रक्षा के लिए मुगलों से 14 बार युद्ध भी किया था।हम गुरु गोबिंद सिंह जयंती पर उनको नमन करते हैं। इस दौरान इंदीवर सिंह,जूलियस सीजर,हर्षित वार्ष्णेय,राहुल कुमार,संजीव कुमार आदि रहे।

# संस्था और बाल कल्याण समिति ने बचाया बचपन

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** शनिवार को एक छह वर्षीय मासूम बच्ची दस फीट ऊंचे दो खम्भो के सहारे बंधी रस्सी पर चल कर अपनी जान जोखिम में डालकर इस कड़कड़ाती ठंड में तमाशा दिखा रही थी। जिस पर सम्भल में बाल अधिकारों के लिए काम करने बाली जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन की सहयोगी प्रयत्न संस्था के प्रभारी गौरीशंकर चौधरी की नजर पड़ी जिसका तुरंत संज्ञान लेते हुए बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष गौरव गुप्ता को सूचित किया जिनके आदेश पर थाना कोतवाली सम्भल प्रभारी गजेंद्र सिंह ने उपनिरीक्षक एवं बाल कल्याण अधिकारी/मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी राखी चौधरी के नेतृत्व में एक टीम गठित की जिसने तत्परता दिखाते हुए जानता पेट्रोल पम्प के सामने बच्ची को रस्सी से उतारा और उसकी मां से पूछताछ की तो पता चला की ये अंजना पत्नी शत्रुघन सिन्हा अपनी छह बर्षीय पुत्री नंदनी के साथ छत्तीसगढ़



से आये हुए हैं और ये जगह जगह घूम घूम कर तमाशा दिखाने का कार्य करते हैं। जिसपर टीम ने इन्हे समझाया की छह साल की बच्ची को रस्सी पर चढ़ा कर उसकी जानको जोखिम में डालना कानूनन अपराध है और ये उम्र बच्ची के पढ़ने और खेलने की है न की खेल दिखाने की अगर फिर से ऐसा किया तो कानूनी कार्यवाही की जाएगी जिसपर बच्ची की मां ने टीम को भरोसा दिलाया की अब ये काम नहीं करेंगे और बच्ची को पढ़ाएंगे जिसपर प्रयत्न संस्था ने बच्ची को सर्दी से बचने के लिए गर्म कपड़े भेंट किये। पुलिस की सजगता ने न सिर्फ एक बच्ची का बचपन बचाया बल्कि एक संदेश दिया कि सामजिक संस्थाएं पुलिस और प्रशासन के साथ मिलकर समाज में बड़ा बदलाव ला सकती है।

# मंदिर-मस्जिद नहीं रोजगार शिक्षा सवास्थ्य पर ध्यान दे सरकार

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** समाजवादी पार्टी की बैठक में बढ़ती बेरोजगारी और मेंहगाई पर चिंता जातयी साथ ही केन्द्र व प्रदेश सरकार से धर्म की राजनीति छोडत्कर रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य पर ध्यान देने की मांग की।

जिला सचिव सईद अख्तर इसराईली के हिलाली सराय आवास पर आयोजित बैठक मे बोलते हुए सईद अख्तर इसराईली ने कहा कि सरकार जिलों का नाम बदलने और मंदिर-मस्जिद की राजनीति करने से जनता को कोई लाभ नहीं मिलने वाला है। बल्कि जनता को जीवन चलाने के लिए रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य से सम्बंधित दवाईयां आदि चाहिए। लेकिन सरकार का इस पर कोई ध्यान नहीं है। उन्होने कहा कि सरकार का इस ओर कोई ध्यान नही होने से अगामी चुनाव



में प्रदेश की जनता मुंहतोड जवाब देगी और चुनाव में सही व्यक्ति को ही चुनेगी। जिसमें किसान, व्यापारी, बेरोजगार और नौजवान खुशहाल होंगे। जबकि देश व प्रदेश भी खुशहाल होगा। इस मौके पर नईम अख्तर, अरमान मियाँ, इरशाद, रमीज, नदीम, मुंशी वाहिद, वसीम, रईस, आमिर, नबील, डा. मुस्तफा आदि मौजूद रहे।

# ठंड से जन जीवन अस्त-व्यस्त

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** मौसम ने अपने तेवर सख्त कर लिए हैं। पछुआ हवाओं और भारी गलन के साथ पड़ रही कड़ाके की ठंड ने आम जनजीवन को पूरी तरह झकझोर कर रख दिया है। सुबह और शाम के समय घना कोहरा कहर बनकर टूट रहा है, जिससे न केवल यातायात प्रभावित हो रहा है, बल्कि आम आदमी का घर से निकलना भी दूभर हो गया है। ठिठुरन ने बढ़ाई मुश्किलें पिछले कुछ दिनों से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। हाड़ कंपा देने वाली इस ठंड (थरथराती ठंड) की वजह से लोग घरों में कैद होने को मजबूर हैं। बाजार जल्दी बंद हो रहे हैं और सड़कों पर सन्नाटा पसरा नजर आ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी गरीब और बेघर लोगों को हो रही है, जो खुले आसमान के नीचे रात गुजारने को मजबूर हैं। हालांकि दातागंज प्रशासन द्वारा अलाव जलाने के कड़े निर्देश दिए गए हैं, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि बढ़ती ठंड के मुकाबले ये इंतजाम नाकाफी साबित हो रहे हैं। कोहरे का 'कहर' राहगीरों का हाल बेहाल कर रहा है। सुबह घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी दृश्यता बेहद कम रह गई है। स्थिति यह है कि दिन के उजाले में भी वाहनों को हेडलाइट जलाकर रेंगना पड़ रहा है। हाईवे पर चलने वाले राहगीरों और वाहन चालकों के लिए कोहरा 'काल' जैसा अनुभव करा रहा है। यातायात बाधित हो रहा है रू दिल्ली बदायूँऔर मुरादाबाद-आगरा राष्ट्रीय राज मार्ग पर वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लग गया है। ऊपर से रोड पर कढे है, हादसों का डर सता रहा है,कोहरे के कारण मोड़ और गहरी बड़े गढे की वजह से दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। किसानों और कामकाज पर असर कड़ाके की इस ठंड और कोहरे का असर स्थानीय कामकाज और खेती पर भी देखने को मिल रहा है। सुबह के समय काम पर निकलने वाले दिहाड़ी मजदूरों को काम नहीं मिल पा रहा है। वहीं, कोहरा और ओस गिरने से फसलों पर भी इसका मिश्रित असर देखने को मिल रहा है। सड़कों पर सुबह से कोहरा छाया रहता है। ठंड इतनी है कि हाथ-पैर सुन्न हो रहे हैं। राहगीरों के लिए सड़कों पर चलना किसी चुनौती से कम नहीं है। स्थानीय जनता ने प्रशासन से मांग की है कि प्रमुख चौराहों, बस स्टैंड के अलावा आदि जगहों पर अलाव की संख्या बढ़ाई जाए।ताकि राहगीरों और बेसहारा लोगों को इस भीषण ठंड से कुछ राहत मिल सके। साथ ही, रैन बसेरों में भी पुख्ता इंतजाम करने की अपील की गई है।



बबराला- गुन्नौर कोतवाली में भरा बारिश का पानी।

# केक काटकर की रालोद अध्यक्ष की दीर्घायु की कामना

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** केन्द्रीय मंत्री व रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी के जन्म दिन पर कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से केक काटकर दीर्घायु की कामना की। कस्बा सिरसी स्थित कैम्प कार्यालय पर आयोजित जन्मदिन कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष कैसर अब्बास ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के जन्म दिन पर केक काटकर खुशी मनायी। इस दौरान जिलाध्यक्ष कैसर अब्बास ने ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने गन्ने का भाव 400 रुपये प्रति क्विंटल कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और अपने मंत्रालय को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है। इस दौरान शमीम, खलील अहमद, कैसर अब्बास, शारिक जीलानी, ताहिर, फिरसत मालिक, फरमान कस्सर, आफताब सैफी, अली अजीम, समीर अली, अरशद कुरैशी, चौधरी जसवंत सिंह, अतुल चौधरी, अली फैजान, हसन प्रधान आदि मौजूद रहे।

# 6 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को सिविल लाइंस पुलिस ने मुठभेड़ में किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना सिविल लाइन्स पुलिस ने दुष्कर्म के एक गंभीर मामले में वांछित चल रहे आरोपी को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा, कारतूस तथा एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपी को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसका इलाज चल रहा है।पुलिस के अनुसार बीती 25 दिसंबर को आरोपी 6 वर्षीय बच्ची को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। घटना के बाद जब परिजनों ने शिकायत करने की बात कही तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। इस संबंध में थाना सिविल लाइन्स पर मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा लगातार दबिश और चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में ग्राम भटावली स्थित निर्माणाधीन पुल के पास चेकिंग के दौरान पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति को रोकने का प्रयास किया। खुद को घिरता देख आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपी गोली लगने से घायल हो गया।घायल आरोपी की पहचान आसिम पुत्र शौकिन, निवासी मोहल्ला सोमवार का बाजार, थाना सिविल लाइन्स के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके से हथियार बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।



## मिशन शक्ति महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

**चन्दौसी।** महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत शनिवार को महिला पुलिसकर्मियों द्वारा बालिकाओं को जागरुक किया गया। साथ ही 'मिशन शक्ति 5.0' अभियान के अन्तर्गत जनपद की एंटी रोमियो टीम द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी0एम0 हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया एवं पुलिस टीमों द्वारा सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्रों के बारे में तथा सरकार द्वारा प्रत्येक थाने को दिए गए हैं मिशन शक्ति नंबर के बारे में भी बताया गया।

# कृषि उत्पादन मंडी समिति के आढ़तियों का धरना जारी सर्किट हाउस में विधायक से मिलकर रखी समस्याएं

**मुरादाबाद।** कृषि उत्पादन मंडी समिति के सभी आढ़ती (व्यापारी) अपनी मांगों को लेकर लगातार 15वें दिन भी धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को आढ़ती संघ के प्रतिनिधिमंडल ने सर्किट हाउस में विधायक रितेश गुप्ता से भेंट कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने मंडी प्रशासन द्वारा नीलामी चबूतरों पर किए जा रहे निर्माण कार्य को लेकर गंभीर आपत्ति दर्ज कराई।व्यापारियों ने विधायक को बताया कि मंडी प्रशासन द्वारा जेसीबी से नीलामी चबूतरे की नींव खुदवाई जा रही है और इस दौरान कथित रूप से सादा कागज पर धोखे से व्यापारियों के हस्ताक्षर भी कराए गए। व्यापारियों का कहना है कि प्रस्तावित योजना के तहत 128 आढ़तियों को हटाकर केवल 38 नई दुकानों का निर्माण किया जा रहा है, जो न तो न्यायसंगत है और न ही जनहित में है। इससे व्यापारियों के साथ-साथ पल्लेदारों, मुनीमों एवं अन्य संबंधित लगभग 600 परिवारों की आजीविका पर संकट उत्पन्न हो गया है।विधायक रितेश गुप्ता ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि उन्हें बेरोजगार नहीं किया जाएगा और फिलहाल जिस नीलामी चबूतरे पर किसान अपनी कृषि उपज का क्रय-विक्रय करते हैं, वहां यथास्थिति बनाए रखी जाएगी। व्यापारियों ने यह भी बताया कि मंडी परिषद परिसर में नीलामी चबूतरों के अतिरिक्त पर्याप्त खाली भूमि उपलब्ध है, जहां लगभग 100 नई दुकानों एवं नए नीलामी चबूतरों का निर्माण किया जा सकता है, जिससे किसी भी व्यापारी या किसान को असुविधा नहीं होगी।आढ़तियों ने कहा कि कृषि उपज का क्रय-विक्रय नीलामी चबूतरों पर ही होता है और बिना व्यापारियों की अनुमति के किसी भी प्रकार का निर्माण मंडी समिति के नियमों के विरुद्ध है। उन्होंने मांग की कि जिस स्थान पर व्यापारी वर्तमान में बैठे हैं, वहां सरकारी टीन शेड लगाकर उन्हें सौंपा जाए ताकि सभी का विकास हो सके।विधायक से मिलने वालों में आढ़ती संघ के अध्यक्ष खूब करन सिंह सैनी उर्फ के.के. सैनी, बिशनपाल ठाकुर, राजू सारंग, ओम प्रकाश सैनी, बृज लाल सैनी, चरण सिंह सैनी, पन्नालाल सैनी, पप्पू सैनी, मोहन लाल सैनी, संजय गुप्ता, दीपक सैनी, डालचंद सैनी, राकेश गौतम, जे.पी. उप्पल, अर्जुन सैनी सहित अनेक व्यापारी उपस्थित रहे।



# लघु उद्योग व्यापार मंडल का वार्षिक अधिवेशन धूमधाम से सम्पन्न

**मुरादाबाद।** लघु उद्योग व्यापार मंडल, उत्तर प्रदेश का वार्षिक अधिवेशन बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ। अधिवेशन का उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले हस्तशिल्पियों एवं उद्यमियों को सम्मानित करना रहा।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसपी सिटी रणविजय सिंह रहे, जिनके करकमलों द्वारा मंडलीय स्वदेशी हस्तशिल्पियों एवं विभिन्न क्षेत्रों में अपना कौशल स्थापित करने वाले व्यापारियों को शाल, माला एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि सरकार द्वारा स्वदेशी वस्तुओं के उत्पादकों को प्रोत्साहित करने के प्रयास भविष्य में मील का पत्थर साबित होंगे और इससे स्थानीय उद्योगों को नई पहचान मिलेगी।अधिवेशन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। गीतकार जहूर मलिक एवं साध्वी ने अपने मधुर गीतों से उपस्थित व्यापारियों का भरपूर मनोरंजन किया। वहीं, स्कूल के बच्चों ने गणेश वंदना से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया तथा आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी।इस अवसर पर संस्था द्वारा प्रकाशित वार्षिक "स्वाभिमान" स्मारिका का विमोचन मंचासीन अतिथियों एवं पदाधिकारियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित महिला शक्ति का सम्मान संस्था की महिला पदाधिकारियों द्वारा शाल ओढ़ाकर किया गया।कार्यक्रम का संचालन विनोद वार्ष्णेय ने किया। अन्त में अध्यक्ष अरुण गिरधर गोपाल, , महिला पदाधिकारी रजनी अग्रवाल, प्रीतिका अग्रवाल एवं रति धवन सहित अन्य पदाधिकारियों ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। मीडिया प्रभारी प्रतीक गोयल ने सभी सहयोगकर्ताओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मैक्स हॉस्पिटल नोएडा ने मुरादाबाद में न्यूरो सर्जरी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नोएडा ने मुरादाबाद के यूनाइटेड हॉस्पिटल में न्यूरोसर्जरी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की। इस ओपीडी का शुभारंभ मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नोएडा के न्यूरोसर्जरी विभाग के प्रिंसिपल कंसल्टेंट एवं यूनिट हेड डॉ. प्रांकुल सिंघल, न्यूरोसर्जरी विभाग के कंसल्टेंट डॉ. फहाद खान और यूनाइटेड हॉस्पिटल, मुरादाबाद के मालिक डॉ. मोइन खान की उपस्थिति में किया गया। डॉ. प्रांकुल सिंघल और डॉ. फहाद खान प्रत्येक माह के पहले और तीसरे गुरुवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक यूनाइटेड हॉस्पिटल, मुरादाबाद में उपलब्ध रहेंगे, जहां वे मरीजों को प्राथमिक परामर्श और फॉलो-अप सेवाएं प्रदान करेंगे। ओपीडी लॉन्च के दौरान मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नोएडा के न्यूरोसर्जरी विभाग के प्रिंसिपल कंसल्टेंट एवं यूनिट हेड डॉ. प्रांकुल सिंघल ने कहा "इन स्पेशलाइज्ड ओपीडी सेवाओं के माध्यम से हमारा उद्देश्य एडवांस न्यूरोसर्जिकल केयर को मरीजों के और करीब लाना है। एंडोस्कोपिक ब्रेन और स्पाइन सर्जरी, कॉम्प्लेक्स ब्रेन ट्यूमर मैनेजमेंट और मिनिमली इनवेसिव तकनीकों में हमारी विशेषज्ञता के साथ हमारा फोकस प्रिसाइज, सुरक्षित और पेशेंट-सेंट्रिक ट्रीटमेंट प्रदान करना है। मिनिमली इनवेसिव और प्रिसिशन-गाइडेड सर्जिकल सॉल्यूशंस से न केवल मरीजों की सेफ्टी बढ़ती है, बल्कि रिकवरी भी तेज होती है। यह पहल न्यूरोलॉजिकल और स्पाइन डिसऑर्डर से पीड़ित मरीजों के लिए समय पर कंसल्टेशन और इंटरवेंशन को संभव बनाएगी, जिससे ट्रीटमेंट आउटकम बेहतर होंगे।" मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नोएडा के न्यूरोसर्जरी विभाग के कंसल्टेंट डॉ. फहाद खान ने कहा "कई न्यूरोलॉजिकल और स्पाइन से जुड़ी समस्याएं अगर शुरुआती चरण में अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा देखी जाएं तो उन्हें प्रभावी ढंग से मैनेज किया जा सकता है। मुरादाबाद में ओपीडी सेवाओं के विस्तार से अब मरीजों को लोकल लेवल पर एक्सपर्ट गाइडेंस, एक्युरेट डायग्नोसिस और सही ट्रीटमेंट प्लानिंग मिल सकेगी, साथ ही जरूरत पड़ने पर मैक्स हॉस्पिटल, नोएडा में एडवांस सर्जिकल केयर तक सहज पहुंच सुनिश्चित होगी।

मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नोएडा की न्यूरोसाइंसेज टीम कॉम्प्लेक्स ब्रेन ट्यूमर सर्जरी, न्यूरो-ऑन्कोलॉजी और लेटेस्ट टेक्नोलॉजी के साथ फुल एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी में व्यापक अनुभव रखती है। मिनिमली इनवेसिव तकनीकों के जरिए मरीजों को तेज रिकवरी, बेहतर परिणाम सुनिश्चित किए जाते हैं।



## नगर पालिका ने मंकी कैचर टीम बुलाकर चलाया रेस्क्यू अभियान, 119 बंदर पकड़े गए

**चन्दौसी।** नगर और ग्रामीण इलाकों में लगातार बढ़ते हिंसक बंदरों से आमजन दहशत में है। लोगों का कहना है कि बंदर राहगीरों पर हमला कर रहे हैं, वहीं छतों पर कपड़े सुखाने गए लोगों को भी निशाना बना रहे हैं, जिससे कई लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। नगर क्षेत्र में बंदरों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में किसान भी इनसे बेहद परेशान हैं। बंदर खेतों और सब्जियों की फसल को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। लगातार मिल रही शिकायतों को देखते हुए नगरपालिका चन्दौसी ने मथुरा से मंकी कैचर टीम को बुलाकर रेस्क्यू अभियान शुरू कराया। मंकी कैचर टीम ने नगरपालिका कर्मचारियों के सहयोग से रेलवे स्टेशन क्षेत्र से पिंजरों की मदद से बंदरों को पकड़ना शुरू किया। अभियान के दूसरे दिन शनिवार को 119 बंदरों को पकड़कर विशेष वाहन में सुरक्षित रखा गया। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम ने बताया कि पकड़े गए बंदरों को रात्रि के समय ऐसे जंगलों में छोड़ा जाएगा, जहां उनके रहने और भोजन की पर्याप्त व्यवस्था हो। उन्होंने यह भी बताया कि पूर्व में भी नगरपालिका द्वारा बंदरों को पकड़कर उत्तराखंड के जंगलों में छोड़ा गया था, जिससे उस समय नगर में बंदरों की संख्या में काफी कमी आई थी। फिलहाल नगरपालिका चन्दौसी द्वारा खूंखार बंदरों को पकड़ने का अभियान लगातार जारी है, ताकि आमजन को इस बढ़ते खतरे से राहत दिलाई जा सके।



# युवाओं को आपदा व आपातकालीन राहत उपायों की दी जानकारी



**मुरादाबाद।** मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा 5 दिवसीय अंतर जनपद युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के दूसरे दिन बनारस से आये 35 युवा व युवती प्रतिभागियों को आपदा एवं आपातकालीन राहत उपायों को लेकर प्रशिक्षक डॉक्ट कोमल जुगलान ने विस्तृत जानकारी दी ।डॉक्ट कोमल जुगलान ने युवाओं को व्यावहारिक तरीके राहत प्राप्त करने के विभिन्न तरीके सिखाए कार्यक्रम के बारे में उप निदेशक अंकित कुमार गौर ने बताया कि अपराह्न भोजन उपरांत युवा सुभाष चंद्र स्टेडियम का दौरा कराया गया जहां स्टेडियम के प्रशिक्षित कोच द्वारा युवाओं को विभिन्न खेलों में रुचिनुसार प्रतिभाग करवाया गया एवं खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने का प्रयास किया गया युवाओं ने स्टेडियम के बाद ऐतिहासिक लालबाग मंदिर एवं महाकालेश्वर धाम का भी भ्रमण किया जैसा कि विदित है।कार्यक्रम अधिकारी रंजीत कुमार सैनी ने बताया युवाओं का आज रात सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तावित है।

# टीएमयू एरिदमिया की दिलकश सांझ ने बेकाबू की धड़कनें

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के मेडिकल कॉलेज एड रिसर्च सेंटर के स्पोर्ट्स, क्लचरल एंड टैलेंट इवेंट- एरिदमिया 2025 में समूह गायन, डुएट डांस, क्रिकेट, टेबिल टेनिस, बैडमिंटन, चेस आदि की प्रतियोगिताओं में मेडिकल स्टुडेंट्स ने अपने हुनर का जलवा बिखेरा। समूह गायन में एमबीबीस चतुर्थ वर्ष 2021-22 दम दरा दम दरा मस्त मस्त दरा..., ओ हम दम बिन तेरे क्या जीना..., तू होगा जरा पागल, तूने मुझको है चुना..., रूखी रे वो रूखी रे काटे कटे ना..., तेरे बिना बेस्वादी... बेस्वादी रतियां ओ सजना..., तेरी आग में ही जलते, कोयले से हीरा बन के खय्वाबों में आगे चलके है... तुझे बताना तेरे वास्ते, मेरा इश्क सूफियाना...सरीखे मुहब्बत के सॉन्ग्स गाकर विजेता रहा। एमबीबीएस 2024-25 द्वितीय वर्ष मेरा इश्क सूफियाना... ,मैं तेनु समझावां की, ना तेरे बिना लगदा जी...सरीखे गानों को गाकर द्वितीय स्थान पर रहा, जबकि एमबीबीएस प्रथम वर्ष 2025-26 छल्ला की लब दा फिरे, यारों ओ. हदा घर केड़ा, लोकन तो पुछ्दा फिरे, छल्ला हंसदा फिरे छल्ला रौंदा फिरे... गीत गाकर तृतीय स्थान पर रहा। कल्चरल इवेंट के दौरान मेडिकल स्टुडेंट्स के मोबाइल्स की फ्लैश से ऑडी जगमगा उठा। स्टुडेंट्स अपने पसंदीदा गीतों और नृत्य को कैमरे में कैद करते हुए झूमते नजर आए। इससे पूर्व टीएमयू के ऑडिटोरियम में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन के संग कल्चरल इवेंट का शंखनाद हुआ। इस मौके पर मेडिकल साइंसेज के डीन प्रो. एसके जैन, मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. एनके सिंह, वाइस प्रिंसिपल प्रो. प्रीथपाल सिंह मटरेजा, पैथोलॉजी की एचओडी एवम् अरिदमिया-2025 की कन्वीनर प्रो. सीमा अवस्थी, डॉ. रूपा राज, डॉ सीके झकमोला, डॉ.बबलू कुमार गौर, डॉ. नेहा, डॉ. अदिति आदि की गरिमामयी मौजूदगी रही। इससे पूर्व मेडिकल स्टुडेंट्स ने प्रो. सीमा अवस्थी समेत अपने टीचर्स और मेहमानों को बुके देकर गर्मजोशी से स्वागत किया। एरिदमिया के तहत मेडिकल कॉलेज की फैकल्टीज एंड स्टुडेंट्स ने टीएमयू कैंपस में वृक्षारोपण भी किया। डुएट डांस में एमबीबीएस चतुर्थ वर्ष की कृति एवम् कशिश विजेता बनीं। एमबीबीएस तृतीय वर्ष की दिविश एवम् तिया सेकेंड और एमबीबीएस चतुर्थ वर्ष की स्वाति एवम् वैष्णवी थर्ड स्थान पर रही। कविता पाठ में एमबीबीएस फोर्थ ईयर के निपुर ने बाजी मारी। एमबीबीएस थर्ड ईयर के अनुज द्वितीय और थर्ड ईयर की माही थर्ड स्थान पर रही। दूसरी ओर स्पोर्ट्स प्रतियोगिताओं के तहत क्रिकेट के मुकाबले में एमबीबीएस सेकेंड ईयर ने एमबीबीएस फर्स्ट ईयर को 8 विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए फर्स्ट ईयर की टीम ने 15 ओवर में 06 विकेट खोकर 113 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए सेकेंड ईयर की टीम ने 12.1 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर ही 117 रन बनाकर आसानी से जीत हासिल कर ली। सेकेंड ईयर के प्रिंस प्लेयर ऑफ द मैच रहे, जिन्होंने 37 गेंदों पर 57 रनों की शानदार पारी खेली। दूसरे मुकाबले में एमबीबीएस 2023-24 बैच ने एमबीबीएस इंटर्न्स को 8 विकेट से पराजित किया। इंटर्न्स की टीम 15 ओवर में 07 विकेट खोकर मात्र 85 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करते हुए 2023-24 बैच ने 10.4 ओवर में मात्र दो विकेट गवांकर 91 रनों के संग जीत दर्ज की। मैच में घातक गेंदबाजी के लिए राहुल सिंह को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जिन्होंने 3 ओवर में 7 रन देकर 3 विकेट चटकाए।



# दावते इस्लामी इंडिया ने ख्वाजा गरीब नवाज का 814वां उर्स मनाया



**कुन्दरकी।** नगर के मोहल्ला कायस्थान स्थित साबरी मस्जिद में दावते इस्लामी इन्डिया के हफ्ता वारी इज्तेमा में खय्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती का 814 वां यौमे उर्स मनाया इज्तेमा का आगाज कुरआन पाक की तिलावत से हाफिज असद रजा अत्तारी ने किया और मुहम्मद तफसीर अत्तारी ने खय्वाजा गरीब नवाज की शान में कलाम पेश किया इसके बाद मुबल्लिगे दावते इस्लामी इन्डिया हाजी साजिद रजा अत्तारी ने खय्वाजा गरीब नवाज की सीरत बयान की खय्वाजा ए हिन्द वो दरबार है आला तेरा कभी महरूम नहीं मांगनें वाला तेरा आखिर में कुल शरीफ के बाद देश में अमन शांति भाईचारे के लिए दुआ कराई और लगंर भी तकसीम किया इस अवसर पर कारी नईम अत्तारी कघरी अब्दुल वकील अत्तारी गुलाम नबी अत्तारी काशिफ अत्तारी अबरार हुसैन अत्तारी मौलाना फैजान मदनी तौफीक अत्तारी आदि मौजूद रहे इसके अलावा नगर की कघजी वाली मस्जिद तकिये वाली मस्जिद और मस्जिद ए आला हजरत में भी खय्वाजा गरीब नवाज रहमातुल्लाह अलेह का कुल शरीफ बड़ी अकिदत और अहतराम के साथ मनाया गया इस अवसर पर मुफ्ती राशिद अफाकी मोलाना अनीस अजहरी मोलाना गय्यूर अहमद आफाकघी आदि मौजूद रहे।

# ग्राम धमपुर कान्हू में ग्राम चौपाल का आयोजन

**चन्दौसी।** तहसील चन्दौसी के परगना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धामपुर कान्हू में जिलाधिकारी के निर्देश के अनुपालन में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। ग्राम चौपाल का उद्देश्य वादों का त्वरित निस्तारण कर आमजन को सुलभ न्याय उपलब्ध कराना रहा। आयोजित चौपाल में ग्राम चकबंदी से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई। इस दौरान एसओसी डॉ. सुरेश सागर, ग्राम चकबंदी अधिकारी खुशीराम, चकबंदी लेखपाल सुभाष गोयल, ग्राम प्रधान सूरज पाल सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। चौपाल के दौरान कुल 80 चक अपील वादों की गांव में ही सुनवाई कर मौके पर मुआइना किया गया। इनमें से 10 वादों का त्वरित निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष वादों को 15 दिन के भीतर निस्तारित करने का आश्वासन दिया गया।


## बेदखली सूचना

हमने अपने पुत्र जुबैर व पुत्रवधू श्रीमती तुबा को गलत संगत व चाल चलन ठीक ना होने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी अन्य सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **मुख्तयार अहमद पुत्र बाबू व श्रीमती चन्दा बी पत्नी मुख्तयार निवासीगण रहमत नगर गली नं०-04 जिला मुरादाबाद।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत समदा चतर्भुज

**विकास खंड-भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद)।**

पत्रांक: मीमो/ग्राम निधि/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 26.12.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत समदा चतर्भुज विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा मुरादाबाद की ग्राम सभा की आयोजित बैठक दिनांक 22.10.2024 में पारित कार्ययोजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त/केन्द्रीय वित्त योजनान्तर्गत निर्माण कार्य ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार सामाग्री आपूर्ति दिनांक 5.01.2026 को 2.00 बजे तक अपनी अपनी निविदायें अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/ व्यापार कर विभाग में पंजीकरण की छायाप्रति सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ एफ०डी०आर० आदि संलग्न करते हुए अपनी अपनी निविदायें सामाग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदायें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदायें ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 5.01.2026 को अपराहन 3.30 बजे खोली जायेंगीं।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | सामग्री का विवरण | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत (रू. लाख में) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विरेन्द्र सिंह के घर से धर्मेन्द्र के घर तक सीसी टाईल्स व नाली रिपेयर स्लैब कार्य। | ईट, सीमेंट, बजरफुट, रेता, बजरी, सीसी टाईल्स, सरिया आदि | 35X4 | 182489 | 500 | 2% | 6 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-समदा चतर्भुज**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद ठाकुरद्वारा-मुरादाबाद

पत्रांक 544 (iii) दिनाँक 26.12.2025

**(ई-निविदा सूचना)**

नगरपालिका परिषद ठाकुरद्वारा के स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में ए, बी, सी, डी ई श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निर्माण किये जाने का कार्य प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

| क्र. सं. | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | बिड सिक्योरिटी (ई.एम.डी.) रूप. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जीएसटी सहित (यदि आवश्यक हो) रू. में | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मुरादाबाद | वार्ड नं0 15 में वाजिद हुसैन के मकान से फिरोज मेडिकल तक सी0सी0 रोड व आरसीसी रोड व नाली निर्माण कार्य। | 3685587 | 312337 | 3686.00 | एक माह |
| 2 | मुरादाबाद | वार्ड नं0 19 में हाजी शमशाद के मकान से हाजी सिद्दीकी के मकान तक सीसी रोड व आरसीसी गली निर्माण कार्य। | 2472148 | 209509 | 2473.00 | एक माह |
| 3 | मुरादाबाद | वार्ड नं 04 बाबू कुरेशी के मकान से जराफत / रमेश के मकान से बाबू के मकान से नजाकत के मकान तक फरियाद के मकान से खलील के मकान तक फहीम से साजिद के मकान तक इण्टरलॉकिंग सड़क व यू आकार आरसीसी नाली निर्माण कार्य। | 1246131 | 105604 | 1247.00 | एक माह |
| 4 | मुरादाबाद | Work of Laser Decorative pole installation for street lighting system in Nagar Palika Parishad Thakurdwara at Distt. Moradabad. | 3999650 | 338953 | 3940.00 | एक माह |

कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत है-
2- वैब साइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि: 29-12-2025
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि समय:- 18.01.2026 को सांय 5-00 बजे तक।
4- ई-निविदा के माध्यम से निविदा चुनौती की तिथि एवं समय:- 19.01.2026 को दोपहर 12.00 बजे।
5. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट शुद्धि पत्र जारी पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी के लिए कृपया वेव साइट http://etrader.up.nic.in पर लॉग इन करे तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।
6- अन्य नियमों व शर्तों की सम्पूर्ण जानकारी www.nppthakurdwara.co.in एंव वैबसाइट https://etender.Up.nic.in पर अपलोड कर दी गई है तथा किसी भी कार्यालय दिवस में कार्यालय नगरपालिका परिषद ठाकुरद्वारा से प्राप्त की जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, ठाकुरद्वारा**
**(मुरादाबाद)।**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, ठाकुरद्वारा**
**(मुरादाबाद)।**

# चौ. चरण सिंह और अजीत सिंह ने किया किसानों और कमजोरों की लड़ाई लड़ने का कामः अनिल कुमार

## संकल्प और संवाद कार्यक्रम में कवियों ने किया देशभक्ति रचनाओं से ओतप्रोत, नशीले पदार्थ की बिक्री को लेकर उठाई गई आवाज

**शाह टाइम्स, संवाददाता**

**कांठ।** राष्ट्रीय लोकल के नेता अभिनय चौधरी के सौजन्य से जयंत चौधरी के जन्म दिवस पर मुख्तियारपुर नवादा स्थित पधान फार्म हाउस में एक जनसभा का आयोजन किया गया जिसमें आए कवियों ने देशभक्ति रचनाओं से औत प्रोत कर दिया सभा में आशापुर कॉलोनी द्वारा किए जा रहे नशे के कारोबार पर रोक लगाए जाने की मांग भी की गई। कार्यक्रम का आयोजन दोपहर में हुआ जहां आए कवि स्वयं श्रीवास्तव, मनिका दूबे, मोहित शौर्य और अपूर्वा विक्रम सिंह ने देशभक्ति से औत प्रोत रचनाओं को सुनाकर माहौल में गर्मी पैदा कर दी। उन्होंने अपने काव्य पाठ से लोगों को तालिया बजाने पर मजबूर कर दिया। मुख्तियारपुर नवादा गांव में पहली बार हुए इस तरह के कार्यक्रम में लोगों ने शायरों के सम्मान में काफी तालियां बजाई। इसके बाद कार्यक्रम में पहुंचे कैबिनेट मंत्री एवं मुरादाबाद के प्रभारी मंत्री अनिल कुमार ने लोक दल की नीतियों से लोगों को अवगत कराया उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह और चौधरी अजीत सिंह ने हमेशा किसानों और कमजोर लोगों की लड़ाई लड़ने का काम किया और अब वही काम चौधरी जयंत भी कर रहे हैं उन्होंने कहा कि लोक दल दलित और कमजोरो को आगे आने का मौका देता है। सभा में आशापुर कॉलोनी में चल रहे अवैध नशे के कारोबार को लेकर काफी चर्चा हुई अभिनय चौधरी ने साफ कहा की या तो प्रभारी निरीक्षक स्वयं इस नशे के कारोबार को पूरी तरह से बंद कराने का काम करें अन्यथा किसी दूसरे अधिकारी को यहां बुलाकर इस काम को पूरी तरह से बंद कराया जाएगा। उन्होंने लोगों की मांग पर मुरादाबाद जनपद में कम से कम दो विधानसभा की सीट दिलाए जाने की मांग मंत्री जी के समक्ष रखी। पार्टी के मंडल अध्यक्ष सरजीत सिंह ने भी लोक दल की नीतियों को बताते हुए चौधरी जयंत के हाथ मजबूत करने का आह्वान किया और कहा कि इस बार कांठ विधानसभा सीट लोक दल के सहयोग से गठबंधन के खाते में पहुंचाने का काम करें। कार्यक्रम में मास्टर धर्मपाल सिंह पधान राजपाल सिंह पूर्व प्रधान रोहतास सिंह वेदपाल सिंह नेता मेहंदी हसन नितिन गुर्जर नकुल बिश्नोई संजय बिश्नोई धर्मवीर सिंह रामपाल सिंह अभय कुमार हरकिशन मोहम्मद शाहिद कमल कुमार सहित भारी संख्या में महिला पुरुष मौजूद रहे कार्यक्रम करीब चार घंटे चला।



### अभिनय ने पत्नी का आभार व्यक्त किया तो निकल आए आंसू

**कांठ।** लोक दल के नेता अभिनय चौधरी ने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया और कहा कि सबसे बड़ा आभारी तो मैं अपनी पत्नी का हूं जिसने इस कार्यक्रम में आकर उनका हौसला बढ़ाया और उन्होंने आज तक किसी भी कायकर्ता, पदाधिकारी या किसी भी व्यक्ति के आने पर मुंह नहीं मोड़ा, उन्होंने कहा की पत्नी की प्रेरणा से ही आज मैं इस मुकाम पर खड़ा हुआ हूं अगर पत्नी का सहयोग न होता तो मैं भी यहां नहीं होता इतनी बात सुनते ही माहौल मार्मिक हो गया उनकी पत्नी की आंखें नम हो गई और उन्होंने वामुश्किल अपने आप को संभालने का काम किया।

### मंडल अध्यक्ष की फिसल गई जुवान

**कांठ।** मंडल अध्यक्ष सरजीत सिंह ने अपना भाषण शुरू किया और पार्टी के बारे में जानकारी देते हुए जैसे ही जयंत चौधरी को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं देने का वक्त आया तो उनकी जुवान फिसल गई और उनके मूंह से श्रद्धांजलि निकल गया। लेकिन उन्होंने तुरंत अपने आप को संभाल लिया और सॉरी कहकर अपनी बात पूरी की लेकिन अकस्मात फिसली जुवान से कुछ पल के लिए माहौल बदल गया।

### विश्नोई समाज पर्यावरण सुरक्षा की मिसाल

**कांठ।** प्रभारी मंत्री अनिल कुमार लोक दल के नेता अभिनय चौधरी और जिलाध्यक्ष मनोज चौधरी ने सभा के उपरांत फार्म हाउस में पौधा रोपण किया और लोगों को पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया उन्होंने कहा कि बिश्नोई समाज पर्यावरण सुरक्षा के लिए विश्व में एक मिसाल है और यहां पौधारोपण करके बिश्नोई समाज और क्षेत्र के लोगों को पर्यावरण बचाने के लिए पौधारोपण किए जाने का संदेश दिया जा रहा है।

# विधायक कमाल अख्तर ने विधानसभा में उठाया कांठ में ओवर ब्रिज बनवाए जाने का मुद्दा

**कांठ (शाह टाइम्स)।** विधायक कांठ कमाल अख्तर ने विधान सभा की कार्यवाही के दौरान कांठ क्षेत्र से जुड़ी एक अत्यंत



महत्वपूर्ण और लंबे समय से चली आ रही जनसमस्या को सदन के समक्ष उठाया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश धार्मिक, सांस्कृतिक और आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहाँ देश के कोने-कोने से श्रद्धालु दर्शन और पूजा के लिए आते हैं। इसी क्रम में मुरादाबाद से होकर कांठ मार्ग के माध्यम से प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु हरिद्वार की यात्रा करते हैं। लेकिन कांठ में रेलवे फाटक पर पुल न होने के कारण श्रद्धालुओं के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों, छात्रों, मरीजों, किसानों और व्यापारियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। रेलवे फाटक बंद रहने की स्थिति में घंटों-घंटों तक लंबा जाम लग जाता है, जिससे लोगों को समय पर अपने गंतव्य तक पहुँचने में परेशानी होती है और कई बार आवश्यक सेवाएँ भी प्रभावित होती हैं। यह समस्या केवल यातायात तक सीमित नहीं है, बल्कि आम जनजीवन, व्यापार और क्षेत्रीय विकास पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने माँग उठाई कि कांठ के रेलवे फाटक पर शीघ्र रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कराया जाए, जिससे श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम हो, दुर्घटनाओं की आशंका कम हो और यातायात व्यवस्था स्थायी रूप से सुधर सके।

### राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के सलमान यूसुफ जिलाध्यक्ष नियुक्त

**मुरादाबाद।** राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद (रजि.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्रा द्वारा मुरादाबाद से तेज-तर्रार, निर्भीक एवं वरिष्ठ पत्रकार सलमान यूसुफ को संगठन का जिला अध्यक्ष, मुरादाबाद नियुक्त किया गया है। उनकी यह नियुक्ति पत्रकार जगत में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास किए जाएंगे तथा मुरादाबाद जनपद ही नहीं बल्कि पूरे मंडल में संगठन के विस्तार और उत्थान के लिए सक्रिय रूप से कार्य किया जाएगा। अधिक से अधिक पत्रकारों को संगठन से जोड़कर एक सशक्त मंच तैयार किया जाएगा, जिससे पत्रकार निर्भीक होकर अपनी जिम्मेदारी निभा सकें।

# अटल बिहारी वाजपेई की जन्म शताब्दी पर आनंदी फार्म हाउस में कवि सम्मेलन

**कांठ (शाह टाइम्स)** आनंदी फार्म हाउस भीकनपुर में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई का जन्म शताब्दी समारोह मनाया गया। जिसमें अनेक कवि और कवित्रीयो ने अपनी अपनी रचनाओं के माध्यम से विभिन्न पहलुओं की और लोगो का ध्यान खींचा। बक्ताओ ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला और उनके बताए हुए रास्ते पर चलने को प्रेरित किया। इस बीच पूर्व विधायक राजेश कुमार चुन्नू एवं अन्य अतिथियों ने सरकार की प्राथमिकताओं और योजनाओं से



अवगत कराते हुए लोगों से इनका लाभ उठाए जाने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष आकाश कुमार पाल, कार्यक्रम आयोजक राजेश कुमार चुन्नू, गन्ना समिति के अध्यक्ष मास्टर सुरेंद्र सिंह, संयोजक हुकम सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह, जिला महामंत्री राजन बिश्रोई, सूरज सिंह पाल पिछड़ा वर्ग आयोग, सौरव अग्रवाल, आभा अग्रवाल, अंकुश चौहान, आंचल चौधरी मंडल अध्यक्ष, संजय बिश्नोई अगवानपुर मंडल अध्यक्ष ,दीपक चौधरी पाकवाड़ा मंडल अध्यक्ष एवं राज. कुमार ठाकुर, मुकेश कुमार महेश्व. री,अमरीश, प्रमोद कुमार चौहान, चंचल पाल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आभार पूर्व विधायक राजेश कुमार चुन्नू ने जताया।

# दा मिल्लत स्कूल में विंटर कार्निवाल का सफल आयोजन

**कांठ (शाह टाइम्स)** दा मिल्लत स्कूल में आज विंटर कार्निवाल का आयोजन धूमधाम के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पीयूष भारद्वाज एवं प्रधानाचार्य इति बंसल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों अभिभावक और अतिथियों ने सहभागिता करते हुए स्टॉल पर लगे विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का आनंद उठाया। बच्चों द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमो ने सभी का दिल जीत लिया। बच्चों की इस कला की अतिथियों ने खुले मन से प्रशंसा की, विद्यालय के प्रबंधक, शिक्षक पुनीत अजहर हरगोविंद अलीना कनिका तानिया अर्शी सहित काफी लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की सफलता में समस्त स्टाफ का सहयोग रहा प्रधानाचार्य इति बंसल ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह के कार्यक्रम समय-समय पर किए जाने पर बल दिया।



# 27वीं यूपी पुलिस वार्षिक अश्वारोहण प्रतियोगिता के दूसरे दिन रोमांचक मुकाबले मुरादाबाद जोन का शानदार प्रदर्शन



**मुरादाबाद।** डॉ0 भीमराव आम्बेडकर उत्तर प्रदेश पुलिस अकादमी, मुरादाबाद के घुड़सवारी मैदान में 26 दिसंबर से 29 दिसंबर 2025 तक आयोजित 27वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक अश्वारोहण प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेल भावना और अनुशासन का उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को मिला। दिनांक 27 दिसंबर 2025 को आयोजित विभिन्न स्पर्धाओं में प्रदेश के अलग-अलग जोनों की टीमों ने भाग लेकर अपनी दक्षता का परिचय दिया।यूपी पुलिस ड्रेसाज व्यक्तिगत टीम स्पर्धा में लखनऊ, अलीगढ़, मेरठ, बरेली, सीतापुर तथा प्रशिक्षण जोन मुरादाबाद की टीमों ने भाग लिया। इस स्पर्धा में प्रशिक्षण जोन मुरादाबाद की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम में पुलिस उपाधीक्षक श्री रजनीश कुमार यादव (अश्व नगीना), मुख्य आरक्षी मुकेश बाबू (अश्व गौरव) तथा उप निरीक्षक राज नरेश (अश्व उर्वी) शामिल रहे। द्वितीय स्थान अलीगढ़ जोन की टीम को मिला, जिसमें आरक्षी रोहित कुमार (अश्व नेल्सन), मुख्य आरक्षी बीर सिंह (अश्व डायमण्ड) एवं आरक्षी प्रमोद कुमार (अश्व रिमझिम) शामिल रहे। वहीं तृतीय स्थान मेरठ जोन की टीम ने प्राप्त किया।रिले प्रतियोगिता में भी प्रतिभागियों ने बेहतरीन तालमेल और गति का प्रदर्शन किया। सीतापुर जोन से आरक्षी अविनाश कुमार (अश्व शाहीन) एवं आरक्षी कुलदीप कुमार (अश्व दारा) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रशिक्षण जोन मुरादाबाद की टीम ने द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल कर सराहनीय प्रदर्शन किया।यूपी पुलिस ब्रावो शो जम्पिंग स्पर्धा में सीतापुर से आरक्षी कुलदीप (अश्व दारा) ने प्रथम, प्रशिक्षण जोन से मुख्य आरक्षी बीर सिंह (अश्व गुलाब) ने द्वितीय तथा लखनऊ से आरक्षी अविनाश कुमार (अश्व शाहीन) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। व्यक्तिगत टेंट पैगिंग स्पर्धा में बरेली जोन के आरक्षी तरुण सांगवान (अश्व मूमल) ने प्रथम, आरक्षी रविन्द्र कुमार (अश्व रैम्बों) ने द्वितीय और सीतापुर के आरक्षी अजय कुमार (अश्व चंचल) ने तृतीय स्थान हासिल किया।प्रतियोगिता के विजेता अश्वों को रोजार्ड लगाकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का संचालन एकता केसरवानी, सपना गोला, शिवम चौधरी, सुमेरा आइशा, रिशू मिश्रा एवं चारू अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

निर्णायक मंडल में श्री सुनील रघुवंशी एवं श्री एकलव्य शर्मा शामिल रहे, जबकि मेडिकल टीम में डॉ0 जितेन्द्रवीर सिंह और डॉ0 शशि कुमार उपस्थित रहे। दिनांक 28 दिसंबर 2025 को प्रतियोगिता में सईस कम्पटीशन, यूपी पुलिस मिडले रिले, फाल्ट एंड आउट, हार्स टेस्ट एवं क्लोजिंग सेरेमनी आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर पुलिस अकादमी के अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# सिविल लाइन्स पुलिस की बड़ी कार्रवाई, भारी मात्रा में मादक पदार्थ के साथ एक महिला को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने के लिए लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अवैध मादक पदार्थों के निर्माण, तस्करी और नशे के कारोबार में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना सिविल लाइन्स पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने 1033 ग्राम अवैध गांजा के साथ एक महिला अभियुक्ता को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार अभियुक्ता की पहचान शीला उर्फ कोठों पत्नी स्वर्गीय जसवंत सिंह, निवासी आदर्श कॉलोनी, थाना सिविल लाइन्स, जनपद मुरादाबाद के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार अभियुक्ता के कब्जे से बरामद गांजा अवैध रूप से रखा गया था, जिसे बेचने अथवा तस्करी किए जाने की आशंका है। थाना सिविल लाइन्स पुलिस द्वारा अभियुक्ता के विरुद्ध मु0अ0सं0-979/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई प्रचलित है और अभियुक्ता से पूछताछ की जा रही है, ताकि इस अवैध नशे के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी प्राप्त की जा सके। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में नशे के कारोबार को किसी भी कीमत पर पनपने नहीं दिया जाएगा। अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस की इस कार्रवाई से नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।




# पुलिस करेगी न्यायालय में अपील

## फर्जी मुठभेड़ व झूठी विवेचना का मामला

**चन्दौसी।** जेल में निरुद्ध एक व्यक्ति को फर्जी मुठभेड़ और झूठी विवेचना के जरिए लूट के मामले में जेल भेजे जाने के प्रकरण में न्यायालय ने तत्कालीन बहजोई थाना प्रभारी सहित 12 पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज करने के आदेश दिए हैं। हालांकि इस आदेश के खिलाफ अब संभल पुलिस न्यायालय में अपील दायर करने की तैयारी कर रही है। बताया गया कि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, चन्दौसी द्वारा बहजोई पुलिस से इस मामले में आख्या तलब की गई थी। इसके अनुपालन में अपराध निरीक्षक बहजोई अजीत कुमार ने आख्या प्रस्तुत करते हुए बताया कि ओमवीर बदायूं जनपद का वर्तमान हिस्ट्रीशीटर है और एक पेशेवर अपराधी है। वहीं सात जुलाई 2022 को बहजोई पुलिस के तत्कालीन वरिष्ठ उपनिरीक्षक नरेश कुमार, उपनिरीक्षक नीरज कुमार मातोंडकर, उपनिरीक्षक जमील अहमद सहित अन्य पुलिसकर्मियों द्वारा तीन आरोपितों की गिरफ्तारी दर्शाते हुए बहजोई कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। रिपोर्ट में चेकिंग के दौरान आरोपितों को पकड़ने और उनके पास से नकदी बरामद होने का उल्लेख किया गया था। पुलिस के अनुसार आरोपितों ने 25 अप्रैल 2022 को हुई लूट की घटना में शामिल होने की बात भी स्वीकार की थी। वहीं इस मामले में ओमवीर ने न्यायालय में अपना पक्ष रखते हुए दावा किया कि घटना के समय वह बदायूं जेल में निरुद्ध था। प्रकरण की सुनवाई के बाद न्यायालय ने दो दिन पूर्व तत्कालीन बहजोई थाना प्रभारी निरीक्षक सहित 12 पुलिसकर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिए थे।

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक संभल कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि अभी मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है, इसके विरुद्ध अपील दायर की जाएगी, जिसकी तैयारी की जा रही है।

# मोटरसाइकिल चोरी का खुलासा, थाना मुगलपुरा पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

मुरादाबाद। जनपद में वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मुगलपुरा पुलिस को एक अहम सफलता मिली है। पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले का खुलासा करते हुए प्रकाश में आए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 26 दिसंबर को वादी विशाल सिंह पुत्र सत्यपाल सिंह, निवासी ग्राम गोट थाना कटघर ने थाना मुगलपुरा पर तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई थी कि अज्ञात चोर द्वारा उनकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली गई है। तहरीर के




आधार पर थाना मुगलपुरा पुलिस ने मु0अ0सं0- 256/25 धारा 303(2) बीएनएस के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर मामले की विवेचना प्रारंभ की।विवेचनात्मक कार्रवाई के दौरान दिनांक 27 दिसंबर को उप निरीक्षक राहुल गोयल, थाना मुगलपुरा द्वारा हमराही पुलिस बल के साथ सटीक सूचना के आधार पर प्रकाश में आए आरा. ेपी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान फरमान अली पुत्र इस्लाम अली, निवासी मोहल्ला तबैला बाबर खां की गली, थाना मुगलपुरा, जनपद मुरादाबाद के रूप में हुई है।पुलिस द्वारा की गई गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गई है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है, ताकि चोरी से जुड़े अन्य मामलों की भी जानकारी जुटाई जा सके।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वाहन चोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। आम जनता से भी अपील की गई है कि संदिग्ध गति. विधियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें, जिससे अपराध पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# इंग्लैंड की बॉक्सिंग डे टेस्ट में ऐतिहासिक जीत

## चौथे एशेज टेस्ट में दूसरे ही दिन ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराकर 14 साल का इंतजार खत्म किया

**मेलबर्न, वार्ता।** इंग्लैंड ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर बॉक्सिग डे पर इतिहास रच दिया, चौथे एशेज टेस्ट में दूसरे ही दिन शनिवार को ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराकर जनवरी 2011 के बाद ऑस्ट्रेलिया में अपनी पहली टेस्ट जीत हासिल की और 14 साल का इंतजार खत्म किया।

इस जीत से बार्मी आर्मी और इंग्लैंड टीम में जोरदार जश्न मनाया गया, जिसमें जो रूट और बेन स्टोक्स जैसे सीनियर खिलाड़ियों ने आखिरकार उस जीत का आनंद लिया जो उन्हें ऑस्ट्रेलिया में लंबे समय से नहीं मिली थी। इंग्लैंड के जोश टंग को मैच में सात विकेट लेने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। टॉस जीतकर इंग्लैंड ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, जिससे ऑस्ट्रेलिया पर तुरंत दबाव आ गया। मेजबान टीम पहली पारी में 152 रन ही बना पाई, जबकि इंग्लैंड ने 110 रन बनाए, जिससे ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में मामूली बढ़त मिली। अपनी दूसरी पारी में, ऑस्ट्रेलिया 132 रन पर ढेर हो गई, जिसमें ब्रायडन कार्स, बेन स्टोक्स और गस एटकिसन ने अनुशासित और धारदार गेंदबाजी से कहर बरपाया। कार्स ने मार्नस लाबुशेन और ट्रैविस हेड सहित चार विकेट लिए, जबकि स्टोक्स ने कैमरन ग्रीन, जेक वेदरल्ड और नेसर को आउट किया। मिशेल स्टार्क बिना खाता खोले आउट हो गए, रूट ने उनका कैच लिया, और पारी तब खत्म हुई जब जे रिचर्डसन ने पुल शॉट खेला और गेंद क्रॉली के हाथों में चली गई। 175 रनों का पीछा करते हुए, इंग्लैंड को तनावपूर्ण पलों का सामना करना पड़ा क्योंकि बेन डकेट और जैक क्रॉली की शुरुआती आक्रामकता ने मंच तैयार किया। जैकब बेथेल ने महत्वपूर्ण 40 रनों का योगदान दिया, जबकि जो रूट 15 रन बनाकर रिचर्डसन का शिकार हुए



और बेन स्टोक्स तब आउट हुए जब सिर्फ 10 रन चाहिए थे। हालांकि, हैरी ब्रूक और जेमी स्मिथ की शांत और संयमित बल्लेबाजी ने इंग्लैंड को जीत दिलाई, ब्रूक ने आखिरी ओवरों में महत्वपूर्ण चौके लगाकर ऐतिहासिक जीत पक्की की। इंग्लैंड ने छह विकेट पर 178 रन बनाए। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड ने कौशल, तनाव और नाटक से भरा एक रोमांचक मुकाबला देखा। दबाव में वापसी करने की इंग्लैंड की क्षमता, अनुशासित गेंदबाजी और सही समय पर साझेदारियों ने उन्हें बॉक्सिग डे पर एक यादगार जीत हासिल करने में मदद की। हालांकि यह जीत इस सीरीज में एशेज वापस पाने के लिए काफी नहीं है, लेकिन यह ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों में इंग्लैंड के लचीलेपन और जुझारू भावना को दिखाती है, जिससे उनके सीनियर खिलाड़ियों की सालों की निराशा खत्म हुई। इस मैच ने दोनों टीमों की गहराई और चरित्र को भी उजागर किया, ऑस्ट्रेलिया ने प्रतिरोध के कुछ पल दिखाए लेकिन आखिरकार इंग्लैंड के लगातार दबाव के आगे घुटने टेक

# दो दिन के अंदर 36 विकेट गिरना बहुत ज्यादा है: स्टीव स्मिथ

**मेलबर्न, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने इंग्लैंड के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट दो दिन में हारने के बाद कहा कि दो दिन के अंदर 36 विकेट गिरना बहुत ज्यादा है। स्मिथ ने शनिवार को मैच के बाद एमसीजी की पिच को लेकर कहा कि हां, यह काफी मुश्किल था। दो दिन के अंदर 36 विकेट गिरना बहुत ज्यादा हैं। ग्राउंड्समैन के तौर पर यह काफी मुश्किल है।

मेरे हिसाब से वह हमेशा सही प्रकार का संतुलन देने की कोशिश करते हैं। पिछले साल की पिच बहुत अच्छी थी और मैच पांचवें दिन तक गया था। इस बार भी अगर 10 मिमी की जगह 8 मिमी रखते तो सही रहता। लेकिन ग्राउंड्समैन हमेशा सीखते हैं और इस मैच से उन्हें काफी कुछ सीखने को मिलेगा। एमसीजी के क्यूरेटर मैट पेज ने इस बार 7-8 मिमी घास की जगह 10 मिमी घास रखी थी और अंत में इसी कारण से मैच सिर्फ दो दिन के



अंदर खत्म हो गया। स्मिथ ने आगे कहा कि जिन पिचों पर सीम गेंदबाजों को ज्यादा मदद मिलती है, वहां स्पिन खेलना आसान होता है और ऐसे में आप यही सोचते हैं कि इस तरह की पिच पर स्पिनर को खिलाकर 30-40 रन अतिरिक्त क्यों देना है। पर्थ में भी हमने स्पिनरों का ज्यादा इस्तेमाल नहीं किया था।

पिक बॉल टेस्ट में भी स्पिनरों का उपयोग नहीं किया गया था। एडिलेड में पिच अलग थी इसलिए वहां मामला अलग था। इस मैच में भी स्पिन गेंदबाजों को गेंद देने की जरूरत नहीं लगी। मुझे मैच में स्पिनरों का योगदान अच्छा लगता है लेकिन जहां जरूरत नहीं है, वहां मतलब नहीं बनता। टेस्ट इतिहास में पहली बार ऑस्ट्रेलिया ने पूरे मैच में किसी स्पिनर से गेंद नहीं करवाई। चार मैचों में अभी तक दो मैच में ऑस्ट्रेलिया ने चार तेज गेंदबाज खिलाए और पर्थ टेस्ट में भी नाथन लायन ने सिर्फ दो ओवर ही गेंदबाजी की थी। इंग्लैंड ने दो दिन के अंदर एशेज का चौथा टेस्ट जीता और यह इस सीरीज का दूसरा दो दिन वाला टेस्ट मैच था। इससे पहले 1912 में एक सीरीज में एक से ज्यादा दो दिन के टेस्ट खेले गए थे और ऑस्ट्रेलिया में सिर्फ चार बार दो दिन के टेस्ट मैच खेले गए हैं। इस सीरीज से पहले 1931 में मेलबर्न और 2022 में ब्रिस्बेन में यह रिकॉर्ड बना था। पिछले 20 सालों में एमसीजी की पिच ऑस्ट्रेलिया में बल्लेबाघी के लिए सबसे मुश्किल पिच थी। इसी कारण से 1932 के

# दीप्ति ने 1000 रन व 150 विकेट लेकर रचा इतिहास



**तिरुवनंतपुरम, वार्ता।** भारतीय महिला टीम की स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने श्रीलंका के खिलाफ तीसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले में ऐतिहासिक प्रदर्शन

### इस प्रारुप में महिला व पुरुष दोनों में यह कारनामा करने वाली पहली भारतीय क्रिकेटर

करते हुए कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। इस मैच में उन्होंने महिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने वाली तीसरी खिलाड़ी बनने की उपलब्धि के साथ इसी प्रारूप में एक हजार रन और 150 विकेट का डबल पूरा करने का भी कारनामा किया। वह इस प्रारुप में (महिला, पुरुष) दोनों में यह कारनामा करने वाली पहली भारतीय क्रिकेटर है।

ग्रीनफील्ड अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में शुक्रवार को दीप्ति के 3/18 के शानदार स्पेल से उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की महान एलिस पेरी को पीछे छोड़ दिया है। पेरी ने 271 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 331 विकेट थे। दीप्ति के नाम अब 333 विकेट हो गए हैं। यह कारनामा करने वालों में वह अब केवल इंग्लैंड की कैथरीन साइवर-ब्रंट और भारतीय दिग्गज झूलन गोस्वामी से पीछे हैं। 26 साल की दीप्ति ने इस छोटे फॉर्मेट में एक और बड़ा मुकाम हासिल किया। वह टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में 150 विकेट लेने वाली पहली भारतीय क्रिकेटर (पुरुष या महिला) खिलाड़ी बन गई। दीप्ति ने श्रीलंका की कविशा दिलहारी को आउट करके यह मुकाम हासिल किया और बाद में अपना 151वां टी-20 विकेट लिया, जिससे वह ऑस्ट्रेलिया की मेगन शट के साथ महिला टी-20 में सबसे अधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गईं। महिला एकदिवसीय में, वह झूलन गोस्वामी के बाद भारत की दूसरी सबसे अधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज हैं। उन्होंने 121 मैचों में 162 विकेट लिए हैं, जबकि पांच टेस्ट मैचों में 18-10 के शानदार औसत से 20 विकेट भी लिए हैं। उन्होंने अब इस प्रारुप में 1,100 से अधिक रन बनाए हैं और 151 विकेट भी लिए हैं। वह पुरुष और महिला क्रिकेट दोनों में टी-20 के इतिहास में एक हजार रन और 150 विकेट का कारनामा करने वाली पहली खिलाड़ी हैं।

# सफेद गेंद क्रिकेट में वापसी की तैयारी में पंत

**बेंगलुरु, वार्ता।** बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से क्षितिज पर एक एयरपोर्ट रनवे दिखाई देता है। विमानों के उड़ान भरने की आवाज जमीन तक नहीं पहुंचती, लेकिन नजारा दिखता है। गुजरात द्वारा पहले बल्लेबाजी करने के लिए कहे जाने के बाद दिल्ली की पारी के अधिकांश समय ऋषभ पंत खुद उड़ान भरने के लिए तैयार थे। लेकिन वह संयमित रहे, 20वें ओवर में 98 रन पर 3 विकेट गिरने के बाद मैदान पर आए थे। बेंगलुरु के बाहरी इलाके में, बड़ी भीड़ या ट्रैफिक की अनुपस्थिति में, खेल की गति बीच में आने वाली आवाजों से तय होती है। गेंदबाज के दौड़ने पर बल्ले की आवाज, फील्डरों का अपील के लिए जोर से चिल्लाना, बाउंसर के बल्लेबाज के पास से गुजरने के बाद आहें। पिच ने तेज गेंदबाजों को थोड़ी गति और उछाल दी, जिससे बल्लेबाजों के लिए जीवन और मुश्किल हो गया, जैसा कि विराट कोहली ने 29 गेंदों में अर्द्धशतक बनाया था। विशाल जायसवाल की शानदार लेफ्ट-आर्म स्पिन गेंदबाजी से स्टंप होने से पहले उन्होंने दिल्ली के 108 रनों में से 77 रन बनाए थे। फील्ड फैली हुई थी, और दिल्ली के बल्लेबाजों के खत्म होने का



खतरा था, ऐसे में पंत के लिए टिके रहना महत्वपूर्ण था, क्योंकि कोई राहत नजर नहीं आ रही थी। उन्होंने ज्यादातर गेंदों को इन-फील्डरों के पास से निकालकर सिंगल लिए और 20 और फिर 30 रन बनाए। पंत ने क्रीज पर टिके रहने पर ध्यान दिया और शुरुआत में शानदार, हवाई शॉट्स से काफी हद तक परहेज किया। क्रीज पर उनकी शांति, हर बार पिच पर बल्ला टैप करने पर जमा हो रही पावर से बिल्कुल अलग थी। उनका कंजर्वेटिव स्ट्रोक प्ले उस पावर से मेल नहीं खाता था जिसे वह उनमें इस्तेमाल कर रहे थे। फील्ड के पार एक और शॉट ने उन्हें 49 रन पर पहुंचा दिया। फिर उन्होंने जैसे ही रवि बिश्नोई को अपनी हिटिंग आर्क से दूर एक गलत गेंद फेंकते देखा, उन्होंने स्विच ऑन कर दिया। लाइन के पार एक जोरदार स्विंग के साथ उस पर टूट पड़े। उनका हाथ बल्ले से पूरी तरह अलग नहीं हुआ, जैसा कि उनके कई पावरफुल शॉट्स में होता है, लेकिन गेंद लॉन्ग-ऑन बाउंड्री के बहुत दूर चली गई। स्प्रिंग काफी देर से कसा हुआ था, और अब 50 रन पार करने के बाद, गेंदों के बीच उनके मूवमेंट की गति में कुछ बदलाव आया। वह अचानक क्रीज के पार कूदते हुए दिखे, दूसरे छोर पर हर्ष त्यागी के साथ ग्लव्स टैप करने के लिए ज्यादा उत्सुक थे। अपने अर्द्धशतक के तुरंत बाद, वह घुटनों पर बैठ गए, डीप-बैकवर्ड स्क्वायर लेग की तरफ स्वीप किया, भले ही वह लगभग दूसरी तरफ गिर गए थे। उन्होंने 62 गेंदों में अपना अर्द्धशतक पूरा किया था। उन्होंने अगली 16 गेंदों में 20 रन और जोड़े। इस सेट के रनों का सबसे अच्छा शॉट तब था जब वह अपनी क्रीज में काफी पीछे खड़े थे और एक गेंद अजीब तरह से उठी, ऑफ स्टंप के बाहर अच्छी लेंथ से थोड़ी पहले से ऊपर की ओर गई।

**संक्षिप्त खेल समाचार**

### न्यूलैंड्स में रनों की बरसात के बीच सीजन 4 का भव्य आगाज

**न्यूलैंड्स, वार्ता।** रयान रिकेल्टन का एसए20 में पहला शतक भी एमआई केप टाउन को हार से नहीं बचा सका। रोमांचक सीजन-4 के उद्घाटन मुकाबले में डरबन सुपर जायंट्स ने एमआई केप टाउन को 15 रन से हराकर विजई शुरुआत की। रनों से भरी इस ओपनिग नाइट में कुल 449 रन बने, जिसमें 25 छक्के और 40 चौके शामिल रहे। न्यूलैंड्स पहुंचे दर्शकों को शुरू से अंत तक भरपूर मनोरंजन देखने को मिला। डरबन सुपर जायंट्स की ओर से न्यूजीलैंड की नई ओपनिग जोड़ी कॉनवे और केन विलियमसन ने पावरप्ले में शानदार शुरुआत दी। दोनों ने मात्र 8-3 ओवर में 96 रन जोड़ दिए। विलियमसन (25 गेंदों पर 40 रन, 7 चौके) का विकेट एमआई केप टाउन के कप्तान ने मिड-ऑफ से पीछे दौड़ते हुए फुल-लेंथ डाइव लगाकर लाजवाब कैच लेकर गिराया।

### दो-दिवसीय टेस्ट से क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को हो सकता है लाखों का नुकसान

**मेलबर्न, वार्ता।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ टॉड ग्रीनबर्ग ने कहा कि छोटे टेस्ट बिजनेस के लिए खराब हैं व रिकॉर्ड भीड़ के बावजूद बॉक्सिग डे टेस्ट में पहले दिन 20 विकेट गिरने के बाद उन्होंने माना कि उनकी रात नींद के बिना गुजरी। सीए को उम्मीद थी कि ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच पूरे बॉक्सिग डे टेस्ट में भीड़ के रिकॉर्ड टूटेंगे, भले ही सीरीज खत्म हो गई थी, क्योंकि पहले तीन दिनों में पहले से बिके टिकटों की संख्या और पूरी सीरीज में अभूतपूर्व मांग थी। लेकिन पर्थ में दो-दिवसीय टेस्ट में पहले दिन 19 विकेट गिरने के बाद 50 लाख ऑस्ट्रेलियन डॉलर (33 लाख डॉलर) के आसपास का नुकसान होने के बाद, अगर मेलबर्न टेस्ट छह सेशन के अंदर खत्म हो गया।

# पंजाब किंग्स के पास चहल के लिए पर्याप्त बैकअप नहीं है: मुकुंद

### अभिनव मुकुंद ने कहा कि पंजाब किंग्स को ऑक्शन में ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं, क्योंकि उन्होंने पहले ही काफी इन्वेस्ट कर दिया था

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर अभिनव मुकुंद ने कहा है कि पंजाब किंग्स के पास युजवेंद्र चहल के लिए पर्याप्त बैकअप नहीं है। टाटा आईपीएल 2026 ऑक्शन में पंजाब किंग्स ने विष्णु विनोद और प्रवीण दुबे जैसे अहम घरेलू खिलाड़ियों के साथ-साथ मिडिल ऑर्डर में बैलेंस के लिए ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कूपर कॉनोली को लेकर अपनी टीम को मजबूत किया। जियो हॉटस्टार के 'टाटा आईपीएल ऑक्शन रिव्यू' में, जियोस्टार के एक्सपर्ट रॉबिन उथप्पा और अभिनव मुकुंद ने टीम के स्मार्ट एडिशन की तारीफ की, साथ ही स्पिन डेप्थ जैसे उन एरिया पर भी ध्यान दिलाया जिन पर ध्यान देने की जरूरत है। अभिनव मुकुंद ने कहा कि पंजाब किंग्स को ऑक्शन में ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं थी, क्योंकि उन्होंने पहले ही काफी इन्वेस्ट कर दिया था। एकमात्र चिंता की बात यह है कि युजवेंद्र चहल सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में नहीं खेले। इसलिए यह साफ नहीं है कि उनके पास उनके लिए पर्याप्त बैकअप है या नहीं। उन्होंने कर्नाटक के लेग-स्पिनर प्रवीण दुबे और कूपर कॉनोली को टीम में शामिल किया है, जो एक रोमांचक बाएं हाथ के ऑलराउंडर हैं और तीन से पांच नंबर तक कहीं भी बैटिंग कर सकते हैं।

# होल्डन, नसीम ने टीम को टॉप स्पॉट पर पहुंचाया



**शारजाह, वार्ता।** डेजर्ट वाइपर्स ने शारजाह वॉरियर्स को हराकर आईएल टी 20 पॉइंट्स टेबल में टॉप स्थान हासिल किया, जिसके परिणामस्वरूप वॉरियर्स टूर्नामेंट से बाहर हो गए। सामूहिक गेंदबाजी प्रदर्शन का नेतृत्व नसीम शाह के तीन विकेट (35 रन देकर 3 विकेट) ने किया, जिसके बाद मैक्स होल्डन ने नाबाद 65 रन बनाकर वाइपर्स को पांच विकेट और तीन गेंदें शेष रहते जीत

### सामूहिक गेंदबाजी प्रदर्शन का नेतृत्व नसीम शाह के तीन विकेट ने किया

दिलाई। बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने के बाद, वॉरियर्स की शुरुआत खराब रही और मोनांक पटेल और टॉम एबेल पहले दो ओवरों में आउट हो गए। चार्ल्स ने तीन चौके लगाए, जिसके बाद टॉम कोहलर-कैडमोर ने नसीम का स्वागत एक चौके और एक छक्के से किया, जिसमें पाकिस्तानी सीमर के 19 रन के ओवर में पांच वाइड भी शामिल थे। छठे से आठवें ओवर में वॉरियर्स केवल 13 रन बना पाए, लेकिन चार्ल्स ने कैस अहमद की गेंदों पर दो छक्के लगाए और साझेदारी 50 रन के पार पहुंच गई। ठीक जब दोनों पारी को संभालने की कोशिश कर रहे थे, तभी नसीम ने धीमी गेंद पर कोहलर-कैडमोर को बोल्ड कर दिया। हालांकि, चार्ल्स खतरनाक मूड में बने रहे और पेन की गेंदों पर दो चौके लगाए। लेकिन खेल 12वें ओवर में बदल गया जब कैस ने चार्ल्स और सिकंदर रजा को लगातार गेंदों पर आउट कर दिया, जिससे 12वें ओवर के अंदर ही वॉरियर्स के पांच विकेट गिर गए। जेम्स रीव ने 20 गेंदों में 22 रन बनाकर स्कोरबोर्ड को चालू रखा, लेकिन नसीम के हाथों आउट हो गए, जिसके बाद उन्होंने अपने आखिरी ओवर में हरमीत सिंह को भी आउट किया। आदिल राशिद के एक छक्के से वॉरियर्स का स्कोर 7 विकेट पर 140 रन हो गया। वाइपर्स की जवाबी पारी वैसी शुरू नहीं हुई जैसी उन्होंने उम्मीद की थी। 2-2 ओवर में उनके दो ओपनर - एंड्रीज गौस और फखर जमान के आउट होने के बाद उनका स्कोर 9 रन पर 2 विकेट था। इसके बाद पारी को संभालने का जिम्मा होल्डन और सैम करेन पर था और दोनों ने शुरुआत में ही ओवरपिच गेंदों पर चौके-छक्के लगाए। सातवें ओवर में, होल्डन ने रजा की गेंदों पर दो चौके और एक छक्का लगाया, जिससे गति वाइपर्स की ओर शिफ्ट होती रही। करन और होल्डन ने बीच के ओवरों में गेंद को बाउंड्री के पार पहुंचाया, जिसके बाद करन ने आदिल राशिद की गेंद पर छक्का लगाकर 50 रन की पार्टनरशिप पूरी की। हरमीत ने करन का विकेट लेकर पार्टनरशिप तोड़ी, जो 25 रन बनाकर पैड पर गेंद लगने के बाद आउट हो गए। डैन लॉरेंस ने हरमीत की गेंद पर छक्का लगाया, लेकिन अगले ही ओवर में लेफ्ट-आर्मर ने लॉरेंस को लॉन्ग-ऑन पर कैच आउट करवाकर बदला ले लिया। हरमीत शानदार बॉलिंग कर रहे थे और 16वें ओवर में जेसन रॉय का विकेट लेकर अपना तीसरा विकेट लिया। विकेट गिरने के बीच, होल्डन ने इस सीजन का अपना तीसरा अर्द्धशतक पूरा किया।

### ढाका कैपिटल्स के असिस्टेंट कोच महबूब अली जकी का निधन

**बांग्लादेश, वार्ता।** बांग्लादेश प्रीमियर लीग टूर्नामेंट में ढाका कैपिटल्स के असिस्टेंट कोच महबूब अली जकी का शनिवार को राजशाही रॉयल्स के खिलाफ मैच से पहले मैदान पर गिरने के बाद निधन हो गया। जकी 59 वर्ष के थे। यहां सिलहट इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में जब कैपिटल्स की टीम मैच से पहले की तैयारी कर रही थी। इसी दौरान जकी मैदान पर गिर गए। उन्हें एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाने से पहले टीम के सदस्य व चिकित्सकों द्वारा सीपीआर दिया गया। उन्हें अल हरमैन अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। बीसीबी के मुख्य फिजिशियन देबाशीष चौधरी ने जकी के निधन की पुष्टि की। ढाका टीम के अधिकारियों ने बताया कि घटना से पहले जकी ने किसी भी तरह की स्वास्थ्य समस्या की शिकायत नहीं की थी।

# बेन स्टोक्स, जो रूट ने इंग्लैंड के 'बहादुर' जवाब की तारीफ की

**मेलबर्न, वार्ता।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और सीनियर बल्लेबाज जो रूट ने ऑस्ट्रेलिया पर मेलबर्न में बॉक्सिग डे टेस्ट में अपनी ऐतिहासिक जीत में साहस और बहादुरी दिखाने के लिए अपनी टीम की तारीफ की और बताया कि चौथे टेस्ट से पहले मुश्किल हालात में टीम ने कैसे जवाब दिया।

रूट ने फॉक्स क्रिकेट को एक साइडलाइन इंटरव्यू में कहा कि जाहिर है, सीरीज हारना हमेशा बहुत निराशाजनक होता है, लेकिन मुझे लगता है कि यह बहुत जरूरी था कि हमने बाकी सीरीज के लिए बहुत ज्यादा हिम्मत दिखाई। रूट ऑस्ट्रेलिया में इंग्लैंड के 18 टेस्ट में से 17 में खेले थे। इस टीम पर बहुत कुछ फेंका गया है और जिस तरह से हमने इन दो दिनों में जवाब दिया है, वह शानदार रहा है। साफ तौर पर यह

- **रूट ने फॉक्स क्रिकेट को एक साइडलानइ इंटरव्यू में कहा कि जाहिर है कि सीरीज हारना हमेशा बहुत निराशाजनक होता है**

एक बहुत तेज टेस्ट मैच था, जिस पिच पर हमें खेलने का मौका मिला, लेकिन मुझे लगता है कि हमने जितना हो सका, उसके हिसाब से खुद को ढाला और जब भी मौका मिला, उसका फायदा उठाया। हमने आज बल्ले से चीजों को जिस तरह से संभाला, उसमें थोड़ी बहादुरी दिखाई और यही वजह है कि हमने टेस्ट मैच जीता। आप उनसे यह उम्मीद नहीं कर सकते कि वे आपको यह आसानी से दे देंगे। जैसा कि मैंने कहा, मैं यहां कई बार गलत नतीजे का सामना कर चुका हूं, इसलिए आपको पता होता है कि क्या उम्मीद करनी है। आपको पता है कि ऑस्ट्रेलिया अपनी परिस्थितियों में कितना अच्छा है। लेकिन आज हम मैच जीतने में कामयाब रहे, यह बहुत बढ़िया है और उम्मीद है कि हम इस हफ्ते और अगले हफ्ते भी इसमें सुधार कर पाएंगे। स्टोक्स ने भी यही बात दोहराई और बताया कि टेस्ट से पहले टीम के आसपास इतना शोर होने के बावजूद टीम कैसे फोकस्ड रही, जिसमें उनके नूसा ट्रिप पर सवाल, बेन डकेट से जुड़ा एक लीक हुआ वीडियो जिसकी वजह से ईसीबी की जांच हुई, और एक ऐसे मुकाबले में 3-0 से सीरीज हारने का दबाव शामिल था जिसके प्रतिस्पर्धी होने की उम्मीद थी। स्टोक्स ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन में कहा कि इस मैच से पहले के कुछ दिनों में हमारे सामने काफी कुछ आया। इतनी सारी चीजों के बावजूद यहां आकर वैसा प्रदर्शन करना जैसा हमने किया।

# 2025 में भारतीय महिलाओं ने हासिल की ऐतिहासिक उपलब्धियां

## क्रिकेट, हॉकी, डेफलिपिक्स, पैरा खेलों व अन्य वैश्वि मंच के खेलों में कामयाबी के साथ साल का समापन किया

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय महिलाओं ने क्रिकेट, हॉकी, डेफलिपिक्स, पैरा खेलों तथा अन्य वैश्विक मंच के खेलों में कई ऐतिहासिक उपलब्धियों के साथ 2025 का समापन किया। एकदिवसीय क्रिकेट, शतरंज और मुक्केबाजी में विश्व खिताब से लेकर हॉकी में महाद्वीपीय सफलता और ब्लाइंड महिला क्रिकेट में एक ऐतिहासिक पहली उपलब्धि तक, भारतीय महिला खिलाड़ियों ने न केवल पदक जीते बल्कि देश भर में महिलाओं के खेल के दायरे और पहचान का भी विस्तार किया। इस वर्ष आखिर में हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराकर अपना पहला आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप खिताब जीता। देश में इस खेल के लिए यह एक निर्णायक क्षण था। व्यक्तिगत तौर पर, स्मृति मंधाना ने अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में चार हजार रन बनाने के लैंडमार्क पार किया, ऐसा करने वाली वह पहली भारतीय महिला बनीं और इससे भारतीय महिला क्रिकेट में बढ़ती गहराई, निरंतरता और पेशेवर प्रवृति को देखी गई। इसके अलावा भारतीय दृष्टिबाधित महिला टीम ने कोलंबो में खेले गए पहले ब्लाइंड महिला टी-20 विश्व कप में नेपाल को सात विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। दीपिका टीसी की अगुवाई में भारतीय दृष्टिबाधित टीम ने छह देशों नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका, आस्ट्रेलिया और अमेरिका के खिलाफ दमदार प्रदर्शन किया और 23 नवम्बर को कोलंबो में खेले गए फाइनल में शानदार जीत दर्ज की। भारतीय महिला टीम की स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने श्रीलंका के खिलाफ तीसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। इस मैच में उन्होंने महिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने वाली तीसरी खिलाड़ी बनने की उपलब्धि के साथ इसी प्रारूप में एक हजार रन और 150 विकेट का डबल पूरा करने का भी कारनामा किया। वह इस प्रारुप में (महिला, पुरुष) दोनों में यह कारनामा करने वाली पहली भारतीय क्रिकेटर है। इस साल की सबसे बड़ी व्यक्तिगत उपलब्धियों में से एक शतरंज में मिली, जहां दिव्या देशमुख ने जुलाई में फिडे महिला विश्व कप जीतकर इतिहास रचते हुए यह प्रतिष्ठित वैश्विक खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गईं। उनकी जीत ने विश्व शतरंज में भारत के बढ़ते दबदबे को फिर से साबित किया और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने वाली महिला खिलाड़ियों की नई पीढ़ी के उदय को भी दिखाया। भारतीय महिला मुक्केबाजों ने विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में अपना दबदबा बनाए

# कटघर थाना पुलिस ने गोकशी के तीन आरोपियों को मुठभेड़ में दबोचा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** थाना कटघर पुलिस ने गौकशी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस मुठभेड़ के दौरान तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस मुठभेड़ में दो आरोपी गोली लगने से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार अपनी टीम के साथ थाना कटघर क्षेत्र के गौकशी प्रभावित इलाके में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान कल्याणपुर अंडरपास के पास कच्चे रास्ते पर संदिग्ध गतिविधि दिखाई दी। पुलिस द्वारा रोकने पर आरोपियों ने फायरिंग शुरू कर दी, जिसके जवाब में पुलिस ने आत्मरक्षार्थ कार्रवाई की। मुठभेड़ के दौरान दो आरोपी घायल हो गए, जबकि एक अन्य को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह एवं क्षेत्राधिकारी कटघर के नेतृत्व व पर्यवेक्षण में की गई।



पुलिस ने मौके से गौकशी में प्रयुक्त अवैध असलहा, कारतूस और मीट काटने के उपकरण बरामद किए हैं।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रऊफ पुत्र शकील निवासी सक्टूनगला थाना मूंढापाण्डे जनपद मुरादाबाद (घायल), इकरार पुत्र इशरार निवासी मोहल्ला हीरापुर टंकी के पास कस्बा व थाना गुन्नौर जनपद सम्भल (घायल) तथा शाने आलम पुत्र मोबिन निवासी सक्टूनगला थाना मूंढापाण्डे जनपद मुरादाबाद के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी रऊफ और इकरार के पास से एक-एक देशी तमंचा 315 बोर, नाल में फंसा खोखा कारतूस और दो-दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। इसके अलावा आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने एक मोटरसाइकिल, चार अवैध छुरियां, दो कुल्हाड़ी, एक लकड़ी का गुटका, दो लोहे के सुम्बे, एक दस्ताना और पानी की बोतल भी बरामद की है।पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा जा रहा है।

क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा लगातार निगरानी और सघन चेकिंग अभियान जारी है।

## दुष्कर्म के बाद शादी, फिर दहेज उत्पीड़न व गर्भवती महिला से मारपीट का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**ठाकुरद्वारा।** थाना ठाकुरद्वारा क्षेत्र के मुरादाबाद रोड स्थित एक विवाहिता ने पति समेत ससुराल पक्ष पर दुष्कर्म, दहेज उत्पीड़न, मारपीट और गर्भ गिराने के प्रयास जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने विवाहिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि क्षेत्र के गांव लौगी कंला निवासी व्यक्ति ने उसके घर में घुसकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया था, जिसकी शिकायत उसने 9 अक्टूबर 2025 को थाना ठाकुरद्वारा में की थी। आरोप है कि मुकदमे से बचने के उद्देश्य से आरोपी और उसके परिजनों ने 20 अगस्त 2025 को उसके साथ निकाह कर लिया। शादी के बाद पीड़िता का आरोप है कि उसका जेठ उस पर बुरी नजर रखने लगा और कई बार उसके साथ जबरदस्ती करने का प्रयास किया। जेठ द्वारा हाथ पकड़ने और दुष्कर्म की कोशिश के साथ यह कहकर धमकाया जाता था कि दहेज में कुछ नहीं लाया गया है और अब उसकी इच्छा पूरी करनी होगी। पीड़िता ने इसकी शिकायत पति और अन्य ससुरालियों से की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। पीड़िता के अनुसार 18 अक्टूबर 2025 उसके पति, ससुर, सास, जेठ, दूसरे जेठ, जेठानी, ननदों ने गुड़िया का पति रियासत सहित अन्य परिजनों ने मिलकर उससे दस लाख रुपये दहेज की मांग की। मांग पूरी न होने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और केवल पहने हुए कपड़ों में उसे घर से धक्के मारकर निकाल दिया। विवाहिता का कहना है कि उससे शादी सिर्फ मुकदमे से बचने के लिए की गई थी। पीड़िता ने बताया कि वह गर्भवती है और मारपीट के दौरान उसके ससुर ने जानबूझकर उसके पेट में लात मारी, जिससे गर्भ गिराने का प्रयास किया गया, हालांकि सौभाग्यवश गर्भ सुरक्षित रहा। किसी तरह जान बचाकर वह अपने मायके पहुंची और परिजनों को पूरी घटना बताई। पीड़िता ने पुलिस से पति और ससुराल पक्ष के सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## एक नजर

### प्रतियोगिता के तीसरे दिन आज बालिका वर्ग के मुकाबले खेले गए

**कुंदरकी।** किसान पब्लिक इंटर कॉलेज मैं चल रही बैडमिंटन प्रतियोगिता के तीसरे दिन आज बालिका वर्ग के मुकाबले खेले गए जिसमें सावित्री बाई फुले ने कल्पना चावला कि टीम को तीन सेटों 12 15, 15 8, 11 15, में हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया वहीं दूसरी ओर स्मृति मंधाना कि टीम ने कल्पना चावला टीम को 5 15, 11 15, 14 15, के तीन सीटो में हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया इसी प्रकार बालक वर्ग में भी पुणे एसेस ने चंडीगढ़ टाइगर स्कोर भारी अंतर से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया एक अन्य मुकाबले में मुंबई रॉकेट ने गुड़गांव बैरियर्स को रोमांस करी मुकाबले में हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। मैच के स्कोरिंग चौधरी अमर सिंह, रेफरी की भूमिका अरकान खान ने कंट्री की भूमिका इंतखाब आलम ने निभाई इस दौरान कॉलेज प्रशासक आरिफ एड एडवोकेट अफरोज पाशा हुस्न ए आलम मोहम्मद उजैफ गुलजेब पाशा ने निभाई सोमवार को किसान बैडमिंटन लीग का बालक एवं बालिका वर्ग का फाइनल मैच खेला जाएगा।



### बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में रामलीला महासंघ ने अंबेडकर पार्क में किया मौन प्रदर्शन



**मुरादाबाद।** बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे कथित अत्याचारों के विरोध में शनिवार को रामलीला महासंघ के अध्यक्ष के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर संगठन की ओर से जिला कलेक्ट्रेट तक एक शांतिपूर्ण मौन रैली का आयोजन किया गया। मौन रैली में शामिल कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां लेकर बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों, मंदिरों में तोड़फोड़ और आम नागरिकों पर अत्याचार के विरोध में अपना आक्रोश व्यक्त करते नजर आए। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि बांग्लादेश में लगातार हिंदू समुदाय को निशाना बनाया जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोई ठोस और प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है।रामलीला महासंघ द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में केंद्र सरकार से मांग की गई कि बांग्लादेश सरकार पर कूटनीतिक दबाव बनाकर वहां हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित कराई जाए तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं। संगठन के अध्यक्ष ने कहा कि रामलीला महासंघ हमेशा सामाजिक और राष्ट्रीय मुद्दों पर आवाज उठाता रहा है और आगे भी अन्याय के खिलाफ संघर्ष जारी रखेगा।मौन प्रदर्शन के दौरान पूरे क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रही। प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ।

### दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह में चन्दौसी के डॉ. वीरेश कुमार को डॉक्टरेट आइकॉनिक पीस अवार्ड से नवाजा गया




**चन्दौसी।** दिल्ली के प्रतिष्ठित कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया के तत्वाधान में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में चन्दौसी स्थित पार्थ हॉस्पिटल के संचालक डॉ. वीरेश कुमार को सामाजिक एवं चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट और सराहनीय योगदान के लिए डॉक्टरेट आइकॉनिक पीस अवार्ड काउंसिल द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें चिकित्सा सेवाओं के साथ-साथ समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया। सम्मान ग्रहण करने के उपरांत डॉ. वीरेश कुमार ने कहा कि यह पुरस्कार केवल उनका नहीं, बल्कि उनकी पूरी चिकित्सा टीम और उन सभी लोगों का है, जिन्होंने समाजसेवा के इस सफर में उनका सहयोग किया। उन्होंने कहा कि इस सम्मान से उन्हें मानव सेवा के कार्यों को और अधिक समर्पण भाव से करने की प्रेरणा मिली है।

## अदालत के आदेश से महिला के ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज

**कांठ( शाह टाइम्स )** अदालत के आदेश से महिला के ससुरालियों पर पुलिस ने दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज किया है सिकंदराबाद निवासी बेगराज सिंह की लड़की लक्ष्मी की शादी जनपद बिजनौर के हाफिजाबाद में बिसंभर पुत्र गंगाराम के साथ की थी जिसमें नगद व अन्य सामान में काफी रुपए खर्च किए लेकिन पति बिशम्भर देवर सत्यम सास शकुंतला ननंद नंदोई आदि ने कम दहेज को लेकर उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी आरोप है कि नंदो ने भाई को भावी के खिलाफ भड़काना शुरू कर दिया उनके उकसावे में आकर उसने लक्ष्मी के साथ जानवरों की तरह मारपीट करते हुए गलत व्यवहार किया। पीड़िता ने देवर आदि पर भी कई गंभीर आरोप लगाए और कहा कि 24 मार्च को उन्होंने मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया पीड़िता ने सूचना देकर अपने भाई को वहां बुला लिया जहां उसकी चोटों का चिकित्सा परीक्षण भी किया गया। इसके बाद कुछ लोगों के बीच में पडने के बाद समझौता हो गया लेकिन उन्होंने फिर मारपीट करते हुए उसे धक्के देकर घर से बाहर निकाल दिया। थाने पहुंची तो सुनाई ना होने पर उसने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई अब अदालत के आदेश पर पुलिस ने ससुराल वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## 1400 पुलिस प्रशिक्षुओं को दिया गया सीपीआर का प्रशिक्षण

**मुरादाबाद।** सिद्ध मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के द्वारा अपनी प्रमुख सामुदायिक जागरूकता पहल 'लाइफसेवर के अंतर्गत 26 एवं 27 दिसंबर को पुलिस प्रशिक्षणार्थियों के लिए दो दिवसीय सीपीआर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में लगभग 1,400 पुलिस प्रशिक्षुओं को जीवनरक्षक सीपीआर तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।इस आयोजन के साथ ही सिद्ध हॉस्पिटल अब तक 100 से अधिक सीपीआर प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर चुका है, जो आपातकालीन स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर अस्पताल की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रशिक्षण सत्रों में हैँड्स-ओनली सीपीआर, अचानक हृदयगति रुकने (सडन कार्डियक अरेस्ट) की पहचान, त्वरित आपात प्रतिक्रिया और समय पर चिकित्सा सहायता के समन्वय पर विशेष जोर दिया गया। मैनिक्विन के माध्यम से अभ्यास कराकर प्रशिक्षुओं को वास्तविक परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार किया गया।पुलिसकर्मी दुर्घटनाओं, सार्वजनिक आयोजनों और आपात स्थितियों में प्रथम प्रत्युत्तरकर्ता (फर्स्ट रिस्पॉन्डर) होते हैं। ऐसे में उन्हें सीपीआर का प्रशिक्षण देना समाज की जीवनरक्षा क्षमता को मजबूत बनाता है। इस अवसर पर सिद्ध हॉस्पिटल के संस्थापक एवं वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुराग मेहरोत्रा ने कहा कि अचानक हृदयगति रुकने की स्थिति में एंबुलेंस के आने से पहले के कुछ मिनट बेहद महत्वपूर्ण होते हैं और सही समय पर दिया गया सीपीआर जीवन बचा सकता है।प्रशिक्षुओं ने प्रशिक्षण को सरल, उपयोगी और व्यावहारिक बताया।



प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। 'लाइफसेवर' पहल के माध्यम से सिद्ध हॉस्पिटल समुदाय-केंद्रित और रोकथाम आधारित स्वास्थ्य सेवाओं को निरंतर बढ़ावा दे रहा है।

## परिवार पर बुरी आत्मा का साया बताकर तांत्रिक ने महिला से ठगे दो लाख के जेवर

**ठाकुरद्वारा।** नगर पालिका परिषद ठाकुरद्वारा में तैनात एक सफाई कर्मचारी की पत्नी से तांत्रिक द्वारा दो लाख रुपये कीमत के सोने के जेवर ठग लिए जाने का मामला सामने आया है। ठगों ने महिला को परिवार पर बुरी आत्मा का साया होने का भय दिखाकर वारदात को अंजाम दिया। मोहल्ला वाल्मीकि बस्ती निवासी तथा नगर पालिका में सफाई कर्मचारी के पद पर कार्यरत सोवीर सिंह ने बताया कि उनकी पत्नी सविता तिकोनिया क्षेत्र स्थित एक होटल में काम करती है। बृहस्पतिवार दोपहर करीब एक बजे ड्यूटी समाप्त कर घर लौटते समय केनरा बैंक के पास बाइक पर सवार एक महिला और एक पुरुष ने उसे रोक लिया। महिला ने पुरुष को बड़ा सिद्ध पुरुष बताते हुए कहा कि वह सब कुछ जानते हैं।

इसके बाद कथित तांत्रिक ने सविता से कहा कि उसके परिवार पर बुरी आत्मा का साया है, जिससे बड़ा नुकसान हो सकता है। यह सुनकर सविता घबरा गई और उसने उपाय पूछा। तांत्रिक ने उसे पहने हुए सोने के कुंडल और मंगलसूत्र उतारने को कहा और दावा किया कि इन्हीं से वह बुरी आत्मा को दूर कर देगा। जेवर उतरवाने के बाद तांत्रिक ने सविता से 56 कदम पीछे चलने और पीछे मुड़कर न देखने को कहा। जैसे ही सविता पीछे की ओर चली, दोनों ठग बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। पीड़ित के अनुसार सविता के पास करीब डेढ तोला सोने के जेवर थे, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग दो लाख रुपये है। सोवीर सिंह ने बताया कि बीते एक महीने में इसी तरह की तीन अन्य घटनाएं भी हो चुकी हैं। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि इस मामले में अभी तक कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। शिकायत मिलने पर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## वर्षीय युवती संदिग्ध हालात में लापता पिता ने थाने में दर्ज कराई गुमशुदगी

**ठाकुरद्वारा।** नगर निवासी एक व्यक्ति ने अपनी 20 वर्षीय पुत्री के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने की सूचना थाने में दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। नगर निवासी ने पुलिस को दी त हरी में कहा कि उसकी पुत्री 25 दिसंबर 2025 की सुबह करीब 5 बजे बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गई।

परिजनों ने युवती की काफी तलाश की, रिश्तेदारों व परिचितों के यहां भी पूछताछ की, लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद परिजन थाने पहुंचे और पुलिस से मदद की गुहार लगाई। पुलिस का कहना है कि गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है तथा युवती की तलाश के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। आसपास के क्षेत्रों में जानकारी जुटाने के साथ-साथ संभावित स्थानों पर भी जांच की जा रही।

## जिलाध्यक्ष बने सलीम अंसारी का हुआ स्वागत



शाह टाइम्स संवाददाता

**बिलारी।** राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन उ.प्र. (रजि.) द्वारा मोहम्मद सलीम अंसारी को जिला अध्यक्ष, मुरादाबाद बनाए जाने पर उन्हें विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक हस्तियों द्वारा बधाई दी जा रही है। इसी क्रम में समाजवादी पार्टी के विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने सलीम अंसारी को फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया। यह स्वागत कार्यक्रम विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान के कैंप कार्यालय एम.आई. हाउस, बिलारी में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि सामाजिक संगठनों की भूमिका समाज को एकजुट करने में महत्वपूर्ण होती है और सलीम अंसारी जैसे सक्रिय युवाओं को जिम्मेदारी मिलने से संगठन को नई दिशा मिलेगी। सलीम अंसारी ने विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन को मजबूती देने के साथ-साथ समाज के हक और अधिकारों की आवाज को बुलंद करेंगे। इस मौके पर संगठन के पदाधिकारी, समा. जवादी पार्टी के कार्यकर्ता जिला उपाध्यक्ष हाजी मोहम्मद उस्मान एडवोकेट, प्रधानपति सद्दाम सैफी, सभासद आमिल सिद्दीकी, हप्पू राजा, वाशिक अंसारी, अकरम सैफी, आरिफ सैफी, विश्वजीत सिंह यादव एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पुलिस ने ससुरालियों पर घटना के दस दिन बाद दर्ज की रिपोर्ट

**कांठ( शाह टाइम्स )** आखिर घटना के 10 दिन बाद पुलिस ने महिला के ससुरालियों पर एफआईआर दर्ज करके जांच शुरू की है। नगर के फकीर गंज निवासी भगवत सिंह का कहना है की उसकी पुत्री को उसकी चाची 16 दिसंबर को दिन में उसकी ससुराल काशीपुर छोड़कर आई थी लेकिन रात्रि को वह कांठ रविदास मंदिर के सामने सड़क पर नशे की हालत में पड़ी मिली उसने इसकी सूचना पुलिस को दी तो पुलिस ने इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की, पीड़ित का कहना था कि चाची द्वारा उसकी लड़की को ससुराल छोड़ने के बाद वहां उसकी नंद निशि, हेमा एवं पति संजीव ने उनकी लड़की को चाय पिलाई और मारपीट कर हाथ बांधकर गाड़ी में डाल दिया गाड़ी के अंदर एक और अज्ञात व्यक्ति था जिसने रास्ते में लड़की के साथ गलत हरकतें की और करीब 11:00 बजे उनकी पुत्री को नशे की हालत में रविदास मंदिर के सामने गिराकर भाग गए इसकी सूचना पुलिस को दी लेकिन उन्होंने दिन में आने की बात कहकर टाल दिया वह दो-तीन बार थाने गया उसके बावजूद भी उसकी सुनवाई नहीं हुई लेकिन अधिकारियों से शिकायत के बाद पुलिस ने आज मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

## प्रभु ने अपने बचपन के साथी सुदामा की दरिद्रता को किया दूर



**बिलारी।** नगर के मन्दिर पौंडखेड़ा में अमृत बर्षा में स्वामी नरेन्द्रनन्द सरस्वती महाराज ने गजेन्द्र मोक्ष, गणिका आदि अनेक आत्माओं के उद्धार का प्रसंग सुनाया। श्रीकृष्ण द्वारा अपने बचपन के साथी सुदामा की दरिद्रता को दूर कर दया की वर्षा करने का वर्णन किया। प्रभु जानते थे जिस वंश में मेरा जन्म हुआ, यह दुर्वासा ऋषि द्वारा शापित है। भगवान ने कहा कि हे परीक्षित, तुम्हारे परिजन साथ लेकर प्रभास तीर्थ गए, वहाँ आपस में लड़ाई होने पर एक-दूसरे को सरकंडे से मार गिराया। तुम्हारे दादा अर्जुन ने पूछा कि यह इतने बलवान थे तो सरकंडे से कैसे मारे गए? प्रभु ने कहा कि ये सभी इस तीर्थ में मोक्ष को प्राप्त हो गए। प्रभु ने अर्जुन से कहा अब मैं अपनी लीलाओं को समाप्त करके अपने निज धाम जाने वाला हूँ। तुम्हें ब्रज की गोपियों को बुलाना है। मार्ग में भीलों ने अर्जुन पर हमला कर दिया, अर्जुन के बाजू निष्फल हो गए तब उन्होंने प्रभु को पुकारा। प्रभु ने उनकी रक्षा की एवं एक छायादार वृक्ष के नीचे आराम करने लगे। भगवान के पैर के चिह्न को दूर से मृग की आँख समझकर भील ने बाण मारा। जिससे प्रभु अपने धाम को जाने लगे। प्रभु ने अर्जुन से कहा कि मेरे बाद पृथ्वी पर कलियुग आने वाला है जो अधर्म को बढ़ाएगा। उस समय मेरा ही विग्रह स्वरूप श्रीमद् भागवत प्रसंग का जो भी श्रवण करेगा, वह कलियुग की कुदृष्टि से बचा रहेगा। यजमान के रूप में कथा समिति के संजीव गुप्ता, आकाश गुप्ता, दीपक गुप्ता, पंकज चौहान, नितिन गुप्ता, चमन गुप्ता, शिखा गुप्ता, रुचि गुप्ता, प्रीति गुप्ता, रूवी गुप्ता आदि रहे।

## एसएमएस वैध जी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बीर बाल दिवस मनाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिलारी।** वीर बाल दिवस के अवसर पर बच्चों एवं टीचर्स को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के द्वारा लाइव प्रेरणादायक भाषण दिखाया एवं सुनवाया गया, जिसे सुनकर बच्चे भाव विभोर हो गए। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या सुहासिनी सिंह एवं उपप्रधानाचार्य रामचंद्र शर्मा ने अपने वक्तव्य में बताया कि 26 दिसंबर को सिक्खों के 10वें गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह (आयु 9 वर्ष) और बाबा फतेह सिंह जी (आयु 6 वर्ष) ने अपने धर्म के प्रति समर्पण एवं निष्ठा को बचाए रखने के लिए अपने प्राणों की बलि दे दी। दिसंबर 1705 में सरहिंद के मुगल नबाब वजीर खान ने गुरु गोविंद सिंह जी के 2 छोटे बेटों को बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह को बंदी बना लिया उन्हें इस्लाम धर्म अपनाने के लिए बहुत लालच और धमकियां दी गई लेकिन दोनों साहिबजादे अपने धर्म और सिद्धांतों पर अडिग रहे।

शहादत : जब उन्होंने झुकने से इंकार कर दिया तो वजीर खान ने दोनों बच्चों को जिंदा ही दीवार में चिनवा दिया। 26 दिसंबर 1705 को अपने धर्म की रक्षा करते हुए दोनों साहिब. जादों ने अंतिम सांस ली और बाल्यावस्था में ही वीरगति को प्राप्त हुए। प्रधानमंत्री महोदय नरेंद्र मोदी जी ने 9 जनवरी 2022 ( गुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाश पर्व) को इस दिन को मनाने की घोषणा की।



इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक गोपाल कृष्ण भारद्वाज जी एवं निदेशक महोदय डॉक्टर अभिषेक भारद्वाज ने बच्चों को ष्वीर बाल दिवस ष से सबक लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विशेष योगदान विशाल वर्मा आकाश भारद्वाज का रहा।

### गुरुद्वारा में हुआ सबद कीर्तन और लंगर का आयोजन



**बिलारी।** राष्ट्र एवं धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले श्रीगुरु गोविंद सिंह के साहिबजादे श्री जोरावर सिंह व श्री फतेह सिंह के बलिदान दिवस वीर बाल दिवस पर गुरुद्वारा बिलारी में शब्द, कीर्तन, अरदास व लंगर का आयोजन हुआ। गुरुद्वारा सिंह सभा बिलारी में श्री गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादे श्री जोरावर सिंह जी, श्री फतेह सिंह के शहादत पर शब्द कीर्तन हुआ। बहन चरणजीत कौर ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला और शहादत के बारे में बताया उसके बाद अरदास की गई बाद में लंगर का आयोजन हुआ।इस अवसर पर प्रीतम कौर,नगर मण्डल अध्यक्ष भाजपा विकास गुप्ता एडवोकेट, सरदार मंजीत सिंह, छबिराज चावला, नितिन डूडेजा, अतुल शर्मा एडवोकेट, मनोज प्रजापति, नवनीत यादव, प्रशांत चौधरी,पंकज चौहान, सिद्धार्थ शेखर, अमित मौर्य, हेमंत शर्मा, राजीव शर्मा, सरदार कुलदीप सिंह, सरदार गुल्लू सिंह, राकेश गुप्ता, अरुण ग्रोवर सहित भाजपा कार्यकर्ता व पंजाबी समाज के परिवारो ने भाग लिया।

# 2028 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की राह पर भारत

## ब्रिटिश पीएम स्टार्मर ने संसद में किया दावा, अगले साल सीईटीए को ब्रिटिश संसद की मंजूरी संभावित

**लंदन/वेलिंगटन।** भारत-ब्रिटेन के बीच बहुप्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर पिछले चार वर्षों से काम जारी था और यह 2025 में आकार ले सका। ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने संसद में कहा भारत वैश्विक मंच पर एक उभरती ताकत है और 2028 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की राह पर है।

इसके साथ ही ब्रिटिश पीएम ने कहा-व्यापार और निवेश से आगे द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊर्जा देने के लिए 'विजन 2035' समझौते पर भी सहमति बनी। एफटीए को लेकर वार्ताएं वर्ष के ज्यादातर समय सुर्खियों में रहीं। दोनों पक्ष समझौते के लिए प्रतिबद्ध दिखे और जुलाई में पीएम नरेंद्र मोदी के ब्रिटेन दौरे पर औपचारिक हस्ताक्षर किए गए। ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने मोदी से हुई द्विपक्षीय चर्चा के बाद कहा कि हमने दुनिया की तेज अर्थव्यवस्था भारत के साथ ऐतिहासिक समझौता किया है। उन्होंने अक्तूबर में अब तक के सबसे बड़े ब्रिटिश व्यापार प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत यात्रा का निमंत्रण भी स्वीकार किया। 2025 में दोनों देशों के महत्वाकांक्षी व भविष्य-उन्मुख 10 वर्षीय भारत-ब्रिटेन विजन 2035 रोडमैप को भी रखा गया। यह दीर्घकालिक सहयोग और नवाचार के रणनीतिक लक्ष्य तय करता है। ब्रिटेन के उच्च शिक्षा क्षेत्र की भारत में बढ़ती मौजूदगी भी नए वर्ष से फलीभूत होगी।



■ न्यूजीलैंड के पीएम प्रधानमंत्री लक्सन ने भारत के साथ व्यापार समझौते को बताया ऐतिहासिक

नौ ब्रिटिश विवि भी भारत में अपने विदेशी परिसरों को अंतिम रूप दे रहे हैं। ब्रिटेन के व्यापार एवं वाणिज्य विभाग (डीबीटी) के विश्लेषण के अनुसार, व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता (सीईटीए) लागू होने पर द्विपक्षीय व्यापार मौजूदा 44.1 अरब पाउंड से बढ़कर कई अरब पाउंड से अधिक हो सकता है। उम्मीद है कि 2026 की पहली छमाही में समझौते को ब्रिटिश संसद की मंजूरी मिल जाएगी, जिसका दोनों देशों को परस्पर लाभ होगा। हालिया आंकड़ों के अनुसार, अध्ययन वीजा पर करीब 45000 भारतीय और कामकाजी वीजा पर 22000 पेशेवर देश से बाहर गए, जिससे वहां शुद्ध आव्रजन में कमी आई। स्थायी निवास के लिए प्रतीक्षा अवधि को बढ़ाकर 10 वर्ष करने जैसे सख्त नियमों से यह रुझान आगे भी बना रह सकता है।

भारत-ब्रिटेन संबंधों में आतंकवाद के खिलाफ साझा प्रतिबद्धता भी प्रमुख रही। नवम्बर में दिल्ली में हुए आतंकी हमले पर ब्रिटेन ने संवेदना जताई और अप्रैल में कश्मीर के पहलगाम हमले के बाद कूटनीतिक समाधान का आह्वान किया। दूसरी ओर न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने भारत के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते की तारीफ की है और इसे अपनी सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धि और भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। हालांकि उनकी ही सरकार के विदेश मंत्री ने इस व्यापार समझौते पर कड़ी आपत्ति जताई थी। लक्सन ने कहा कि हमने अपने पहले कार्यकाल में भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौता करने का वादा किया था और हमने उसे पूरा किया। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ भारतीयों वाला बाजार उपलब्ध होने से ज्यादा नौकरियां, अच्छी कमाई और बेहतर निर्यात की राह खुलेगी। यह उनकी सरकार के व्यापक एजेंडे का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य बुनियादी चीजों को ठीक करना और भविष्य का निर्माण करना है। हालांकि भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते को लेकर न्यूजीलैंड की सरकार के बीच ही मतभेद हैं। विदेश मंत्री विंस्टन पीटर्स ने इस समझौते की आलोचना की और इसकी निष्पक्षता पर सवाल खड़े किए थे। पीटर्स ने कहा था कि न्यूजीलैंड ने पर्याप्त लाभ लिए बिना बहुत कुछ दे दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि न्यूजीलैंड सरकार ने जल्दबाजी में इस समझौते पर सहमति दी है। इस समझौते के तहत अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार दोगुना हो सकता है। समझौते के तहत भारत में अगले 15 वर्षों में 20 अरब डॉलर का निवेश हो सकता है। हाल ही में भारत और न्यूजीलैंड के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) ने भारतीय निर्यातकों के लिए एक नया अवसर खोला है।

## कनाडा में भारतीय दूतावास की अहम पहल

■ संकटग्रस्त महिलाओं के लिए 'वन स्टाप सेंटर' की शुरुआत

**टोरंटो।** कनाडा में रह रही भारतीय महिलाओं की मदद के लिए टोरंटो में भारत का वाणिज्य दूतावास ने एक अहम कदम उठाया है। भारतीय वाणिज्य दूतावास ने 'वन स्टाप सेंटर फार वूमन (ओएससीडब्ल्यू)' की स्थापना की है, जो खास तौर पर संकट में फंसी भारतीय पासपोर्ट धारक महिलाओं को सहायता देगा। यह केंद्र उन महिलाओं की मदद करेगा जो घरेलू हिंसा, शारीरिक या मानसिक उत्पीड़न, पारिवारिक विवाद, पति की तरफ से छोड़े जाने, शोषण, कानूनी परेशानियों जैसी समस्याओं का सामना कर रही हैं। दूतावास ने इसके साथ 24 घंटे, सात दिन काम करने वाली हेल्पलाइन भी शुरू की है, ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत सहायता मिल सके। वन स्टाप सेंटर के तहत महिलाओं को तुरंत काउंसलिंग (मानसिक व भावनात्मक सहायता), मनो-सामाजिक सहयोग, कानूनी सलाह और सहायता से जोड़ना, कनाडा में उपलब्ध सामाजिक और सामुदायिक सेवाओं तक पहुंच जैसी सुविधाएं दी जाएंगी। भारतीय मिशन ने साफ किया है कि केंद्र की पूरी कार्यप्रणाली कनाडा के स्थानीय कानूनों के दायरे में रहकर ही की जाएगी। इस केंद्र को एक महिला सेंटर एडमिनिस्ट्रेटर चलाएंगी, जो यह सुनिश्चित करेंगी कि पीड़ित महिलाओं को सुरक्षित, सम्मानजनक और समग्र सहायता मिले। जरूरतमंद महिलाओं को दी जाने वाली वित्तीय सहायता 'मीन्स टेस्ट' (आर्थिक स्थिति के आधार) पर होगी और यह भारत सरकार के नियमों के अनुसार दी जाएगी। इसके लिए एक फोन नंबर +1(437) 552 3309 और ई-मेल: वेब. जवतवदजव/उमं.हवअ.पद जारी किया गया है। भारतीय मिशन की वेबसाइट पर एक अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न सेक्शन भी दिया गया है, जिसमें बताया गया है कि विदेश में रहने वाली भारतीय महिलाओं को धोखा, उत्पीड़न या छोड़े जाने की स्थिति में भारतीय अधिकारी किस तरह मदद कर सकते हैं और किन मामलों में उनकी सीमाएं क्या हैं।

# बांग्लादेश के स्कूल कॉन्सर्ट में भीड़ का हमला

## ईंट-पत्थर और कुर्सिया फेंकी, स्कूली छात्र समेत 20 घायल, जबरन घुसने से रोकने पर भड़का दंगा

**ढाका।** बांग्लादेश के फरीदपुर जिले में शुक्रवार की रात डिस्ट्रिक्ट स्कूल की 185वीं एनिवर्सरी के समापन समारोह के दौरान हिंसा हो गई। यहां मशहूर राक सिंगर जेम्स (नागर बाउल) का कान्सर्ट होना था, इससे ठीक पहले भीड़ ने पथराव शुरू कर दिया। घटना रात करीब 9:30 बजे हुई, जब जेम्स मंच पर आने वाले थे।

आयोजकों के अनुसार, कुछ बाहरी लोग जबरन कार्यक्रम स्थल में घुसने की कोशिश कर रहे थे। रोकने पर उन्होंने ईंट-पत्थर और कुर्सियां फेंकना शुरू कर दिया और मंच की ओर बढ़ने लगे। इसके बाद प्रशासन के निर्देश पर कान्सर्ट रद्द कर दिया गया। घटना में 20 लोग घायल हो गए। इनमें ज्यादातर छात्र हैं। मौके पर मौजूद छात्रों और स्वयंसेवकों ने स्थिति संभालने की कोशिश की, जिसके बाद हमलावर पीछे हटे। स्थिति बेकाबू होते देख फरीदपुर जिला प्रशासन ने हस्तक्षेप किया। रात करीब 10 बजे आयोजन समिति के संयोजक डा. मुस्तफिजुर रहमान शमीम ने मंच से ऐलान किया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला उपायुक्त के निर्देश पर जेम्स का कान्सर्ट रद्द किया जा रहा है। जेम्स और उनके बैंड सदस्यों को सुरक्षा घेरे में सुरक्षित बाहर निकाला गया। किसी कलाकार को चोट नहीं लगी। वर्षगांठ कार्यक्रम के प्रचार और मीडिया उप-समिति के संयोजक राजिबुल हसन खान ने कहा कि हमने जेम्स के कान्सर्ट को सफल बनाने के लिए पूरी तैयारियां की थीं, लेकिन इस अचानक हमले से हम सभी हैरान हैं। हमें नहीं पता कि यह हमला किसने और क्यों किया। उन्होंने आगे कहा कि स्थिति को और बिगड़ने से रोकने के लिए कार्यक्रम रोकना पड़ा। फरीदपुर जिला स्कूल इस क्षेत्र के सबसे पुराने सरकारी संस्थानों में से एक है, जिसकी स्थापना 1840 में ब्रिटिश शासन के दौरान हुई थी। पुलिस ने इलाके में भारी सुरक्षाबल तैनात किया है और स्थिति को नियंत्रण में लिया है, लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी की खबर नहीं आई। हाल के समय में कई कलाकारों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर इसी तरह के हमले हो चुके हैं, जिससे कलाकारों की सुरक्षा और अभिव्यक्ति की आजादी पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। कुछ दिन पहले ढाका के प्रसिद्ध सांस्कृतिक संस्थान छायनाट पर भीड़ ने हमला किया। हमलावरों ने छह मंजिला इमारत में घुसकर तोड़फोड़ की, कई कमरों में आग लगा दी और लूटपाट की। संस्थान के अनुसार, म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट जैसे तबला, हारमोनियम, वायलिन आदि क्षतिग्रस्त हुए या लूट लिए गए, फर्नीचर तोड़ दिया गया, सीसीटीवी कैमरे नष्ट कर दिए गए और कुछ सर्वर को आग के हवाले कर दिया गया।



■ मशहूर राक सिंगर जेम्स का कान्सर्ट होना था, इससे ठीक पहले भीड़ ने पथराव शुरू कर दिया

## कश्मीर में हिमपात, हाड कंपाने वाली बढ़ी ठंड

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में कश्मीर घाटी में एक बार फिर से हिमपात और बारिश के पूर्वानुमान के बीच रात में ठंड और बढ़ गई है। मौसम विभाग ने शनिवार को यह जानकारी दी। विभाग के प्रवक्ता के अनुसार, घाटी में आज से 29 दिसम्बर तक आंशिक तौर पर बादल छाए रहने और शुष्क मौसम रहने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि 30 दिसम्बर को आमतौर पर बादल छाए रहेगे और कुछ स्थानों पर हल्का हिमपात या फिर बारिश हो सकती है। इसके बाद 31 दिसम्बर से एक जनवरी तक आम तौर पर बादल छाए रहने के साथ कई स्थानों पर हल्की बर्फबारी या बारिश हो सकती है, जबकि इस अवधि के दौरान उत्तरी और मध्य कश्मीर के पहाड़ी क्षेत्रों में मध्यम हिमपात होने का अनुमान है। प्रवक्ता ने कहा कि दो जनवरी को सामान्यत: बादल छाए रहने के आसार है और इस दौरान कुछ स्थानों पर हल्का हिमपात और बारिश होने का अनुमान जताया गया है।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर ईशनिंदा से जुड़े 71 हमले

■ सभी में एक जैसा पैटर्न अपनाया गया, पहले सोशल मीडिया पर आरोप, फिर भीड़ का हिंदू इलाकों पर हमला

**ढाका।** बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ ईशनिंदा यानी धर्म का अपमान करने के आरोपों से जुड़े मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। जून से दिसम्बर 2025 के बीच ऐसे कम से कम 71 मामले दर्ज किए गए हैं। यह जानकारी बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों पर काम करने वाले संगठन 'ह्यूमन राइट्स कांग्रेस फार बांग्लादेश माइनारिटीज' की रिपोर्ट में सामने आई है। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं का कहना है कि हमले के लिए हर बार एक ही तरह का तरीका अपनाया जा रहा है। पहले सोशल मीडिया पर आरोप, फिर तुरंत गिरफ्तारी, उसके बाद भीड़ का इकट्ठा होना और हिंदू इलाकों पर हमला। अब ईशनिंदा के आरोप डर फैलाने और अल्पसंख्यकों को दबाने का हथियार बनते जा रहे हैं। ये घटनाएं देश के 30 से ज्यादा जिलों में फैली हुई हैं। रंगपुर, चांदपुर, चटगांव, दिनाजपुर, खुलना, कुमिल्ला, गाजीपुर, टांगाइल और सिलहट जैसे कई इलाकों में ऐसे मामले सामने आए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इतनी बड़ी संख्या में एक जैसे मामले होना यह दिखाता है कि यह सिर्फ इक्का-दुक्का घटनाएं नहीं हैं, बल्कि अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने का एक चलन बनता जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, जैसे ही किसी पर ईशनिंदा का आरोप लगता है, पुलिस तुरंत कार्रवाई करती है, लेकिन उसके साथ ही इलाके में भीड़ इकट्ठा हो जाती है और हिंसा शुरू हो जाती है। कई बार आरोप किसी एक व्यक्ति पर होता है, लेकिन गुस्साई भीड़ पूरे हिंदू मोहल्ले को सजा देती है। बांग्लादेश में कुछ महीने पहले चटगांव में कट्टरपंथियों की भीड़ ने हिंदू मोहल्ले पर हमला किया और वहां आग लगा दी थी।



**नई दिल्ली। कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खर्गे पार्टी सांसद सोनिया गांधी।**

## चीन ने 20 अमेरिकी कंपनियों और 10 अधिकारियों पर लगाए प्रतिबंध

**बीजिंग।** ताइवान को हथियारों की आपूर्ति को लेकर वाशिंगटन और बीजिंग के बीच तनाव बढ़ गया है। चीन ने हाल के वर्षों में ताइवान को हथियार बेचने में शामिल 20 अमेरिकी रक्षा कंपनियों और 10 वरिष्ठ अधिकारियों पर प्रतिबंध लगा दिए हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार, इन जवाबी उपायों में चीन के भीतर कंपनियों और वरिष्ठ अधिकारियों की चल और अचल संपत्तियों को फ्रीज करना, चीन में संगठनों और व्यक्तियों को उनके साथ लेनदेन, सहयोग और अन्य गतिविधियों में शामिल होने से रोकना और हांगकांग और मकाऊ विशेष प्रशासनिक क्षेत्रों सहित चीन में अधिकारियों के प्रवेश पर रोक लगाना शामिल है।

# 5000 डॉक्टर-11000 इंनीनियर ने छोड़ा पाक!

## अपने इतिहास के सबसे बड़े प्रतिभा पलायन (ब्रेन ड्रेन) के दौर से गुजर रहा पाक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान इन दिनों अपने इतिहास के सबसे बड़े प्रतिभा पलायन (ब्रेन ड्रेन) के दौर से गुजर रहा है। देश की खराब आर्थिक हालत, राजनीतिक अस्थिरता और रोजगार की कमी के चलते बड़ी संख्या में पढ़े-लिखे और कुशल लोग देश छोड़ रहे हैं।

पाकिस्तान के ब्यूरो आफ इमिग्रेशन एंड ओवरसीज एम्प्लायमेंट की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले 24 महीनों में 5000 डाक्टर, 11000 इंजीनियर और 13000 अकाउंटेंट देश छोड़ चुके हैं। ये आंकड़े सामने आने के बाद सरकार और सेना नेतृत्व पर सवाल उठने लगे हैं। ऐसे में ये कहना गलत नहीं होगा कि आर्थिक तंगी से जूझ रहे पाकिस्तान की दुनियाभर में तो थू-थू हो ही रही है। अब खुद पाकिस्तान के लोग ही शहबाज सरकार और उनकी नीतियों पर खूब सवाल खड़े कर रहे हैं। एक तरफ जहां इन आकड़ों को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए पूर्व पाकिस्तानी सांसद मुस्तफा नवाज खोखर ने शहबाज सरकार पर निशाना बनाया। वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान के 'सो काल्ड' सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसीम मुनीर का एक पुराना बयान 'ब्रेन ड्रेन' नहीं 'ब्रेन ग्रेन' सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर खूब चर्चा में है। इतना ही नहीं यूजर्स मुनीर के इस बयान को आधार बनाकर मुनीर की खूब खिल्लियां भी उड़ा रहे है। बता दें कि पाकिस्तान के ब्यूरो आफ इमिग्रेशन एंड ओवरसीज एम्प्लायमेंट की रिपोर्ट के बाद सामने आए आंकड़े ने पाकिस्तान में एक नया भूचाल ला दिया है। ऐसे में सोशल मीडिया पर सेना प्रमुख मुनीर की खूब थू-थू हो रही है। इसका कारण है कि पाकिस्तानी सेना प्रमुख मुनीर ने कुछ महीने पहले कहा था कि यह पलायन 'ब्रेन ड्रेन नहीं, बल्कि ब्रेन गेन' है। अब जब सरकारी आंकड़े सामने आए हैं, तो सोशल मीडिया पर उनकी जमकर आलोचना हो रही है। वहीं पाकिस्तान के पूर्व सांसद मुस्तफा नवाज खोखर ने सोशल मीडिया पर देश से हो रहे बड़े पैमाने पर प्रतिभा पलायन को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने लिखा कि पिछले 24 महीनों में पाकिस्तान से 5000 डाक्टर 11000 इंजीनियर और 13000 अकाउंटेंट देश छोड़ चुके हैं। खोखर ने बताया कि पाकिस्तान दुनिया का चौथा सबसे बड़ा फ्रीलांसिंग हब है, लेकिन बार-बार इंटरनेट बंद होने से देश को 1.62 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है और 23.7 लाख फ्रीलांस नौकरियां खतरे में हैं।

■ एक तरफ जहां इन आकड़ों को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए पूर्व पाक सांसद मुस्तफा नवाज खोखर ने शहबाज सरकार पर निशाना बनाया



# इजरायल ने सोमालिलैंड को आजाद देश की मान्यता दी

■ ऐसा करने वाला दुनिया का पहला देश, दोनों पक्षों के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर हुए

**तेल अवीव।** इजरायल ने अफ्रीका महाद्वीप में स्थित सोमालिलैंड को औपचारिक रूप से एक स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता दे दी है। ऐसा करने वाला इजरायल दुनिया का पहला देश बन गया है।

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं, जिसके तहत इजरायल और सोमालिलैंड एक-दूसरे के साथ पूरे राजनयिक संबंध स्थापित करेंगे। नेतन्याहू ने कहा कि यह कदम अमेरिका की मदद से हुए अब्राहम एकार्ड की भावना में उठाया गया है, जिनके जरिए इजरायल ने कुछ अरब देशों से रिश्ते सामान्य किए थे। उन्होंने सोमालिलैंड के राष्ट्रपति अब्दिरहमान मोहम्मद अब्दुल्लाही को बधाई दी और इजरायल आने का न्योता भी दिया। सोमालिलैंड के राष्ट्रपति ने इस फैसले को ऐतिहासिक पल बताया। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी दोनों देशों के हितों को आगे बढ़ाएगी और क्षेत्र में शांति व स्थिरता लाने में मदद करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि सोमालिलैंड अब्राहम समझौतों में शामिल होने को तैयार है। इस घोषणा के कुछ ही घंटों बाद सोमालिया सरकार ने कड़ा विरोध दर्ज कराया।

# खैबर-पख्तूनख्वा के सीएम के साथ फिर मारपीट

## सुरक्षाकर्मियों ने विधानसभा में बदसलूकी, 1 महीने पहले पुलिस ने पीटा था, वीडियो सामने आया

**लाहौर।** पाकिस्तान की पंजाब विधानसभा में खैबर पख्तूनख्वा (केपी) के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी के साथ सुरक्षाकर्मियों ने मारपीट की। उनके प्रतिनिधियों के साथ भी बदसलूकी की गई। घटना का वीडियो सामने आया है।

वीडियो में दिख रहा है कि मुख्यमंत्री अफरीदी अपने प्रतिनिधियों के साथ पंजाब असेंबली में घुस रहे हैं, इस दौरान सुरक्षाकर्मी उन्हें रोकने की कोशिश करते हैं, तभी उनके साथी फतेह उल्लाह बुर्की बीच में आ जाते हैं। इसके बाद अफरीदी ने बयान जारी कर कहा कि कोई भी लोकतांत्रिक सरकार ऐसा काम नहीं करती है, यह सीधे-सीधे मार्शल ला जैसा व्यवहार है। पाकिस्तान में लोकतंत्र खतरे में है। मुख्यमंत्री अफरीदी अपने प्रतिनिधियों के साथ पंजाब असेंबली में घुस रहे थे, इस दौरान सुरक्षाकर्मी उन्हें रोकने की कोशिश करते हैं।

गार्ड अफरीदी के प्रतिनिधि बुर्की के साथ मारपीट करते हैं और उन्हें धक्का देकर विधानसभा से बाहर निकालने की कोशिश करते हैं। हालांकि, अन्य अधिकारियों के बचाव में आने के बाद बुर्की को छोड़ दिया जाता है। पाकिस्तानी अधिकारियों के मुताबिक इस दौरान किसी को कोई चोट नहीं आई है। पाकिस्तान के पंजाब में मुस्लिम लीग नून की सरकार है और नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज मुख्यमंत्री हैं। वहीं, केपी के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) से हैं। घटना के बाद अफरीदी ने मीडिया से कहा कि लाहौर में हमारे कार्यकर्ताओं के साथ बुरा व्यवहार और उत्पीड़न किया जा रहा है। उनका कहना था कि पंजाब में एक नकली सरकार है, जो सिर्फ एक पार्टी को डराने और धमकाने में लगी है।

उन्होंने बताया कि चक्री और मण्डी बहाउद्दीन में हमारे कार्यकर्ताओं के रास्ते रोके गए। उनके वाहन रोक दिए गए। कुछ कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया और सांसदों के साथ भी बदसलूकी हुई। रावलपिंडी पुलिस ने 28 नवम्बर को अफरीदी के बाल खींचे और उन्हें जमीन पर गिरा दिया था। अफरीदी 1 महीने पहले 28 नवम्बर को रावलपिंडी की अडियाला जेल में इमरान से मिलने गए थे, तब भी पुलिस ने उनके साथ मारपीट की थी।



■ पाकिस्तानी अधिकारियों के मुताबिक इस दौरान किसी को कोई चोट नहीं आई है

# बर्फीले मौसम में भीषण हादसा

■ एक्सप्रेसवे पर 67 वाहनों की भिड़ंत में दो की मौत, 26 लोग घायल

**टोक्यो।** जापान से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां साल के अंत की छुट्टियों की शुरुआत के बीच शुक्रवार देर रात एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। बर्फबारी के कारण एक्सप्रेसवे पर हुए इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि 26 लोग घायल हो गए।

इनमें से पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह हादसा टोक्यो से करीब 160 किलोमीटर दूर गुनमा प्रांत के मिनाकामी शहर के पास कान-एत्सु एक्सप्रेसवे पर हुआ। पुलिस के मुताबिक, सबसे पहले दो ट्रकों की टक्कर हुई। इसके बाद पीछे से आ रही गाड़ियां बर्फ से ढकी सड़क पर ब्रेक नहीं लगा सकीं और एक के बाद एक कई वाहन आपस में टकरा गए। इस हादसे में 67 से ज्यादा वाहन शामिल थे। टक्कर के बाद एक्सप्रेसवे का एक हिस्सा पूरी तरह जाम हो गया। मीडिया रिपोर्टस के अनुसार हादसे के आखिरी हिस्से में आग भी लग गई, जो धीरे-धीरे एक दर्जन से ज्यादा वाहनों तक फैल गई। कुछ गाड़ियां पूरी तरह जल गईं। राहत की बात यह रही कि आग से किसी के घायल होने की खबर नहीं है। दमकल विभाग ने करीब सात घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मामले में पुलिस ने बताया कि हादसे में मरने वाली महिला की उम्र 77 साल थी और वह टोक्यो की रहने वाली थीं। जिस समय यह दुर्घटना हुई, उस वक्त इलाके में भारी बर्फबारी की चेतावनी जारी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### सीरिया में शिया मस्जिद पर हुए घातक हमले की व्यापक निंदा

**न्यूयॉर्क।** पश्चिमी सीरिया के शहर होम्स शहर में एक शिया मस्जिद पर हुए आतंकवादी हमले की विश्वभर में निंदा हो रही है। इसमें आठ लोग मारे गए हैं और अन्य 18 घायल हुए हैं। शुक्रवार की नमाज के दौरान होम्स की अली बिन अबी तालिब मस्जिद में हुए विस्फोट की जिम्मेदारी सरया अंसार अल-सुन्ना नामक एक आतंकवादी संगठन ने ली है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की ओर से प्रवक्ता ने एक बयान जारी किया गया। बयान में बम विस्फोट की निंदा की गई है और कहा कि महासचिव दो. हराया कि नागरिकों और धार्मिक स्थलों पर हमले अस्वीकार्य हैं।

### कंबोडिया-थाईलैंड का संघर्ष विराम पर ऐतिहासिक समझौता


**नामपेन्ह।** कंबोडिया और थाईलैंड ने सीमा पर जारी तनाव को समाप्त करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए शनिवार दोपहर से तत्काल और पूर्ण संघर्ष विराम लागू करने पर सहमति व्यक्त की है। स्थानीय मीडिया के अनुसार दोनों देशों ने 'तीसरी विशेष सामान्य सीमा समिति' की बैठक के बाद एक संयुक्त वक्तव्य जारी करके यह सहमति जाहिर की। यह समझौता कंबोडिया के प्रुम और थाईलैंड के बान पाक कार्ड अंतर्राष्ट्रीय प्रवेश बिंदु पर हुआ। इसकी अध्यक्षता कंबोडिया के रक्षा मंत्री जनरल तेइ सेइहा और थाईलैंड के रक्षा मंत्री जनरल नत्तफॉन नार्कफनित ने की।

### मलेशिया के पूर्व पीएम नजीब को 15 साल जेल की सजा

**कुआलालंपुर।** मलेशिया के पूर्व प्रधानमंत्री नजीब रजाक को 1मलेशिया डेवलपमेंट बरहाद (1एमडीबी) से जुड़े एक मामले में भ्रष्टाचार का दोषी ठहराया गया और 15 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। नजीब पर देश के उच्च न्यायालय ने 11.4 बिलियन रिंगिट (2.82 बिलियन अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना भी लगाया है, जो उनके द्वारा ली गई रिश्वत की रकम की पांच गुनी है। नजीब को धनशोधन मामले के 21 अतिरिक्त आरोपों के लिए पांच साल जेल की सजा सुनाई गई है। धनशोधन के लिए कोई जुर्माना नहीं लगाया गया है।

### तुर्की ने हिरासत में लिए 156 संदिग्ध मानव तस्कर

**इस्तांबुल।** तुर्की के गृह मंत्री अली एरलिकाया ने कहा है कि पिछले दो हफ्तों में 14 प्रांतों में चलाए गए अभियानों में मानव तस्करी के 156 आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। यरलिकाया ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी एक बयान में कहा कि 112 संदिग्धों को जेल में डाल दिया गया है, जबकि अन्य 44 पर 'न्यायिक नियंत्रण उपाय' लागू किए गए हैं। ये अभियान जेंडरमेरी जनरल कमांड के प्रवासी तस्करी और मानव तस्करी से निपटने वाले विभाग ने समन्वित किए थे।











# अलविदा 2025




# सबसे अधिक कमाई करने वाली हिन्दी फिल्म बनी धुरंधर

**मुंबई।** 2025 बॉलीवुड के लिए काफी बेहतरीन साल साबित हुआ। इस वर्ष प्रदर्शित फिल्म धुरंधर ने भारतीय बाजार में धमाकेदार कमाई कर हिदी फिल्मों में सबसे अधिक कमाई का रिकार्ड बना लिया वहीं, छावा ने भी सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए।

2025 में एक्शन, रोमांटिक, कॉमेडी, थ्रिलर, सस्पेंस, और हॉरर हर जॉनर की फिल्मों ने दर्शकों का मनोरंजन किया। इस वर्ष प्रदर्शित फिल्म धुरंधर ने बॉक्स ऑफिस पर धुंआधार कमाई की। फिल्म धुरंधर ने शाहरुख खान की फिल्म जवान की कमाई का रिकार्ड तोड़ कर भारतीय बाजार में सबसे अधिक कमाई करने वाली हिदी फिल्म का रिकार्ड अपने नाम कर लिया। शाहरुख खान की फिल्म जवान ने भारतीय बाजार में 640 करोड़ रुपए की कमाई की थी। बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर 5 दिसम्बर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म धुरंधर को रिलीज हुए 22 दिन हो गए हैं। फिल्म धुरंधर ने अब तक भारतीय बाजार में 648 करोड़ की कमाई कर ली है। फिल्म धुरंधर विदेशों में कामयाबी का डंका बजा रही है। फिल्म धुरंधर ने वर्ल्डवाईड 1000 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है।

फिल्म धुरंधर में रणवीर सिंह के अलावा अक्षय खन्ना, अर्जुन रामपाल, संजय दत्त और आर माधवन जैसे सितारे हैं।यह हाई-ऑक्टेन एक्शन-थ्रिलर आदित्य धर द्वारा लिखित, निर्देशित और निर्मित है, और इसका निर्माण ज्योति देशपांडे और लोकेश धर ने किया है। जियो स्टूडियोज़ द्वारा प्रस्तुत, बी 62 स्टूडियोज़ के प्रोडक्शन और सारेगामा के सहयोग से बनी फिल्म धुरंधर में रणवीर सिंह ने हमजा अली मजारी नाम के जासूस का किरदार निभाया है, जो कराची के गैंग में घुसकर आतंकियों को मदद करने वाले नेटवर्क को खत्म करने का काम करता है। अक्षय खन्ना ने इस फिल्म में गैंगस्टर रहमान डकैत का रोल निभाया। इस किरदार में अक्षय खन्ना छा गए। पर्दे पर अक्षय खन्ना का स्वैग, डांस, एक्शन दिखा। अक्षय खन्ना के किरदार को दर्शकों ने बेहद पसंद किया।

2025 में ही प्रदर्शित फिल्म छावा ने भी बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार कमाई की। फिल्म छावा ने भी भारतीय बाजार में 600 करोड़ रुपए की कमाई की है। छावा को मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गोवा में टैक्स फ्री किया गया था। मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बनीं फिल्म छावा 14 फरवरी को रिलीज हुई। इस फिल्म में विक्की कौशल , रश्मिका मंदाना और अक्षय खन्ना की अहम भूमिका है। इस फिल्म की कहानी छत्रपति शिवाजी महाराज के बेटे छत्रपति संभाजी महाराज के इर्द गिर्द घूमती है।

फिल्म छावा में विक्की कौशल, महान मराठा योद्धा छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका में हैं, वहीं रश्मिका मंदाना संभाजी महाराज की पत्नी एसूबाई की भूमिका में हैं।वहीं अक्षय खन्ना ने औरंगजेब का किरदार निभाया है। इस फिल्म ने वर्ल्डवाईड धमाकेदार कमाई की। दुनिया भर में फिल्म छावा ने 800 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है।

इस वर्ष में धुरंधर और छावा जैसी कई फिल्मों ने सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए, वहीं फ्लॉप फिल्मों की भी कमी नहीं रही। बड़े बजट और बड़े सितारों वाली कई फिल्में एक-एक कर बॉक्स ऑफिस पर धड़ाम होती गई, जिसकी सूची काफी लंबी है। इनमें फतेह, इमरजेंसी,आजाद,देवा, सिकंदर, ग्रांउड जीरो, द भूतनी, केसरी वीर, मां,सन ऑफ सरदार 2, बागी 4, दे दे प्यार दे 2, 120 बहादुर, मस्ती 4 समेत कई फिल्में शामिल हैं। बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता सोनू सूद की फिल्म फतेह 10 जनवरी को रिलीज हुई।फिल्म फतेह सोनू सूद के निर्देशन में बनी पहली फिल्म है। शक्ति सागर प्रोडक्शंस की सोनाली सूद और ज़ी स्टूडियो के उमेश केआर बंसल निर्मित और अजय धामा सह-निर्मित और फिल्म फतेह साइबर अपराध के खिलाफ लड़ाई की एक मनोरंजक एक्शन कहानी है। इस फिल्म में सोनू सूद के साथ जैकलीन फर्नांडीज, विजय राज और नसीरुद्दीन शाह की भी अहम भूमिका है।फिल्म फतेह बॉक्स ऑफिस पर कोई करिश्मा नहीं दिखा सकी। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी, 17 जनवरी को रिलीज हुई।ज़ी स्टूडियोज़ और मणिकर्णिका फिल्म्स द्वारा निर्मित, इमरजेंसी की कहानी वर्ष 1975 पर आधारित है, जब भारत में इमरजेंसी लागू हुई थी। इस फिल्म में कंगना, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आंई। फिल्म इमरजेंसी में कंगना रनौत के अलावा अनुपम खेर, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन, श्रेयस तलपड़े, विशाक नायर और दिवंगत सतीश कौशिक भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कंगना ने इमरजेंसी में अभिनय करने के साथ ही फिल्म का निर्माण और निर्देशन भी किया है। फिल्म इमरजेंसी बॉक्स ऑफिस पर ढेर हो गई। बॉलीवुड स्टार अजय देवगन की फिल्म आजाद भी 17 जनवरी को रिलीज हुई। अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन और रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने फिल्म आजाद से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया।अभिषेक कपूर निर्देशित फिल्म आजाद का निर्माण रोनी स्क्रूवाला और प्रज्ञा कपूर ने किया है। फिल्म आजाद बॉक्स ऑफिस पर नकार दी गई। अक्षय कुमार की फिल्म स्काई फोर्स 24 जनवरी को रिलीज हुई। फिल्म स्काईफोर्स का निर्देशन अभिषेक अनिल कपूर और संदीप केवलानी ने किया है जबकि इसका निर्माण मैडॉक फिल्म्स के तहत दिनेश विजन और अमर कौशिक और जियो स्टूडियोज़ के तहत ज्योति देशपांडे ने किया है। इस फिल्म में अक्षय कुमार के साथ निमरत कौर , सारा अली खान और वीर पहाड़िया हैं। यह फिल्म 1965 के भारत-पाकिस्तान हवाई युद्ध में पाकिस्तान के सरगोधा एयरबेस पर भारत के जवाबी हमले पर आधारित है। फिल्म स्काई फ़ोर्स ने भारतीय बाजार में 113 करोड़ की कमाई कर औसत सफलता हासिल की। बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर की फिल्म देवा, 31 जनवरी को रिलीज हुई।जाने माने मलयालम फिल्म निर्देशक रोशन एंड्रयूज निर्देशित और ज़ी स्टूडियोज़ और सिद्धार्थ रॉय कपूर निर्मित फिल्म देवा में शाहिद कपूर के अलावा पूजा हेगड़े की भी अहम भूमिका है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर नकार दी गई। आमिर खान के बड़े बेटे जुनैद खान की दूसरी फिल्म लवयापा सात फरवरी को रिलीज हुई।अद्वैत चंदन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में श्रीदेवी-बोनी कपूर की पुत्री खुशी कपूर की भी अहम भूमिका है। फिल्म लवयापा को दर्शकों का प्यार नहीं मिला। हिमेश रेशमिया अभिनीत बैडएस रवि कुमार भी सात फरवरी को रिलीज हुई। यह फिल्म हिमेश रेशमिया की ही फिल्म द एक्सपोज़ का स्पिन-ऑफ है।कीथ गोम्स द्वारा निर्देशित, बैडएस रवि कुमार में हिमेश रेशमिया के अलावा कीर्ति कुल्हारी, प्रभु देवा, सनी लियोनी, संजय मिश्रा और जॉनी लीवर जैसे कलाकारों ने अहम किरदार निभाए हैं। बैडएस रवि कुमार बॉक्स ऑफिस पर अपेक्षित सफलता हासिल नहीं कर सकी।






# सोनाली बेंद्रे ने की शो इत्ती सी खुशी की टीम की सराहना

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे ने इंडियन टेलीविजन अकादमी आईटीए 2025 में सोनी सब के इत्ती सी खुशी के बेस्ट शो ड्रामा जीतने पर शो की टीम की सराहना की है। सोनी सब के प्रशंसित पारिवारिक ड्रामा इत्ती सी खुशी ने (आईटीए) अवॉर्ड्स 2025 में बेस्ट शो-ड्रामा का खिताब जीतकर चैनल और शो की क्रिएटिव टीम के लिए एक अहम उपलब्धि हासिल की है। सुम्बुल तौकीर खान, वरुण बडोला, रजत वर्मा और ऋषि सक्सेना की अहम भूमिकाओं से सजा यह शो अपनी सधी हुई, भावनात्मक रूप से जुड़ी कहानी कहने के अंदाज के लिए व्यापक रूप से सराहा गया है। इत्ती सी खुशी एक ऐसे परिवार की कहानी है, जो भावनात्मक जख्मों, अधूरे अतीत और भरने की नाजुक प्रक्रिया से गुजर रहा है। रोजमर्रा की सच्चाइयों में रचा-बसा यह शो यह दिखाता है कि प्यार, नुकसान और अनकही तनातनियां माता-पिता, बच्चों, भाई-बहनों और जीवनसाथियों के रिश्तों को कैसे आकार देती हैं। बड़े नाटकीय उतार-चढ़ाव पर निर्भर रहने के बजाय, इसकी कहानी छोटे लेकिन सच्चे जुड़ाव के पलों में अपनी ताकत तलाशती है-यह याद दिलाते हुए कि खुशियां अक्सर बड़े समाधान में नहीं, बल्कि छोटे-छोटे हिस्सों में मिलती हैं। लेखन की गहराई और कलाकारों की सूक्ष्म अदाकारी के साथ यह जमीनी दृष्टिकोण दर्शकों और समीक्षकों दोनों के दिल को छू गया है। इस जश्न में शामिल होते हुए शो के निर्माता गोल्डी बहल की पत्नी और अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे ने इंस्टाग्राम पर टीम की सराहना की और इस जीत को शो के पीछे लगे दिल और मेहनत का सच्चा प्रतिबिब बताया। अपनी पोस्ट में सोनाली बेंद्रे ने लिखा, गोल्डीबहल और पूरी इत्ती सी खुशी टीम पर बहुत गर्व है। यह अवॉर्ड वाकई शो के पीछे की भावना और मेहनत का जश्न मनाता है। इस जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए, शो में मुख्य किरदार अन्विता निभाने वाली सुम्बुल तौकीर खान ने कहा, इत्ती सी खुशी ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ कही गई कहानी है और यह अवॉर्ड उसी मंशा की पहचान जैसा लगता है। हर अभिनेता, लेखक और तकनीशियन ने इस शो को भावनात्मक सच्चाई के साथ बनाया। सोनी सब, पूरी टीम और उन दर्शकों का मैं आभार व्यक्त करती हूं, जिन्होंने हमारी दुनिया से इतनी गहराई से जुड़ाव महसूस किया।

### श्रद्धा कपूर संग 25 सालों की समृद्ध विरासत का जश्न मना रही बिस्क फार्म

**मुंबई।** स्वदेशी बिस्किट ब्राण्ड्स , बिस्क फार्म बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री- सुपरस्टार श्रद्धा कपूर के साथ हाथ मिलाकर अपनी 25 सालों की समृद्ध विरासत का जश्न मना रहा है। अपने आकर्षण, बहुमुखी व्यक्तित्व और हर उम्र के दर्शकों के साथ मजबूत कनेक्शन के लिए विख्यात श्रद्धा कपूर- ब्राण्ड के मूल्यों की तरह- परम्परा और आधुनिकता का बेहतरीन संयोजन हैं। फिल्म में श्रद्धा कपूर अपने मी टाईम का आनंद उठाती हुई दिखाई देती हैं, जहां वे डांस के घरिए अपने सर्वश्रेष्ठ क्रिएटिव रूप को दिखाती हैं। दुनिया की परवाह किए बिना अपने घेन में खो जाती हैं।

